आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

पुलिस के बल पर किसानों की जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 01 दिसंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 50 www.janexpresslive.com/epaper



अडाणी के लिए कानून अलग: राहुल 12

# लॉक हुए संभल पर मचा दंगल

## संभल जा रहीं सपा विधायक समेत 10 नेता हिरासत में, इकरा हसन को पुलिस ने रोका, रुचि ने कहा, सपा मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख देगी

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित

राज्य मुख्यालय। जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान संभल में भड़की हिंसा धीरे-धीरे शांत हो रही है। हिंसा से पहले वाला समय भी धीरे-धीरे लौट रहा है, मगर ऐसा लगता है कि देश में हो रही राजनीति संभल को संभलने नहीं देना चाहती है। संभल हिंसा की आग में राजनीतिक रोटियां सेकने से राजनेता बाज नहीं आ रहे हैं। प्रदेश में मुख्य विपक्षी समाजवादी दल जहां संभल पीड़ित परिवारों को केंद्र सरकार से एक-एक करोड़ और योगी सरकार से 25-25 लाख रुपये मुआवजे की मांग पर अड़ी है। वहीं योगी सरकार के मंत्री संभल हिंसा को अंजाम देने वालों को सपाई बता रही है। आरोप-प्रत्यारोप के दौरान शनिवार को संभल जाने की तैयारी कर रहे सपा के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया है। जिसके बाद नेताओं के बिगड़े बोल सामने आ रहे हैं।



### पूरा माजरा समझिए

संभल हिंसा के पीड़ितों और मृतकों के परिजनों को सांत्वना देने के लिए समाजवादी पार्टी ने 15 सदस्यीय दल को भेजने का फैसला किया था। संभल रवाना होने से पहले शनिवार सुबह पुलिस ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को उनके घर पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया। जिसके बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव भड़क उठे और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रतिबंध लगाना भाजपा सरकार के शासन, प्रशासन और सरकारी प्रबंधन की नाकामी है। ऐसा प्रतिबंध अगर सरकार उन पर पहले ही लगा देती, जिन्होंने दंगा-फ़साद करवाने का सपना देखा और उन्मादी नारे लगवाए तो संभल में सौहार्द-शांति का वातावरण नहीं बिगड़ता।

### सपा ने चला नया दांव

संभल हिंसा पीड़ितों से मिलने जा रहे सपा प्रति+नधिमंडल को पुलिस ने शनिवार सुबह रोक लिया। कई नेताओं को हाउस अरेस्ट कर दिया गया। इस बीच मुख्य विपक्षी समाजवादी दल ने नया दांव चल दिया है। संभल जाने से रोकने पर पीड़ित परिवारों को 5-5 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है।

### पुलिस ने रास्ते में रोका, थानों पर बैठाया: वीरा

सपा सांसद रुचि वीरा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुआ कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल को रास्ते में रोक लिया। जिन सांसदों, विधायकों और जिलाध्यक्षों को संभल जाना था उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। कई नेताओं को थाने में बैठाए रखा।

### संभल के सभी दंगाई हैं सपाई: ब्रजेश पाठक

संभल हिंसा को लेकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि संभल दंगा को भड़काने वाले सारे लोग सपाई हैं। उनकी मानसिकता सपाई सोच को दर्शाती है। सपा को माफी मांगनी चाहिए। संभल के अपराधी सब समाजवादी पार्टी के लोग हैं। सपा का चाल, चरित्र, चेहरा उजागर हो गया। जो संभल के अपराधी हैं वही समाजवादी हैं।

### सपा के प्रतिनिधिमंडल में ये नेता थे शामिल

सपा प्रतिनिधिमंडल में सपा नेता माता प्रसाद पांडेय, लाल बिहार यादव, श्याम लाल पाल, हरेंद्र मलिक, रुचि वीरा, इकरा हसन, जियाउर्रहमान बर्क, नीरय मौर्य, कमाल अख्तर, रविदास मेहरोत्रा, नवाब इकबाल महमूद, पिंकी सिंह यादव, अली अंसारी, जयवीर सिंह यादव और शिवचरण कश्यप थे।

### आग को भड़काने की कोशिश में जुटी सपा: केशव प्रसाद



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए समाजवादी पार्टी पर करारा हमला बोला था। जिसमें डिप्टी सीएम ने सपा के प्रतिनिधिमंडल को लेकर कहा था कि अखिलेश यादव का संभल में प्रतिनिधि मंडल भेजना मुस्लिमों के लिए हमदर्दी नहीं, बल्कि सपा के पक्ष में वोट बैंक साधने की नौटंकी है। साथ ही संभल हिंसा में बयानबाजी करके आग में घी डालने का प्रयास है। उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की जो करारी हार हुई है, उसे वे भुला नहीं पा रहे। समाजवादी पार्टी का संभल में प्रतिनिधिमंडल वोट बैंक साधने की राजनीति है।

# हाईटेक होगी यूपी विधानसभा
## माननीयों पर रहेगी एआई की नजर

- विधानसभा कार्यों से लेकर विधायक-मंत्री के हर काम का लेखा-जोखा रखेगा एआई
- 1887 से अब तक कौन मंत्री किस मुद्दे पर कितना बोला? एआई सब बताएगा
- यूपी विधानसभा एआई से लैस देश की पहली ऐसी विधानसभा होगी

जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय



देश-दुनिया में तेजी से तकनीक का तेजी से विस्तार हो रहा है। आज तकनीक जीवन के हर हिस्से का जरूरी अंग बन चुका है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश विधानसभा भी हाई टैक की राह पर चल पड़ी है। देश में सबसे खूबसूरत विधानसभा में तब्दील करने के बाद योगी सरकार विधानसभा को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से लैस करने जा रही है।

### विधायकों के हर काम पर रहेगी एआई की नजर

यूपी विधानसभा में एआई के जरिए विधायकों और मंत्रियों का सारा डाटा रखा जाएगा। सदन में उपस्थिति से लेकर माननीयों के कामकाज भी ख्याल रखा जाएगा। एआई तकनीक से शुरुआत का मकसद सत्र के दौरान विधानसभा और विधान मंडल में मंत्रियों और विधायकों की अधिक से अधिक मौजूदगी और सक्रिय भागीदारी को निर्धारण करना है।

### क्लिक करते ही मिलेगी सारी जानकारी

कुछ माह के अंदर डाटा स्टोर करने का सारा काम कर लिया जाएगा। उसके बाद आपको की बर्ड टाइप करना होगा और विधानसभा की सारी जानकारी आपके सामने स्क्रीन पर होगी। जिस सब्जेक्ट की जानकारी चाहिए उसके बारे में विधानसभा की शुरुआत से लेकर अब तक पुराना डाटा सामने आ जाएगा।

### नए रंग-रूप में नजर आएगी विस की वेबसाइट

डिजिटल हो रही यूपी विधानसभा की जल्द की नए क्लेवर में वेसाइट नजर आगएी। जिसमें कई तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे। 1887 से लेकर अबतक के रिकॉर्ड को स्टोर करने के लिए एआई का इस्तेमाल किया जाएगा। बीते करीब 137 वर्ष में विधानसभा के अंदर क्या हुआ? किस नेता ने क्या बयान दिया। उन सभी के रिकॉर्ड को स्टोर किया जाएगा।

### हर गतिविधि पर एआई से नजर: महाना

विधानसभ अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि विधानसभा राज्य की छवि का निर्धारण करती है। जाहिर है यहां जो भी घटनाक्रम होगा उसका असर प्रदेश पर पड़ता है। महाना ने कहा मंत्री-विधायक मुद्दों पर चर्चा करने आते हैं, लेकिन उसके बाद फिर चले जाते हैं। इससे सदन की मर्यादा को ठेस पहुंचती है। आखिर ये सदन प्रदेश के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ही बना है। सदन में कौन-मंत्री कब आया कब गयाज इसका पूरा ख्याल अब एआई रखेगा। मंत्री के बैठने से लेकर बोलने तक उनके चहरे के हाव-भाव भी एआई दिखाएगा।

### मुख्यमंत्री बैठ सकते हैं तो विधायक मंत्री क्यों नहीं

विस अध्यक्ष सतीश महाना ने एमएलए पर कटाक्ष करते हुए अक्सर देखने में आता है कि मंत्री और विधायक सत्र के दौरान सवाल-जवाब देकर आते-जाते रहते हैं। जब सीएम योगी सदन में लगातार लंबे समय तक बैठ सकते हैं तो फिर अन्य मंत्री या विधायक क्यों नहीं? क्या अन्य सदस्य और मंत्री साल में 20 दिन भी विधानसभा में उपस्थित दर्ज नहीं करा सकते।

### सांसद अफजाल अंसारी और छह अन्य को कोर्ट ने किया दोषमुक्त, 24 साल पुराने मामले में हुई सुनवाई

जन एक्सप्रेस। गाजीपुर

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वप्न आनंद की अदालत ने शनिवार को अफजाल अंसारी और छह अन्य को बलवा और सरकारी काम में बाधा डालने के एक पुराने मामले में बाइज्जत बरी कर दिया है। 9 अगस्त 2001 को सपा के प्रदेश बंद कार्यक्रम के दौरान सपा नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। आरोप था कि सपा से मोहम्मदाबाद के तत्कालीन विधायक और वर्तमान गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी चार हजार लोगों के साथ मंडी समिति से जुलूस के साथ तहसील पहुंचे। मोहम्मदाबाद एसडीएम के कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की। तत्कालीन सीओ समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें रोकने का प्रयास किया था, लेकिन प्रदर्शनकारी एसडीएम कार्यालय में घुस गए और हंगामा करते हुए तोड़फोड़ किया था। मोहम्मदाबाद कोतवाली में अफजाल अंसारी सहित कुल नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

# मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में तुलसियानी बिल्डर पर बड़ी कार्रवाई

### तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी की संपत्ति कुर्क

- प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कुर्क संपत्ति की कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये
- मामले में अनिल कुमार तुलसियानी और उनके भाई महेश कुमार तुलसियानी के खिलाफ हजरतगंज में एफआईआर दर्ज की गई थी
- जांच में पता चला कि उन्होंने निवेशकों से करीब 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी की संपत्ति कुर्क की है। इस संपत्ति की कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये है। ईडी सूत्रों के अनुसार, इस मामले में अनिल कुमार तुलसियानी और उनके भाई महेश कुमार तुलसियानी के खिलाफ लखनऊ के हजरतगंज में एफआईआर दर्ज की गई थी। तुलसियानी ग्रुप पर आरोप है कि उन्होंने फ्लैट निर्माण और बिक्री के नाम पर निवेशकों से करोड़ों रुपये ठगे हैं। जांच में पता चला कि उन्होंने निवेशकों से करीब 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### न तो फ्लैट खरीदारों को दिए और न ही बैंक को पैसे लौटाए


एफआईआर में कहा गया कि तुलसियानी कंस्ट्रक्शन ने पंजाब नेशनल बैंक से 4.63 करोड़ रुपये का होम लोन लेकर चार फ्लैट गिरवी रखे। लेकिन न तो फ्लैट खरीदारों को दिए गए और न ही बैंक को पैसे लौटाए हैं।

### कुल जब्त संपत्तियों का मूल्य 5 करोड़ रुपये हो गया

ईडी ने इससे पहले अक्टूबर 2023 में प्रयागराज में 3.06 करोड़ रुपये की पांच संपत्तियां भी कुर्क की थीं। अब इस मामले में कुल जब्त संपत्तियों का मूल्य 5 करोड़ रुपये हो गया है। नवंबर 2022 में लखनऊ पुलिस ने अनिल तुलसियानी को गिरफ्तार किया था। हालांकि, अक्टूबर 2023 में उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। ईडी की कार्रवाई अभी भी जारी है और इसे मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ एक सख्त कदम माना जा रहा है।

### राज्य सूचना आयुक्त ने राज्यपाल को भेंट किया अपना काव्य संग्रह






जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने राजभवन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को अपना पहला काव्य संग्रह वटवृक्ष की छांव भेंट किया।

### कार ने टेंपो में मारी टक्कर, पांच की मौत

जन एक्सप्रेस। श्रावस्ती

यूपी के श्रावस्ती में शनिवार को नेशनल हाईवे-730 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छह लोगों की हालत गंभीर है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घायलों को अस्पताल भेजा। हादसा इकौना थाना क्षेत्र के मोहनीपुर तिराहे पर हुआ। बस्ती जिले के थाना सोरहा अंतर्गत नव्वागांव निवासी विजय चौधरी (32) पुत्र रामअचल अपनी एसयूवी कार यूपी 51 एआर 3569 बनवाने के लिए बहराइच लाया था। जहां से शनिवार को वह वापस लौट रहा था।



# स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के तहत विजेता वार्ड को किया जाएगा सम्मानित

जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट



नगर पंचायत मानिकपुर सरहट द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत चेयरमैन रानी व अधिशासी अधिकारी भारत सिंह ने बताया कि स्वच्छ शौचालय अभियान के तहत निकाय के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सहयोग से पांच दिसम्बर तक स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता कराई जाएगी। जिसमें प्रमुख संकेतक में 1100 अंकों पर मूल्यांकन करते हुए अंक प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन छह दिसंबर को जन जागृति दिवस 2.0 के अवसर पर किया जाएगा। जिसमें स्वच्छ वार्ड को सम्मानित किया जाएगा।

बताया कि वार्डो का मूल्यांकन वार्ड स्तर पर रखरखाव व सुंदरीकरण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्को, बेस्ट टू वंडर पार्क, घाट, शौचालय, स्कूल की सफाई व्यवस्था आदि पर पांच दिसंबर तक मूल्यांकन किया जाएगा। निकाय के अधिकारी, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष व सदस्य सभी वार्डो का भ्रमण करते हुए मूल्यांकन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक निकाय में तीन स्वच्छ वार्डो का चयन किया जाएगा। मूल्यांकन के लिए निर्धारित किए गए 1100 अंक में से वार्ड स्तर पर रखरखाव और संधिकरण पर 200 अंक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के 400 अंक, आईसी अभियान के 100 अंक, जन भागीदारी के 200 अंक, पार्क, वेस्ट टू वंडर पार्क, घाट, शौचालय, होटल, स्कूलों की सफाई एवं सौंदर्यकरण के 100 अंक, वार्डो में शौचालय की नियमित सफाई, ब्रांडिंग एवं सौंदर्यकरण एवं बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता और रजिस्टर में रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए 25-25 अंक निर्धारित किए गए हैं। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में अपने वार्डो को अव्वल लाने में सहयोग करें। इस दौरान नगर पंचायत कार्यालय में चेयर मैन और ईओ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, जीएफसी एवं ओडीएफ , स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के दृष्टिगत उत्कृष्ट कार्य करने वाले समस्त सफाई कर्मचारियों को फूल-माला, प्रशस्ती पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत के सभासद सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अजगर निकलने से हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिण्डारी रेलवे क्रॉसिंग के पास विशालकाय लगभग 8 से 10 फीट का अजगर दिखने से लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगो की भीड़ जमा हो गई। अजगर का मुंह बुरी तरह कुचल गया था। लगता है किसी वाहन के नीचे आने से अजगर का मुंह कुचल गया होगा। अजगर निकलने की सूचना पुलिस व वन विभाग को दी गई। पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को पकड़ बोरे में भरकर जंगल में ले गए। तब जाकर गांव में रह रहे लोगों ने राहत महसूस की। डायल 112 भी मौके पर पहुची। जिसमे राजेश वर्मा, मोहम्मद इशाक, चालक उदय और बहादुर सिंह यादव वन रक्षक, पुष्पेंद्र सिंह के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

## दबंगों ने मां-बेटे के साथ की मारपीट

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** युवकों के बीच हुए विवाद में दो युवकों ने मिलकर मां बेटे के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी चंद्रप्रभा ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव के दो युवक वहां आए और बेटे के साथ गाली, गलौज शुरू कर दी।

# कृषि विभाग व एसओजी ने भारी मात्रा में पकड़ी नकली खाद

जन एक्सप्रेस । उरई





डीएम के आदेश पर जिले में कृषि विभाग व एसओजी ने कई जगह छापेमारी कर भारी मात्रा में खाली बोरियां व बोरी पैक करने वाली मशीन और एक ट्रक नकली खाद बोरी सहित बरामद किए हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग, एसओजी टीम व नदीगांव पुलिस की संयुक्त टीम ने नदीगांव में निखिल खाद बीज भंडार के गोदामों पर छापा मारा, जिसमें बाजार के अंदर एक गोदाम में नकली खाद, भारी मात्रा में खाली बोरियां, बोरी पैक करने वाले मशीन व अन्य सामग्री पकड़ी गई। उधर, मेन रोड वाले गोदाम से एक ट्रक नकली खाद से भरा हुआ। जिसमें लगभग पांच सौ बोरियां बताई जा रही है व गोदाम में अंदर पोटाश व नकली खाद की बोरियां बरामद की हैं। मौके पर पहुंची एसडीएम ज्योति सिंह ने मामले की जांच पड़ताल कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, कृषि अधिकारी पुष्कर सिंह, एसओ नदीगांव दिव्य प्रकाश तिवारी ने पकड़ी गई सामग्री जप्त कर ली और बाजार वाले गोदाम को सील कर दिया। बताया गया कि गोदामों में भारी मात्रा में नकली खाद, डीएपी रेपर लगी बोरियों भर कर तैयार की जा रही थी जो आस आस के क्षेत्रों के आवाला यूपी के बड़े शहरों और मध्यप्रदेश तक सप्लाई की जा रही थी। नदीगांव में हुई खाद की बड़ी कार्रवाई से नदीगांव सहित आस पास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि नकली खाद की सूचना पर छापेमारी की गई है। गोदामों में बड़े पैमाने पर डीएपी नकली खाद बनाकर तैयार की जा रही थी। एक ट्रक नकली खाद जब्त कर मुख्यलय ले जाया जा रहा है। कई लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। मालिक अभी फरार है द्य, जिसकी तलाश की जा रही है। एसडीएम ने कहा कि मामले की गहराई से छानबीन की जाएगी। नकली खाद की सप्लाई करने में संलिप्त दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जाएगा।

# कुएं में मजदूर का शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

जन एक्सप्रेस । जालौन

कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुरा के खेत में स्थित बोरबैल के कुएं में अधेड़ मजदूर का शव बरामद हुआ। कुएं में शव के मिलने की सूचना पर सीओ व कोतवाल ने कुएं से शव को बाहर निकलवाया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर नमूने जुटाए। घटना के बाद पुलिस मौत के कारणों को जानने का प्रयास कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी हरेंद्र पांचाल उर्फ छुट्टन 43 वर्ष पुत्र प्रभूदयाल के माता पिता की काफी समय पूर्व मौत हो चुकी है। हरेंद्र की शादी न होने के चलते वह अकेला ही घर में रहता था। शुक्रवार को गांव के ही किसान धर्मेद्र के खेत में पानी लग रहा था। खेत में बने कुएं के बोरवेल से चिड़िया वर्षा हो रही थी। दिन भर पानी लगाने के बाद जब रात में पानी लगने लगा तो खेत मालिक घर आ गया और हरेंद्र वहीं खेत की मेड़ पर लेट गया। सुबह जब धर्मेद्र खेत पर पहुंचे तो हरेंद्र खेत में नहीं दिखा। जब उसकी तलाश शुरू हुई तो उसका शव कुएं में उतराता दिखा। जिसकी सूचना अन्य किसानों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को बुलाया। जहां उन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव का कुंए से बाहर निकलवाया। पुलिस ने जहां शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। वहीं फोरेंसिक टीम ने भी मौके से नमूने जुटाए हैं।

# दम मदार बेड़ा पार की गूंज से बाबा सुखचैन शाह के उर्स का समापन

जन एक्सप्रेस । उरई



जालौन नगर स्थित तकिया मैदान मे आयोजित हजरत सुखचैन शाह बाबा की दरगाह पर शुक्रवार को दूसरे व शनिवार को तीसरे दिन दम मदार बेड़ा पार की गूंज के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन हो गया। जायरीनों ने दरगाह पर माथा टेका और चादर चढ़ाई और अमन चैन की दुआं मांगी।

बता दे कि जालौन नगर स्थित हजरत सैय्यद सुखचैन शाह बाबा की दरगाह पर 71 वें उर्स में जायरीनों के आने और दरगाह में मत्था चादर चढ़ाने की सिलसिला जारी रहा। जिंदाशाह मदार की दरगाह के सज्जादानशीं मुजीबुल बाकी ने भाईचारे का पैगाम देते हुए कहा कि इंसान उसे कहते हैं जिसके पास इंसानियत है, हाथ पैर तो जानवरों के भी होते हैं। पड़ोसी को तकलीफ हो और हमारा दिल बेचैन हो जाए तो समझो हम इंसान हैं। कहा कि माता-पिता की सेवा जन्नत का रास्ता बनाती है।

इसलिए उन्हें कभी भी तकलीफ मत देना। एक बार पूजा, पाठ, इबादत भूल जाना लेकिन माता-पिता की सेवा करना मत भूलना। इसके बाद हजरत सैय्यद सुखचैन शाह बाबा की चादर व गागर जुलूस निकाला गया। जो ताकिया मैदान, झंडा चौराहा, पानी की टंकी व सब्जी मंडी होकर अस्ताने मुबारक पर चादर पेश की गईं। इससे पहले शायरे इस्लाम मुहाफिज अली ने पढ़ा कि मुकद्दर जगमगाना चाहता हूं, मदीना मैं भी जाना चाहता हूं। शायरे इस्लाम सैय्यद मुजीब जाफरी ने कहा कि दुनिया के साथ दौलते- उकबा लिए हुए, लौटा दरे-रसूल से क्या-क्या लिए हुए, महशर का सामना मैं करूंगा खुदा कसम, अपने नबी का सिर्फ भरोसा लिए हुए। अख्तर रजा सुल्तानी ने कहा कि बड़े लतीफ हैं नाजुक से घर में रहते हैं, मेरे हुजूर मेरी चश्मे-तर में रहते हैं, यकीन वाले कहां से कहां तलक पहुंचे, जो अहले- शक हैं, अगर में मगर में रहते हैं। नौजवान शायर गुलाम जिलानी ने नातिया कलाम से महफिल लूट ली। बादलों में हिलाल आ गया है, क्या नबी का बिलाल आ गया है, रो रहे हैं शबो-रोज आका, उम्मती का खयाल आ गया। काजी-ए-शहर साबिर अली रिफाकती नें आये हुए उलमाये इकराम का इस्तकबाल करते हुए कहा कि आप लोग सुखचैन शाह बाबा के उर्से मे आये है तो उनसे कुछ सीख ले। अंत मे कमेटी के सरपरस्त इम्मन शाह नें कमेटी के पदाधिकारियों की हौसला अफजाई की, और प्रशासन का आभार जताया। इस मौके पर बकील शाह, नईम शाह, शाहिद शाह, गुलफीद शाह, अशफाक बाबा मौजूद रहे।

# अगहन माह के अमावस्या मेले के तहत नो-इण्ट्री के समय व रूट डायवर्जन में हुआ बदलाव

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि आगामी मार्गशीर्ष (अगहन मास) अमावस्या मेला में जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में शनिवार से एक दिसम्बर की मध्यरात्रि तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोड़कर) का कर्वी नगर में प्रवेश एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।

बताया कि इसके बाद भी आम जनमानस को सुगम व सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कर्वी नगर में दो दिसम्बर से 30 दिवस तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोड़कर) का लोढ़वारा मोड़ राजापुर मार्ग में प्रातः 06:00 से रात्रि 09:30 बजे तक, रेहुटिया (रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व) प्रयागराज रोड़ में प्रातः 06:30 से रात्रि 10:00 बजे तक, खोह (पुलिस लाईन तिराहा) मानिकपुर रोड़ में प्रातः 06.30 से रात्रि 10:00 बजे तक, शेषनपुरवा मोड़ सोनेपुर सतना रोड़ में प्रातः 06:30 से रात्रि 10:30 बजे तक, बेड़ी पुलिया (मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा) बांदा रोड में प्रातः 06:30 से रात्रि 11:00 बजे तक, निर्मोही अखाड़ा यूपी एमपी बार्डर से बेड़ी पुलिया तिराहा तक प्रातः 06:30 से रात्रि 11:00 बजे तक प्रवेश एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।

# नर्सिंग पेशा समाज में सेवा-समर्पण का प्रतीक

जन एक्सप्रेस । उरई



राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं को थर्ड लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह मनाया गया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल द्वारा शपथ लेने के इस समारोह ने नर्सिंग पेशे को एक नई दिशा दी। यह समारोह न केवल एक औपचारिकता नहीं थी, बल्कि एक महत्वपूर्ण कदम था। जिसमें नर्सों के लिए एक नैतिक कोड स्थापित किया और उन्हें रोगियों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध किया और फ्लोरेंस नाइटिंगेल के शपथ लेने से नर्सिंग पेशे को सम्मान मिला। इससे पहले नर्सों को अक्सर कम महत्व दिया जाता था, लेकिन इस समारोह ने नर्सिंग को एक सम्मानजनक और आवश्यक पेशे के रूप में स्थापित किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविन्द त्रिवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया, जिसमें मुख्य चकित्षा अधीक्षक जिला अस्पताल मेंटर की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान नर्सिंग के छात्र और छात्राओं को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि प्रोफेसर जसमी मनु और प्रोफेसर रोशनी निरालम ने छात्र व छात्राओं को दीप ज्योति ग्रहण कराकर नर्सिंग पेशे की गरिमा और समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का संचालन कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सह-आचार्य नेहा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा का संक्षिप्त परिचय सह आचार्य सुधा स्वामी ने प्रस्तुत किया। इसके बाद, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रीना कुमारी ने पूरे शैक्षणिक वर्ष की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उप-प्राचार्या डॉ. उमा माहेश्वरी पी. ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के प्रेरणादायक जीवन और उनकी सेवाओं का उल्लेख करते हुए नर्सिंग पेशे की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने कहा, ÷नर्सिंग पेशा न केवल गरिमापूर्ण है, बल्कि यह समाज में सेवा और समर्पण का प्रतीक भी है। राजकीय मेडिकल कॉलेज की नर्सिंग टीम और स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवाभाव से कार्य कर क्षेत्र को नई पहचान दिलाई है। पहले मरीजों को उपचार के लिए झांसी जाना पड़ता था, लेकिन अब स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा आपको अपनी नर्सिंग सेवाओं पर गर्व करने और इस बात का सम्मान करने की आवश्यकता है कि %इस नर्सिंग पेशे की आधिकारिक प्रविष्टि को हमेशा अस्पताल में मरीजों को आपकी देखभाल की याद दिलानी चाहिए।

इस नर्सिंग कॉलेज की संबद्धता से सभी जिलों को नर्सिंग कॉलेज की उपयोगिता मिल गई है। इस नए सत्र का बैच पाने के लिए प्रिंसिपल डॉ. रीना कुमारी और डॉ. उमा महेश्वरी पी को बधाई मुख्य अतिथि श्रीमती रोसिली निरालम प्रिंसिपल सहारा कॉलेज आफ नर्सिंग, लखनऊ ने संबोधन करते हुए कहा कि छात्रों को नर्सिंग के प्रति समर्पित रहना हैं और मरीजो से कम्युनिकेट करके अपनी अहमियत को बढ़ावा दे।

## अमावस्या मेले में आए श्रद्धालुओं के साथ सद्व्यवहार करने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने शनिवार को अगहन मास अमावस्या मेला ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफकर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही मेला क्षेत्र में लगे पुलिस बल की जानकारी दी। ब्रीफिंग में अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर समय से पहुचेंगे तथा किसी प्रकार की लापरवाही न करते हुए सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करें। बताया कि अगहन मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पूरे मेला क्षेत्र को चार जोनों व 14 सेक्टरों में बांटा गया है। जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा चार पुलिस क्षेत्राधिकारी, 10 थाना प्रभारी निरीक्षक, 12 निरीक्षक, 60 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 202 हेड कंस्टबल और कंस्टबल, 45 महिला कंस्टबल, दो उपनिरीक्षक यातायात, आठ हेड कंस्टब्ल और कंस्टबल यातायात, दो पीएससी कंपनी, एक उपनिरीक्षक एलआईयू, चार हेड कंस्टबल और कंस्टलब एलआईयू, दो डॉग स्क्वायड, दो फायर टेण्डर आदि की ड्यूटी लगाई गई है।

# पूर्व छात्रों के समूह ने किया कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा, डीन और फैकल्टी शिक्षकों को सम्मानित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के लोक विज्ञान व प्रौद्योगिकी संस्थान में अध्ययन कर देश विदेश में इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम कर रहे 200 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं के यारियां ग्रुप ने शनिवार को ग्रामोदय विश्वविद्यालय को 5 लाख रुपए प्रदान किया। साथ ही कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को आश्वस्त किया कि वे आगे भी वित्तीय सहयोग प्रदान करेंगे।

इसके साथ ही पथ दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व छात्रों ने सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र-छात्राओं ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा, अधिष्ठाता डॉ आञ्जनेय पांडेय और फैकल्टी शिक्षको को सम्मानित करते हुए उनके द्वारा दी गई सकारात्मक शिक्षा-दीक्षा के लिए धन्यवाद अर्पित किया। इन विद्यार्थियों ने अपने कार्य अनुभव को साझा करते हुए विश्वास दिलाया है कि वे आने वाले समय में यहां के विद्यार्थियों के कैरियर डेवलपमेंट, कौशल विकास और तकनीकी क्षेत्र में मदद करेंगे। समूह ने रोजगार दिग्दर्शन, हेल्थ, एम्प्लॉयंट सपोर्ट की दिशा में सहयोग की बात की। पूर्व छात्र मनीष जायसवाल सेमिनार के मॉर्डेटर रहे। संचालन पूर्व छात्रा श्वेता श्रीवास्तव ने किया।

पूर्व छात्रों का यारियां ग्रुप तीन दिनों के प्रवास पर चित्रकूट आया है। पहले दिन एलुमनी एसोसिएशन की ऑर्गनाइजिंग कमेटी के पदाधिकारियों ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के साथ यूनिवर्सिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम को लेकर विमर्श किया। प्रो मिश्रा ग्रामोदय विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और नवीन संभावनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर सुनील जायसवाल, मनोज मिश्रा, अभिषेक भार्गव, दीपक सूर्यवंशी, सुबोध त्रिपाठी, मनीष जायसवाल, रंजीत बिहारी, श्वेता श्रीवास्तव, निशि सिंह, अमित गोयल, अतीन निगम, रामेंद्र बिसेन विक्रांत सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## मुस्कान हत्याकांड के शेष बचे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान मुस्कान हत्याकांड को लेकर सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

अग्रहरि समाज के अध्यक्ष विदुप अग्रहरि ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह से मुलाकात कर मुस्कान हत्याकांड के खुलासे के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस घटना के शेष बचे सभी अपराधी भी पकड़े जाएं और लूट का पूरा माल बरामद किया जाएं। इन अपराधियों के पकड़े जाने तक घटना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था दी जाएं और घटना क्षेत्र नई दुनिया में पुलिस चौकी स्थापित कराई जाए। इसके अलावा पीड़ित परिवार को शासन से 50 लाख रुपये का मुआवजा दिलवाया जाए। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक क्षेत्रों एवं घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। साथ ही व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराए जाएं।

# आलोक सिंह बनाए गए राजापुर के उपजिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट

नवागंतुक उपजिलाधिकारी आलोक सिंह ने शनिवार को राजापुर तहसील में कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराना ही उनकी प्राथमिकता है।

वर्ष 2023 में प्रशिक्षु उपजिलाधिकारी के रूप में चित्रकूट आएं पीसीएस आलोक सिंह को विगत लोकसभा चुनाव में भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एमसीएमसी, मीडिया सेल एवं सोशल मीडिया सेल की जिम्मेदारी का निर्वहन उन्होंने किया था। इसके अलावा मतदाता जागरूकता अभियान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके बाद अब उन्हें जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा राजापुर उपजिलाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अब तक यहां उपजिलाधिकारी रहे प्रमोद कुमार झा के झांसी तबादले के बाद शनिवार को उन्होंने राजापुर उपजिलाधिकारी का कार्यभार संभालने के बाद कहा कि क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ निर्धारित समयावधि में निस्तारित कराया जाएगा।

सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना समाधान दिवस में आने वाली समस्याओं के गुणवत्तायुक्त निस्तारण के साथ आईजीआरएस एवं जनसुनवाई के मामलों का भी सही तरीके से निस्तारण कराया जाएगा। जिससे फरियादियों को एक ही समस्या के लिए बार-बार अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़े।

# यातायात माह नवंबर-2024 का हुआ समापन, यातायात प्रभारी किये गये सम्मानित

जन एक्सप्रेस । उरई



यातायात माह नवम्बर-2024 के समापन पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार द्वारा यातायात माह नवम्बर में आयोजित किया गया। इस दौरान यातायात से सम्बन्धित कार्यक्रमों (निबंध प्रतियोगिता लेखन/पेन्टिग आदि) में प्रतिभाग लिए स्कूली-बच्चो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इतना ही नहीं बल्कि जिले की यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह द्वारा यातायात माह को सकुशल सम्पन्न कराने व यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बताया गया है कि यातायात माह नवम्बर 2024 में कृत कार्यवाही की गई। कुल चालान- 2265 से कुल 2782800 रु0 समन शुल्क विद आउट हेलमेट-1337 विद आउट सीटबेल्ट-97 तीन सवारी मोटर साइकिल-293 ओवर स्पीड-09 ब्लैक फिल्म 07 अव्यस्क व्यक्ति 11 स्टंट बाइक चालान 07 रॉन्ग साइड 61 मोबाइल फोन से वार्ता पर चालान 29 मादक द्रव्य सेवन कार्यवाही 14 रेड लाइट जंप 32 अन्य 368 इत्यादि कार्यवाही की गयी है। डीएम व एसपी द्वारा कार्यक्रम में मौजूद स्कूली बच्चों व अन्य लोगो को जागरूक करते हुए वाहन का प्रयोग करते समय निम्न सावधानिया बरतने हेतु बताया गया। जैसे रान्ग साईड ड्राइविंग करने से बचे, विहित गति सीमा से अधिक गति से वाहन कभी भी मत चलाये, चार पहिया वाहन चालक एवं बैठी सवारी द्वारा सीट बेल्ट धारण किया जाय, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग न करें।

दो पहिया वाहन चालक तीन सवारी बैठाकर वाहन न चलाये शराब एव नशीले पदार्थ का सेवन करके वाहन न चलाये। नो पार्किंग में वाहन पार्क ना करे, दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट का प्रयोग किया जाए। ठंडी का समय प्रारंभ हो गया है कोहरे के समय वाहन की गति को नियंत्रण में चलाए और जितना हो सके कम सफर करें। एक्प्रेस वे व हाइवे पर गाड़ी पार्क करके ना खड़ी करें आपातकाल की स्थिति में डीपर अवश्य जला कर रखें। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर उमेश कुमार पांडेय व एआरटीओ राजेश कुमार वर्मा तथा साथ में जनपद के समाज सेवी व गुड सेमरिटेन व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

# राजकीय हाई स्कूल अशोह में हुआ कैरियर मेले का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिले के राजकीय हाईस्कूल अशोह में मुख्यमंत्री की विशेष पहल कैरियर मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ जिला नोडल पंख कैरियर कमला साहू एवं ग्राम प्रधान अशोह मंटो देवी ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर व फीता काटकर किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों द्वारा बच्चों द्वारा तैयार की गई पंख डायरी एवं विभिन्न प्रकार के चार्ट मॉडल इत्यादि का अवलोकन किया गया तथा सभी ने छात्रों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। प्रधानाचार्य विश्वनाथ पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये आयोजित मेला कार्यक्रम को मुख्यमंत्री की बहुत ही लाभकरी योजना बताया तथा समस्त छात्र एवं छात्राओं को अनुशासन में रहकर अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया तथा प्रत्येक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन करने का मंत्र भी बताया। बैंकिंग सेक्टर से आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के बैंक मैनेजर भूपेश सिंह द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में कैसे कैरियर बनाएं इस संबंध में बच्चों को विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा इसी क्रम में मेडिकल क्षेत्र से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी के डा सुधीर कुमार एवं डा कमल सिंह द्वारा बच्चों को मेडिकल क्षेत्र में कैरियर बनाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। पूर्व प्रधानाचार्य सुनीता देवी बच्चों को फैशन डिजाइनिंग होम साइंस युटुब आदि में बेहतरीन कैरियर के संबंध में जानकरी दी गयी।



**महाराष्ट्र में 5 दिसंबर को शपथ ग्रहण...**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आए 7 दिन बीत चुके हैं। भाजपा, शिवसेना शिंदे और NCP अजित पवार गुट यानी महायुति ने 288 में से 230 सीटें जीतीं, लेकिन अब तक शपथ पर सस्पेंस बना हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम का पद... पढ़ें पेज 12 पर...

# ऊर्जा मंत्री ने विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लागू की एकमुश्त समाधान योजना

- 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक लागू रहेगी योजना-शर्मा
- एक किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं को सरचार्ज में मिलेगी शतप्रतिशत छूट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत योगी सरकार की कल्याणकारी योजना एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 को लागू करने की घोषणा शनिवार को मऊ जिले में प्रवास के दौरान तमसा नदी के पावन तट पर घाट निर्माण एवं सौंदरीकरण व प्रकाश व्यवस्था कार्यों का उद्घाटन कार्यक्रम में की। योजना के तहत सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को अपने विलंबित भुगतान अधिभार में छूट मिलेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि योजना का लाभ लेने के लिए जल्दी आए और एकमुश्त भुगतान कर अपने बकाया बिलों में ज्यादा छूट का लाभ उठाएं। उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना तीन चरणों में लागू होगी। यह योजना 15 दिसंबर,2024 से 31 जनवरी, 2025 तक अर्थात् कुल 47 दिनों तक लागू रहेगी। योजना का प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कुल 16 दिन, दूसरा चरण 01 जनवरी से 15 जनवरी तक कुल 15 दिन, तीसरा चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी तक कुल 16 दिन रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय 30 सितंबर,2024 तक के विद्युत् बिलों के मूल बकाए का 30 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। उपभोक्ताओं को 30 सितंबर, 2024 तक के बकाया विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ किश्तों में भी भुगतान का विकल्प मिलेगा।उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर,2024 तक योजना के प्रथम चरण में अपने विलंबित बिलों का एकमुश्त भुगतान करने पर उनके सरचार्ज में सर्वाधिक छूट मिलेगा। एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को योजना के प्रथम चरण में विलंबित बिलों के एकमुश्त भुगतान करने पर उनके सरचार्ज में शतप्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। किसानों को उनके निजी नलकूप में 31 मार्च, 2023 तक के उनके बकाए विद्युत बिलों के विलंबित भुगतान अधिभार में छूट का लाभ लेने के लिए 07 मार्च, 2024 से पंजीकरण कराए जा रहे हैं, जिन्हें अभी इस छूट का लाभ मिलता रहेगा। उपभोक्ता अपने नजदीकी विभागीय खंड, उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र के माध्यम से या विभागीय वेबसाइट www.uppcl.org पर लॉगिन कर योजना के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। योजना में पहले चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को शतप्रतिशत तक की छूट मिलेगी। छूट की दर चरणों के अनुसार घटती जाएगी, जिससे पहले पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। इसके बाद उपभोक्ता अपने बकाया बिल का भुगतान एकमुश्त या किश्तों में कर सकते हैं। विलंबित भुगतान अधिभार में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त भुगतान पर प्रथम चरण में 100 प्रतिशत छूट, द्वितीय चरण में 80 प्रतिशत, और तृतीय चरण में 70 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, किश्तों में भुगतान पर प्रथम चरण में छूट क्रमशः 75 प्रतिशत, 65 प्रतिशत और 55 प्रतिशत होगी। वाणिज्यिक, औद्योगिक, और निजी संस्थानों के लिए यह छूट क्रमशः 60 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, और 40 प्रतिशत होगी।

# डॉ. रतन पाल सिंह को बनाया गया डीजी हेल्थ

- बलरामपुर अस्पताल में निदेशक पद की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. पवन कुमार अरुण को महानिदेशक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी
- शुक्रवार रात स्वास्थ्य विभाग में कुछ महत्वपूर्ण पदों पर तबादले किए गए

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



स्वास्थ्य विभाग में कुछ महत्वपूर्ण पदों पर तबादले किए गए हैं। कई चिकित्सा अधिकारियों को प्रोन्नति देकर नई जिम्मेदारी सौंप दी गई है। डॉ. रतन पाल सिंह को डीजी हेल्थ बनाया गया है। शुक्रवार रात को स्वास्थ्य विभाग में हुए तबादलों के क्रम में महानिदेशक ग्रेड के चिकित्साधिकारी डॉ. रतन पाल सिंह सुमन का तबादला कर दिया गया है। उन्हें महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बनाया गया है। मौजूदा समय में डॉ. रतन पाल सिंह महानिदेशक परिवार कल्याण की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इसके साथ ही लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में निदेशक पद की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. पवन कुमार अरुण का महानिदेशक प्रशिक्षण (स्वास्थ्य सेवाएं एवं परिवार कल्याण) के पद पर तबादला कर दिया गया है।

**डॉ. सुशील बनाए गए बलरामपुर अस्पताल के निदेशक**

निदेशक ग्रेड के चिकित्साधिकारी डॉ. सुशील प्रकाश का भी तबादला कर दिया गया है। डॉ. सुशील को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए लखनऊ में बलरामपुर अस्पताल का निदेशक नियुक्त किया गया है। डॉ. सुशील प्रकाश मौजूदा समय में अयोध्या में अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

**डॉ. सुषमा सिंह को महानिदेशक परिवार कल्याण के पद पर नियुक्त किया गया**

महानिदेशक ग्रेड की चिकित्साधिकारी डॉ. सुषमा सिंह को महानिदेशक परिवार कल्याण के पद पर नियुक्त किया गया है। डॉ. सुषमा सिंह अभी तक महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य सेवाएं एवं परिवार कल्याण के पद पर तैनात थीं।

# महाकुम्भ: बेहतर आपदा प्रबंधन के उद्देश्य से रात्रि के समय भी होगा मॉक एक्सरसाइज़

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम सेनि. की अध्यक्षता में आज प्रयागराज में मेला प्राधिकरण के सभागार में महाकुम्भ के दौरान आपदा प्रबंधन की विभिन्न कार्यवाहियों की समीक्षा हेतु होने वाले टेबलटॉप एक्सरसाइज एवं मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों पर विभागों, एजेंसियों के साथ चर्चा हेतु ओरियंटेशन एंड कोऑड्रेशन कांफ्रेंस बैठक आहूत की गई।बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ राजेश द्विवेदी अपर जिलाधिकारी वि/रा प्रयागराज के साथ अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, अग्निशमन विभाग, पुलिस यातायात, संचार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा अन्य विभागों के अधिकारी तथा एनडीआरएफ एसडीआरएफ के साथ भारतीय रेलवे एवं भारतीय सेना के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की कार्यवाही एवं समन्वय ब्रिगेडियर अजय गंगवार वरिष्ठ सलाहकार ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने बताया कि महाकुम्भ-2025 के दौरान बेहतर आपदा प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए इंटीग्रेटेड रिस्पांस की आवश्यकता है। सभी विभाग अपने क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहें हैं और इनकी आपदा प्रबंधन योजनाएं भी तैयार हैं; जरूरत इस बात की है कि सभी का आपस में समन्वय बेहतर हो ताकि किसी भी आपात स्थिति में रिस्पांस समयबद्ध रूप से किया जा सके। इसी उद्देश्य से यूपीएस डीएमए द्वारा इस वर्ष 01 टेबलटॉप एक्सरसाइज़ और 02 मॉक एक्सरसाइज़ आयोजित की जायेंगी।ब्रिगेडियर अजय गंगवारवरिष्ठ सलाहकार ने बताया कि किसी भी आपदा की स्थिति में सभी विभागों की आवश्यकता होती है; उदाहरण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा पान्टून पुल का निर्माण कराया जा रहा है। परन्तु इस पर हुई किसी दुर्घटना में पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य का भी सहयोग लेना पड़ता है। किसी अग्नि दुर्घटना में अग्निशमन विभाग के साथ पुलिस विभाग को भीड़ प्रबंधन के लिए कार्यवाही करनी पड़ती है। हम सब को आपसी सामंजस्य के साथ तैयारी करनी है।

अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष के मॉक एक्सरसाइज़ में नवीन बात यह है कि मॉक एक्सरसाइज़ का एक सत्र रात्रि के समय किया जायेगा, जिससे रात्रि में आपदा के समय सभी विभागों की प्रतिक्रिया को देखा जायेगा। टेबलटॉप एक्सरसाइज़ और मॉक एक्सरसाइज़ माह दिसम्बर, 2024 और जनवरी, 2025 के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जायेगा।

# भगवान बुद्ध के उपदेश विश्व शांति के लिए प्रासंगिक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश शांति का मार्ग अपनाने पर जोर देते हैं, उनके उपदेश आज की तनावभरी जिंदगी तथा विश्व शांति के लिए और अधिक प्रासंगिक है।श्री मौर्य ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री न केवल शांति का संदेश दे रहे हैं बल्कि उसपर अमल भी कर रहे हैं। दुनिया ने युद्ध दिया और भारत ने बुद्ध दिया। जहां तथागत के शिष्य होंगे वहां शांति होगी, विपश्यना होगी। प्रत्येक परिवार में भगवान बुद्ध का एक अनुयायी होना चाहिए। अगर शांति, विकास, रोजगार चाहिए तो बुद्धं शरणं से उत्तम कोई दूसरा मार्ग नहीं है। श्री आज मौर्य लखनऊ की ग्राम पंचायत मवई पड़ियाना स्थित शाक्यमुनि बुद्ध विहार एवं भिक्षु प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित श्रामेरण प्रशिक्षण शिविर एवं धम्म देशना मेडिटेशन के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।श्री मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध, त्याग, तपस्या, सेवा और समर्पण का पर्याय हैं। आज पूरा विश्व महात्मा बुद्ध के विचारों पर चलने की अपील कर रहा है। पूरा संसार भारत को शांतिप्रिय एवं सद्भावना का दूत मानता है। तथागत भगवान बुद्ध के जीवन और दिखाए गए सत्य, अहिंसा, प्रेम व करुणा के मार्ग से विश्व- शांति एवं राष्ट्र- निर्माण की प्रेरणा दुनिया को हमेशा मिलती रहेगी। केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों जैसे सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कौशाम्बी और संकिसा का निरन्तर विकास कर रही है। कौशाम्बी में विपश्यना केन्द्र निर्माण की तैयारी प्रगति के अंतिम चरण में है मठ और स्तूपों के विकास के साथ पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। भगवान बुद्ध ने तीन बातों पर जोर दिया था, जिसमें इच्छाओं का त्याग, क्रोध पर नियंत्रण तथा ज्ञान का विस्तार शामिल है। उनके उपदेशों पर अमल करते हुए जीवन में उतारने की आवश्यकता है।प्रदेश सरकार आम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप हर कदम पर साथ खड़ी है। भगवान बुद्ध के रास्ते पर चलकर दुनिया में शांति स्थापित की जा सकती है। भगवान बुद्ध ने हमेशा अपने संदेशों में शांति का मार्ग अपनाने पर जोर दिया। उनके बताये हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। भगवान बुद्ध से जुड़े महत्वपूर्ण स्थल का प्रचार पूरी दुनिया में किया जा रहा है ताकि विश्वभर के अनुयायी यूपी की ओर आये।उप मुख्यमंत्री ने यहां पर कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य राम चन्द्र प्रधान, भिक्षु नीलरतन सहित भारी संख्या में भारी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## चौधरी चरण सिंह की विचारधारा विश्वव्यापी: त्यागी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**


राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश कार्यसमिति की बैठक प्रदेश कार्यालय पर हुई। राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की विशेष उपस्थिति एवं प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने की अध्यक्षता में आयोजित कार्यसमिति की बैठक का प्रारंभ चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। बैठक में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने पर केन्द्र सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की विचारधारा विश्वव्यापी है। उत्तर प्रदेश में रालोद की मजबूती ही प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी का ध्येय होना चाहिए। रालोद के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता के लिए अनुशासित होना आवश्यक है। बैठक की अध्यक्षता करते हुये प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी करने का आवाहन किया।

विधानसभा चुनाव में बहुत ही कम समय बचा है।

# उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रही है बीजेपी सरकार: अखिलेश

- लीडर अपोजीशन समेत सपा लीडरों को क्यों घरों में किया कैद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतारू है। प्रदेश में अन्याय अत्याचार चरम पर है। भाजपा का लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। उत्तर प्रदेश में आपातकाल जैसी स्थिति है।

सत्ता के इशारे पर पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों नेता विरोधी दल और समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष समेत समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर संभल जा रहे समाजवादी पार्टी के सांसदों विधायकों और जिलाध्यक्ष को उनके घरों में कैद कर देना बेहद निंदनीय है। भाजपा सरकार संभल में उसके द्वारा किए गए अन्याय और अत्याचार को छुपाना चाहती है। यह डरी हुई सरकार है। सच्चाई को सामने नहीं आने देना चाहती है। वह जन आक्रोश से भयभीत है। पुलिस प्रशासन का प्रतिबंध जब सिर्फ संभल जिले में है तो भाजपा सरकार नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पांडेय, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव और समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवं विधायक रविदास मेहरोत्रा को उनके घरों से क्यों नहीं निकलने दिया है। क्या भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में आपातकाल लगा दिया है? नेता विरोधी दल और समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अपने घर से समाजवादी पार्टी के दफ्तर भी नहीं जा सके। जनप्रतिनिधियों को इस तरह से हाउस अरेस्ट करना लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है, भाजपा जब से सत्ता में आई है लोकतंत्र और संविधान को कुचल रही है।

संभल के जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश भा.ना.सु.सं धारा-163 अंतर्गत किसी भी बाहरी व्यक्ति, अन्य सामाजिक संगठन एवं जनप्रतिनिधि के जनपद संभल की सीमा में बिना अनुमति के प्रवेश को 10 दिसंबरतक प्रतिबंधित किया गया है।समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को रोके जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नाराजगी जताई है। समाजवादी पार्टी ने संभल की घटना में मारे गए निर्दोष लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपया आर्थिक मदद देन की घोषणा की है। समाजवादी पार्टी की मांग है कि भाजपा सरकार संभल हिंसा में मृतक आश्रितों को 25-25 लाख रूपये का मुआवजा दे।

राष्ट्रपति और सर्वोच्च न्यायालय के अतिरिक्त अन्य किसी से इंसाफ की उम्मीद नहीं है। देश की एकता और शांति के दुश्मनों को उनकी सही जगह पहुंचाया जाए।

# यूपीएसटीडीसी और गंगा जमुनी फाउंडेशन के बीच एमओयू साइन

- हेरिटेज वॉक पर्यटकों को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का काम करेगा- जयवीर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने गंगा जमुनी फाउंडेशन के साथ कल एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। फाउंडेशन ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित वॉक आयोजित करने के लिए प्रसिद्ध है। समझौते के तहत, प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 के दौरान हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य करोड़ों आगंतुकों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव को समृद्ध करना है। प्रयागराज की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया, एमओयू की शर्तों के तहत यूपीएसटीडीसी और गंगा जमुनी फाउंडेशन मिलकर शोध-आधारित और आकर्षक हेरिटेज वॉक डिजाइन करेंगे। यह वॉक प्रयागराज के प्रमुख ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों, जैसे- संगम, इलाहाबाद किला, अक्षयवट और आनंद भवन आदि के महत्व को बताएगा। इस वॉक के माध्यम से पर्यटकों को शहर की गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।'गंगा जमुनी फाउंडेशन हेरिटेज वॉक के लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करेगा। तथ्यपरक और रोचक कहानियों के लिए गाइड्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बहुभाषी गाइड्स भी उपलब्ध कराए जाएंगे। फाउंडेशन बुकिंग, टिकटिंग और शेड्यूलिंग का प्रबंधन करेगा, ताकि प्रतिभागियों को एक सुखद अनुभव प्राप्त हो। आयोजन के दौरान सुरक्षा, सुविधा और यूपी पर्यटन द्वारा जारी पर्यावरणीय और भीड़ नियंत्रण दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा'। यूपीएसटीडीसी इन यात्राओं को अपने आधिकारिक संचार माध्यमों, जैसे- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और यूपी पर्यटन की वेबसाइटों के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित करेगा।

बुकिंग की सुविधा गंगा जमुनी फाउंडेशन की वेबसाइट से जोड़ी जाएगी।

यह सहयोग महाकुंभ मेला के दौरान यूपीएसटीडीसी और उत्तर प्रदेश पर्यटन के आधिकारिक भागीदार के रूप में गंगा जमुनी फाउंडेशन के लिए ब्रांडिंग के अवसर भी प्रदान करेगा।

## निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी द्वारा माँ शाकुंभरी देवी शक्तिपीठ, जनपद सहारनपुर से संवैधानिक अधिकार यात्रा की शुरुआत की गई है। निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व श्री निषाद ने भूरादेव महाराज और माँ शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ के दर्शन कर देश व प्रदेश की प्रगति व कुशलक्षेम की प्रार्थना और व मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। श्री निषाद ने यात्रा का शुभारंभ करते हुए कहा की निषाद पार्टी की स्थापना देश व प्रदेश के मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए की गई थी। निषाद पार्टी प्रदेश सरकार में सहयोगी पार्टी और जबसे वह मंत्री बने हैं, प्रदेश के मछुआ समाज के हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं, मत्स्य विभाग की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मछुआ समाज को प्रथमकिता से दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकार यात्रा प्रदेश के सभी 18 मण्डल, 200 विधानसभा में जाएगी, तीन चरणों में यात्रा अपने अंतिम पड़ाव नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंदौर स्टेडियम में समापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मछुआ समाज की सभी उपजातियों को एकजुट करने के लिए यात्रा निकाली जा रही है, क्योंकि उत्तर प्रदेश सेंसर मैनुएल 1961 के तहत प्रदेश में मझवार व तुरैहा को अनुसूचितजाति का अधिकार मिलना चाहिए। श्री निषाद ने भारत के संविधान में सूचीबद्ध मझवार और तुरैहा नाम से अंकित अनुसूचित जाति का लाभ निषाद समेत अन्य 17 उपजातियों को नहीं मिल पाने के मुद्दे को अपनी प्राथमिकता मानी।

## राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है, जिसके बिना अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना नहीं की जा सकती है। हमारा उद्देश्य यही है कि खेलेंगे तो खिलेंगे। प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने 68वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विजेताओं को मेडल और ट्राफी देकर सम्मानित कर एवं शुभकामना दी। हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्कूली प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर मिला, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सकुशल सम्पन्न कराया गया। एक तरफ हम सब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ नई शिक्षा नीति को मूर्त रूप देने के लिए तत्पर हैं। इस प्रक्रिया में पाठ्य सहगामी क्रिया-कलापों के अन्तर्गत हमारे खेलों की महती भूमिका होती है जो विद्यार्थियों के समग्र विकास का आधार भी है।स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अंडर-17 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की 05 दिवसीय 68वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 का गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज कुर्सी रोड लखनऊ में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन दिवस पर पदक तालिका में 12 स्वर्ण, 02 रजत और 04 कांस्य पदक के साथ महाराष्ट्र शीर्ष पर, 04 स्वर्ण, 07 रजत और 06 कांस्य के साथ हरियाणा द्वितीय स्थान पर तथा उत्तर प्रदेश 04 स्वर्ण, 03 रजत एवं 03 कांस्य के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह् भेंट कर सम्मानित किया गया।

## प्रदेश में 1.39 लाख करोड़ की लागत से बनेंगे नए हाईवे

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 1.39 लाख करोड़ रुपये की लागत से नए हाईवे बनेंगे। इसके लिए शीघ्र ही विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार होगी। साथ ही महाकुंभ से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग, बाईपास, इनर रिंग रोड और पुल निर्माण के काम भी 25 दिसंबर तक पूरे करने होंगे। ये निर्देश सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए गए। सीएम के सरकारी आवास पर शनिवार को हुई इस बैठक में प्रयागराज महाकुंभ-2025 से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों और सड़क परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश में नई सड़क परियोजनाओं पर चर्चा हुई। बरेली में एनएच 530बी के सुदृढ़ीकरण, प्रतापगढ़ जिले में एक बाईपास, प्रयागराज-दोहरीघाट मार्ग को दो लेन से चारलेन करने, बाराबंकी-जरवल-बहराइच मार्ग (एनएच 927) के निर्माण, कबरई-कानपुर कॉरिडोर के निर्माण के संबंध में डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए।

# पुलिस के बल पर किसानों की जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता लखनऊ विकास प्राधिकरण: मनीष यादव

- भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के तानाशाही रवैया के खिलाफ किसान पंचायत में मुआवजे के बाद कब्जे की मांग को लेकर अधिकारियों पर गरजे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



> किसानों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।
> –सुशील प्रताप सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी प्राधिकरण

भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी के द्वारा मोहान रोड परियोजना फेस एक में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा प्यारेपुर, कलिया खेड़ा के किसानों की जमीन पर प्राधिकरण द्वारा पुलिस के बल पर कब्जा करने की कोशिश व तानाशाही रवैया के खिलाफ किसान पंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित रहे किसानों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से मांग की प्यारेपुर, कलिया खेड़ा के किसानों की पूरी भूमि 2012 में अधिग्रहण की गई थी जिसका कुछ भुगतान 2015 में किसानों को किया गया था। लेकिन पेड़-पौधे, कुआं, टियूबल व कच्चे, पक्के निर्माण का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। बिना भुगतान किए ही प्राधिकरण द्वारा पुलिस बल का प्रयोग कर जबरन किसनों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। जबकि इसे लेकर 22 अक्टूबर 2024 को किसान पंचायत की गई थी जिसमें अधिकारियों को 10 बिंदुओं का ज्ञापन दिया गया था जिस पर प्राधिकरण द्वारा 24 अक्टूबर को लखनऊ विकास प्राधिकरण ऑफिस गोमती नगर में अधिकारियों के साथ सभी बिंदुओं को लेकर चर्चा की गई थी। एक महीना बित जाने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। जबकि पिछले 6 महीने से योजना में किसान रात दिन अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। मोहान रोड योजना में लखनऊ विकास प्राधिकरण के द्वारा बनाए गए कैंप कार्यालय पर 30 नवंबर को महापंचायत होनी थी इससे पहले ही 25 नवंबर को बिना किसी सूचना के प्राधिकरण के अधिकारी व विभाग द्वारा कुछ ठेकेदार पांच जेसीबी व भारी पुलिस बल लेकर कालिया खेड़ा गाँव में किसानों की खड़ी फसल गेहूं, चना, सरसों, बैगन आदि पर बुलडोजर चलाकर किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया गया जिससे किसानों में काफी रोष है और उनकी मांग है कि जब तक उनका पूरा मुआवजा नहीं मिलता है तब तक वह प्राधिकरण को जमीन कब्जा करने नहीं देंगे। पंचायत को संबोधित करने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि बिना किसानों की सहमत लखनऊ विकास प्राधिकरण कालिया खेड़ा व प्यारेपुर की जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता, जरूरत पड़ेगी तो हम लखनऊ में बड़ा आंदोलन करेंगे और इस तरह से प्राधिकरण के अधिकारियों को मनमानी करने नहीं देंगे।

# उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा राज्य प्रायोजित और मौतों के लिए सरकार जिम्मेदार: विजय विद्रोही

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




आज संभल हिंसा के विरुद्ध भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने विकास भवन में धरना दिया बाद में जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाला। जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए भाकपा(माले) राज्य कमेटी सदस्य विजय विद्रोही ने कहा कि यूपी के संभल में हुई हिंसा भारत के धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताने-बाने को नष्ट करने का एक प्रयास है। ज्ञानवापी और अन्य स्थलों पर देखे गए पैटर्न के बाद, संभल में यह दावा करके विवाद पैदा किया गया कि 16 वीं शताब्दी की जामा मस्जिद पहले एक मंदिर थी। पांच दिन पूर्व एक सर्वेक्षण होने के बावजूद, 24 नवंबर 2024 रविवार को सुबह दूसरा सर्वेक्षण शुरू किया गया। यह पूजा स्थल अधिनियम, 1991 का स्पष्ट उल्लंघन है जो प्रत्येक धार्मिक पूजा स्थल की 15 अगस्त 1947 की स्थिति की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि सर्वज्ञात है कि संभल में मनमाने और भड़काऊ सर्वेक्षण के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों पर योगी शासन की क्रूर कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच मुस्लिम युवकों की गोली मार कर हत्या कर दी घटना ऐसे समय में हुई है जब कुछ ही दिन पहले राज्य में हाल के उप-चुनावों के दौरान मुस्लिम मतदाताओं खासकर संभल लोकसभा क्षेत्र की ही एक कुंदरकी विधान सभा में डराने और मताधिकार से वंचित करने के उद्देश्य से भाजपा-पुलिस गठजोड़ द्वारा हिंसक कार्रवाइयों की एक श्रृंखला देखी गई थी।

माले जिला सचिव उदय पटेल ने कहा की संभल हिंसा राज्य प्रायोजित है। इसके लिए योगी सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि सरकार रोटी, रोजगार के क्षेत्र में विफलताओं की छिपाने, सार्वजनिक संपत्तियों बिजली, राज्य परिवहन आदि को निजी कंपनियों के हाथ कौड़ियों में बेचने की नापाक कार्यवाहियों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए बहराइच और संभल कराए जा रहे हैं राष्ट्रपति को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे मृतकों के परिजनों को को न्याय, मुआवजा, सरकारी नौकरी देने तथा, उनकी मौत के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने साम्प्रदायिक हिंसा भड़काने के लिए विष्णु शंकर जैन और भड़काऊ नारे लगाने वाले उकसावेबाजों के खिलाफ कार्रवाई करने दर्जनों निर्दोष मुस्लिमों के खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लिये जाने गिरफ्तार लोगों की रिहाई करने

इस तरह के सुनियोजित हमलो को रोकनेजिम्मेदारों को सजा देने और पूजा स्थल अधिनियम 1991 का कड़ाई से अनुपालन कराने की मांगे शामिल हैं।

# ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सेमरौता की टीम ने मारी बाजी

**जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी**

ग्रामीण स्तर पर खेलो को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को तरासने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।जिससे खेलों को बढ़ावा मिलता है।इसी क्रम में बीएचईएल टाउनशिप के बीटीएस ग्राउंड में इंडोरामा द्वारा संचालित ग्रामीण स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें सेमरौता की टीम ने जीत हासिल की।इस एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सोलह टीमों ने हिस्सा लिया।जिसमें सभी प्रतिभागियों द्वारा अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया गया।प्रतियोगिता में सिंदुरवा, रानीगंज,हरगांव,इन्हौना,सेमरौता,सेमबसी,जियापुरशिवगढ़ जामो आदि टीमों ने हिस्सा लिया।क्वार्टर मैच में जियापुर शिवगढ़ की टीम ने सेमबसी की टीम को शिकस्त दी।उसके बाद इन्होंना एवं हरगांव की टीम में मैच हुआ।सेमी फाइनल मैच में चार टीमों की एंट्री हुई।सेमी फाइनल मैच में सेमरौता एवं रानीगंज ने जीत हासिल कर फाइनल मैच के लिए दावेदारी की।अंततः सेमरौता और रानीगंज की टीमों के बीच फाइनल मैच हुआ।फाइनल मैच में सेमरौता ने जीत अपने नाम दर्ज कर लिया।सभी खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई।बिजई सेमरौता टीम में आदर्श सैनी, इमरान,



अभिषेक शर्मा, राजा, ऋषि, प्रभांशु प्रजापति, शुभम मिश्रा आदि खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

# तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



सलोन दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय सलोन मे आयोजित किया गया जिसमें विकास खंड डीह, छतोह व सलोन के दिव्यांग बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बंग्ला की दृष्टिहीन छात्रा सोनम ने मेरी किस्मत के द्वार खुद खुल जायेंगे जब हम पढ़ेंगे गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रस्साकसी में सलोन प्रथम व डीह छतोह उप विजेतारहेकुर्सी दौड़ में अर्पिता सलोन मुकेश छतोह व साहिल डीह क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। दृष्टिहीन बच्चों द्वारा छूकर पहचान करने में सत्यम सलोन प्रथम व पुष्पा डीह द्वितीय रहीं। अस्थि दिव्यांग बच्चों की 100 मीटर दौड़ में अहम छतोह प्रथम, आदिल सलोन द्वितीय व साहिल डीह तृतीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ में डीह के श्याम प्रथम, आनंद द्वितीय व छतोह के मुकेश तृतीय स्थान प्राप्त किया।

खेल कूद प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका विशेष शिक्षक बृजेश यादव, चंद्र प्रकाश व राकेश सिंह ने निभाई। प्राथमिक विद्यालय बंग्ला के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र मौर्या ने बच्चों का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि एक चुनौती हैइसलिए आप सभी अभिभावक अपने बच्चों कोखेल शिक्षा आदि में समान अवसर प्रदान करें इस मौके पर सुरेंद्र कुमारमहेश मोदनवाल शिवनंदन वर्मा, गौरव शर्मा, नरेंद्र कुमार सिंह, नन्हे यादव, राजेश मिश्रा, तलत जहाँ, राकेश, कंधई, छोटेलाल आदि शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे खंड शिक्षा अधिकारी सुधा कुमारी वर्मा ने सभी बच्चों का हौसला आफजाई करते हुए सभी बच्चों को पुरस्कृत किया विशेष शिक्षक बृजेश यादव ने बताया कि तहसील स्तर पर विजयी बच्चों को 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रतिभाग कराया जायेगा सेवानिवृत्त शिक्षक मोहम्मद इस्माइल ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित की।

## कृषि मंत्री बोले- सपा के धरने को कोई नोटिस नहीं लेता, मिल्कीपुर की जनता खिलाएगी कमल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या पहुंचे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सपा के धरने को कोई नोटिस नहीं लेता है। मिल्कीपुर की जनता इस बार कमल खिलाएगी। यूपी के अयोध्या में शनिवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पहुंचे। उन्होंने संभल जाने से रोकने पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय द्वारा प्रदर्शन पर कहा कि सपा वाले हमेशा धरने पर बैठते रहते हैं। उनके धरने को कोई नोटिस में नहीं लेता है। जहां उनकी इच्छा होती है, वहीं धरने पर बैठ जाते हैं। उनका आईना ही दूसरा है। सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे पर रोक नहीं लगाई है, निचली अदालत की कार्रवाई को रोका है, सर्वे रिपोर्ट को बंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट ने मांगा है, अदालत उसके बारे में फैसला करेगी, सपा को ना तो न्यायपालिका पर भरोसा है ना तो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा है ना चुनाव आयोग पर भरोसा है, ना ही उन्हें राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर भरोसा है।

# हनुमान पावन कथा सुन भक्ति में सराबोर हुआ जनमानस

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आरबीएस इण्टर कॉलेज के प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा के अंतिम दिन हनुमान पावन कथा सुनकर समस्त श्रोतागण भक्ति में सराबोर हो गए।

कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने अरण्य काण्ड की कथा प्रारम्भ किया। श्रीराम कथा के अंतिम दिन पण्डाल में काफी संख्या में श्रोताओं ने कथा का रसपान किया। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने जयंत के मानभंग की कथा सुनाते हुये कहा कि नारद जी के समझाने पर वह भगवान के पास आकर क्षमा मांगी।और भगवान ने उसे क्षमा किया।यहाँ से प्रभु अनुसुइया जी के आश्रम में आये। दोनों अत्यंत प्रसन्न हुये।माता अनुसुइया ने सीता जी को स्त्रीधर्म की बहुत सी बातें सिखलाई। प्रभु आगे बढ़े है और ऋषियों ने प्रभु को अस्थियो के ढेर को दिखाया। जिसे देखकर भगवान ने भुजाये उठाकर प्रतिज्ञा की कि मैं इस धरती को निसिचर हीन करुंगा।कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने



माता शबरी के प्रसंग को सुनाते हुये कहा कि शबरी सम्पूर्ण मानस में धैर्य व प्रतीक्षा की साक्षात प्रतिमूर्ति हैं।और भगवान द्वारा शबरी को दिये गये नवधा भक्ति के उपदेश को सुनाया। ततपश्चात हनुमान जी के माध्यम से सुग्रीव से भेंट हुई है।महाराज जी ने हनुमान जी की पावन कथा सुनाई। जिसे सुनकर सम्पूर्ण जनमानस भक्ति में सराबोर हो गया।हनुमान जी के माध्यम से सीता की खोज हुई।नल नील के सहयोग एवं समस्त वानरों के परिश्रम से समुद्र पार सेतु का निर्माण हुआ।और विभीषण जी की शरणागति हुई तथा लंका के भयानक रणांगण की कथा महाराज जी ने सुनाई। जिससे सभी श्रोता रोमांचित हो गये। भगवान के द्वारा रावण का उद्धार किया गया। विभीषण को लंका का राजपद दिया गया।एवं माता सीता को लेकर लखन सहित पुष्पक विमान से श्रीराम का अयोध्या पुनः आगमन हुआ। सारी अयोध्या भगवान का सवागत कर रही है। पूरी अयोध्या रोशनी से जगमगा रही है। भगवान ने भारत को अपने हाथों से नहलाया। वशिष्ठ जी ने भगवान का राज तिलक किया।सभी ब्राह्मणों ने आशीष दिया।पूरी कथा में भगवान के राजतिलक की बधाइयां गाई जाने लगी। सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रीराम कथा के अंतिम दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष राजेश वर्मा,बिसवां के विधायक निर्मल वर्मा, राजेश शुक्ला, सहित अन्य तमाम अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट किया। और राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे रायबरेली से विजय शंकर अग्निहोत्री

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी के शपथ ग्रहण समारोह में रायबरेली से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी जी के चुनाव में चुनाव एजेंट विजय शंकर अग्निहोत्री जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रशासनिक कार्य देखने वाले निर्मल शुक्ला दोनों लोग अपनी नेता प्रियंका गांधी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए आपको बताते चलें अभी हाल ही में 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री रायबरेली से चुनाव लड़े राहुल गांधी जी के चुनाव एजेंट के रूप में उन्होंने अपनी मेहनत निष्ठा ईमानदारी से कार्य को पूर्ण किया व अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन किया इसी क्रम में जिले में कांग्रेस का प्रशासनिक कार्य देखने वाले निर्मल शुक्ला जी ने भी अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक कार्य को किया रायबरेली जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से महामंत्री अजीत सिंह ने कहा कि हमारे नेता व शीर्ष नेतृत्व ने जो रायबरेली के लोगों का सम्मान किया व सम्मान दिया इसके लिए हम सभी कांग्रेस के लोग और हमारी तरफ से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को हार्दिक बधाई और कृतज्ञता ज्ञापित किया।

## मंत्री जसवंत सिंह बोले- कानून को कोई भी हाथ में लेगा तो होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

यूपी के अयोध्या में शनिवार को औद्योगिक विकास और संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी पहुंचे। उन्होंने संभल मामले पर कहा कि समाजवादी पार्टी का काम जनता को बरगलाना और राजनीतिक रोटियां सेकना है। कानून को कोई भी हाथ में लेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, वह कोई भी हो दंगाई हो या गुंडे। गुंडई करने का अधिकार किसी को नहीं है। प्रदेश की कानून व्यवस्था से जो छेड़छाड़ करेगा उसे सजा भुगतनी होगी। उन्होंने उपचुनाव में धांधली के आरोपों पर कहा कि जनता ने सपा को नकार दिया है। विपक्ष का एक रवैया है, यदि वह चुनाव जीते तो ईवीएम पर नहीं बोलते, चुनाव हारते हैं तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं।

### दर्ज हुई थी गुमशुदगी की शिकायत

# मिठाई कारीगर का कुएं में मिला शव, कारीगर चार दिन से था लापता

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

चार दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए युवक का शव शुक्रवार रात गांव के बाहर कुएं में बरामद हुआ है। मोहनगंज थाना क्षेत्र के पूरे राजा भिलाई कला गांव का मृतक मोनू मोहनगंज में ही एक मिठाई दुकान में काम करता था।वह पच्चीस नवंबर सोमवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। मोहनगंज पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात ग्रामीणों ने गांव के बाहर स्थित एक कुएं में युवक का शव देखा। बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।

और पुलिस को इसकी जानकारी दी गई।सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस मौके पर पहुंची। और शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला। युवक की पहचान मोहनगंज में ही बालाजी स्वीट्स नामक मिठाई की दुकान में काम करने वाले कारीगर मोनू के रूप में हुई है। मृतक युवक का परिवार दिल्ली में रहता है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार पच्चीस नवंबर की रात उन्होंने मोनू के नंबर पर कई बार कॉल किया पर फोन रिसीव नहीं हुआ।इसके बाद परिजनों की ओर से स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी।

तभी से पुलिस युवक की खोजबीन कर रही थी।शुक्रवार को ग्रामीणों ने कुएं में मोनू का शव मिलने की सूचना दी। परिजनों ने पुलिस पर समय रहते कोई कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। इस मामले में मोहनगंज थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया, लापता युवक की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। शुक्रवार रात करीब दस बजे युवक का शव गांव के बाहर कुएं में मिला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।तथा मामले की जांच की जा रही है।

# यातायात माह का हुआ समापन सम्मानित किए गए स्कूली बच्चे

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




एक नवंबर से चल रहे यातायात माह जागरूकता कार्यक्रम का समापन शनिवार को कर दिया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय रायबरेली में पुलिस अधिकारियों ने लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति फिर से जागरूक किया और जागरूकता कार्यक्रम में अच्छे कार्य करने वाले स्कूली बच्चों को सम्मानित किया हर वर्ष एक नवंबर से 30 नवंबर तक यातायात जागरूकता माह का आयोजन किया जाता है।

इन 30 दिनों में ट्रैफिक पुलिस के अलावा प्रशासनिक अफसर व स्कूली बच्चे जगह-जगह वाहन चेकिग कर चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए जान जोखिम में न डालने की सलाह देते हैं पूरे माह यातायात निरीक्षक अजय सिंह तोमर व उनकी टीम ने विभिन्न स्कूलों के अलावा प्रमुख चौराहों व बाजार में जाकर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी साथ ही जगह-जगह वाहन चेकिग करते हुए नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों की गाड़ियों का चालान व सीज भी किया बहरहाल शनिवार को सिविल लाइन चौराहा में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ सिटी/ट्रैफिक अमित सिंह,एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह ने कहा कि यातायात नियम का पालन करने से जान बच सकती है लोग अपंग होने से बच सकते हैं हर दिन देश में लाखों लोग हादसे का शिकार होते हैंइसके पीछे सबसे बड़ी वजह ट्रैफिक नियमों की अनदेखी ही उजागर होती है कम रफ्तार नियमों का पालन ही सुरक्षित जिदगी देता है कार्यक्रम का संबोधन टीआइ अजय सिंह तोमर ने किया उन्होंने भी मौजूद लोगों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया माह भर में जागरूकता के प्रति अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चों को सीओ सिटी व एआरटीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## ग्राम बरियारपुर तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली की शत्रु सम्पत्ति की भूमि की ई-नीलामी के माध्यम से ऑनलाइन बिडिंग आमत्रित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि अभिरक्षक शत्रु सम्पत्ति, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 24 वीं ई-नीलामी के अन्तर्गत ग्राम बरियारपुर, तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली की शत्रु सम्पत्तियों को ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक्स बिडिंग के द्वारा विक्रय किये जाने हेतु '' जैसा है जहां है'', और ''जैसा है जो है'', और ''जो कुछ है'' के आधार पर एम.एस.टी.सी. पोर्टल पर निविदा आमन्त्रण हेतु लोड किया गया है जिसकी ई-नीलामी 03 दिसम्बर 2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रारम्भ होकर सांय 04:00 बजे तक होगी। क्यू आर कोड स्कैन करने पर समस्त नियम एवं शर्ते प्रदर्शित है।



# दशमोत्तर छात्रवृत्ति की कार्यवाही पूर्ण करें, पात्र छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति से न रहें वंचित: सृष्टि अवस्थी

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति की संशोधित समय सारणी जारी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

- विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक निर्धारित

जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बतायाकिशैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत संशोधित समय-सारिणी निर्गत की गई है जिसके अन्तर्गत विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने हेतु 31 दिसम्बर 2024 तक की तिथि निर्धारित की गई है। सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु आनलाइन आवेदन करने की तिथि 11 जनवरी 2025 एवं विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 23 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु आनलाइन आवेदन करने की तिथि 11 जनवरी 2025 एवं विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 23 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र-छात्राओं हेतु आनलाइन आवेदन करने की तिथि 28 मार्च 2025 तथा विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 16 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त विद्यालयों के प्राचार्य/प्रधानाचार्य से कहा है कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु छात्रों को अवगत करायें तथा अपने स्तरसेभीसमयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण करें जिससे कोई भी पात्र छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित न रहें।



**शिक्षा की व्यवस्था करना सबसे पुनीत कार्य**

विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने कहा कि समाज के लिए शिक्षा की व्यवस्था करना सबसे पुनीत कार्य है। वे शनिवार को क्षेत्र के बाल संरचना संस्थान इंटर कॉलेज....

▸ खबर पेज 10 पर...

# रिमझिम इस्पात पर तीसरे दिन भी जारी रही आईटी की रेड





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आयकर विभाग की तीसरे दिन भी रिमझिम इस्पात और उनके सहयोगियों पर कार्यवाही जारी रखी। लोहा स्टील व स्क्रैप का प्रमुख कारोबारी की इस्पात कंपनी समेत उनसे जुड़े 40 से अधिक प्रतिष्ठानों के यहां आयकर की छापेमारी लगातार चल रही है। छापेमारी के दौरान कानपुर उन्नाव हमीरपुर गाजियाबाद नोएडा समेत कई शहरों में कंपनी संचालक के आवास कॉरपोरेट कार्यालय अलग-अलग शहरों में संचालित फैक्ट्रियां भी कार्यवाही की जद में है।

सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की टीम ने रिमझिम इस्पात समूह पर छापेमारी के दौरान आजाद नगर स्थित कॉरपोरेट कार्यालय, निदेशक के तिलक नगर स्थित आवास से लैपटॉप, टैबलेट मोबाइल फोन कंप्यूटर व हार्ड डिस्क को कब्जे में लिया है।

बताया जा रहा है कि इसकी जांच के लिए दिल्ली से एक्सपर्ट की टीम भी बुलाई गई है। उत्तर की क्लोनिंग के लिए दिल्ली से विशेषज्ञ बुलाए गए हैं। ताकि ईमेल मोबाइल फोन की छत का डाटा रिकवर किया जा सके। सूत्रों ने तो यहां तक बताया कि 15 बोगस फर्मों-कंपनियों की जानकारी आयकर विभाग को मिली थी। इन कंपनियों के जो निदेशक है वे या तो चौकीदार, माली या खाना बनाने वाले पाए गए हैं।

मोबाइल फोन की चैट को डिलीट कर दिया गया है। इसके अलावा कारोबार से जुड़े एक दर्जन से अधिक व्यापारियों के ठिकानों पर भी टाइम दो दिन से टिकसा डाले हुए हैं।

अब तक पांच में बड़ी टैक्स चोरी मुखौटा कंपनियों बनाकर वित्तीय हेरा फेरी कर्चे पर्चे पर खरीद फरोक्त करने के साथ मिले हैं।

इसके अलावा प्रदेश व दूसरे राज्यों में संपत्तियों के होने के भी दस्तावेज बरामद हुए हैं।

### लाखों की बरामद नकदी की हो रही जांच

अलग-अलग ठिकानों से छापेमारी के दौरान लाखों रुपए की नकदी बरामद हुई है। जिसका हिसाब किताब आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा कंपनियां के मालिकान से मांगा जा रहा है। कंपनी के मालिक के कानपुर स्थित तिलक नगर आवास के अलावा आजाद नगर में कार्पोरेट कार्यालय, रनिया हमीरपुर के सुमेरपुर में दो व उन्नाव स्थित फैक्टरी पर आयकर टीमों ने छापेमारी की है।

### आयकर विभाग की टीम रात में कर रही छापेमारी

हमीरपुर, उन्नाव में बुधवार देर रात टीमों छापेमारी कर कार्रवाई की है। इसके बाद कार्रवाई का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा करीब वह कारोबार में सहयोगियों के फजलगंज हरबंस मोहाल भूसा टोली सिविल लाइंस एमराल्ड टीपी नगर समेत कई जगह भी शुक्रवार को भी जांच होती रही। करीबी कारोबारी ओके यहां से भी कई दस्तावेजों में कमियां पाई गई है। रिमझिम इस्पात के मालिक योगेश अग्रवाल के प्रतिष्ठानों पर 8 साल पहले सितंबर 2016 में सेंट्रल एक्साइज और डीजीजीआई ने कर छोरी के आरोप में देशव्यापी छापेमारी की थी। तब 23 अरब रुपए के कर चोरी के आरोप लगे थे। 59 दिनों तक जेल में रहने के बाद वह बाहर आए थे। यह भी जानकारी मिल रही है कि कंपनी की सहायक कंपनी नोबेल शुगर लिमिटेड में भी योगेश अग्रवाल निदेशक है। इस कंपनी में योगेश के साथ एक और निर्देशक है। वह देश की बड़ी इंजीनियरिंग कंपनी में भी निदेशक है। कंपनी में निवेशकों की भी भूमिका की जांच की जा रही है।

## आईआईटी कानपुर ने तैयार किया शू वार्मर बूट

■ सियाचिन जैसे जगह पर भी जवान आसानी से सीमाओं की रक्षा कर सकेंगे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



आईआईटी कानपुर में शू वार्मर बूट तैयार किया है। इस बूट के तैयार हो जाने के बाद अब सियाचिन जैसी जगह पर भी भारतीय सैनिक आसानी से सीमाओं की रक्षा कर सकेंगे। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि यह बूट माइनस 20 डिग्री टेंपरेचर पे भी काम करने में सक्षम है। इन बूट को पहनने के बाद भारी बर्फ बारी वाली जगह पर भी जवान आसानी से बॉर्डर की सुरक्षा कर सकेंगे। जवानों को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए आईआईटी कानपुर में शू वार्मर तैयार कर लिया है। इस बूट को पहनने के बाद जवान आसानी से बर्फ के अंदर भी पर रख सकेंगे उनके पैर बर्फ में भी गर्म बने रहे।

सूत्रों के मुताबिक आईआईटी कानपुर के मैडटेक लैब के प्रोफेसर के रामकुमार और उनकी टेक्निकल टीम ने इस शू को तैयार किया है। इसे बनाने में लगभग डेढ़ वर्ष का समय लगा है। प्रोजेक्ट इंपली हिमांशु गुप्ता ने इस बूट को माइनस 20 डिग्री तापमान में भी जवान पहनकर आसानी से खड़े हो जाए तो उनके पैर का ब्लड सर्कुलेशन काम नहीं होगा। क्योंकि बूट अंदर से ही हीट देता रहेगा। यह पूरी तरीके से वाटर प्रूफ है। हिमांशु ने यह भी बताया कि इसका लगभग कम दिवाकर तिवारी ने किया है। इसमे नाइ क्रोम वायर लगाए गए हैं। उनके माध्यम से ही बूट नीचे से हीट करता रहता है। अभी तक जो बूट होते हैं वह बर्फ में ज्यादा गर्माहट नहीं दे पाते हैं। ऐसे में कभी-कभी पैरों का ब्लड सर्कुलेशन भी काम हो जाता है। और पैर की नसें काम करना बंद कर देती है। ऐसे में जब लगातार हीट मिलती रहेगी तो फिर पैर मैं ब्लड सरकुलेशन भी बना रहेगा। इसके अलावा इस वायर को छोटी सी बैटरी से जोड़ा गया है। कुल मिलाकर इस शू वार्मर बूट के आ जान से अब देश की सीमाओं की रक्षा विपरीत परिस्थितियों में भी आसानी से संभव हो सकेगी।

## ईंट से कुचलकर की गई युवक की हत्या के मामले में भाई-बहन को हुई उम्र कैद



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

युवक की ईद से कूंच कर हत्या करने वाले दो सगे भाई व बहन को एडीजे प्रथम की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सदा सुनाई है। मामले में शराब के नशे में दूध दोषियों ने 26 नवंबर 2021 की रात घटना को अंजाम दिया था। घटना के वक्त आसपास के लोगों ने चीख पुकार सुनकर कल्याण को पुलिस को मामले की जानकारी दी थी।

सूत्रों के मुताबिक शारदा नगर कच्ची बस्ती के रहने वाले मोनू ने बताया कि वह वीडियो ग्राफी का काम करता है। 26 नवंबर की रात वह एक शादी समारोह से वीडियो ग्राफी कर घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान मोहित टेंट हाउस विनायकपुर के पास उसे रास्ते में एक शव पड़ा मिला। जानकारी करने पर पता चला कि यह शव राहुल उर्फ अनुज का पास आसपास के लोगों ने बताया कि राहुल धनीराम गौतम, मनीराम गौतम वह बहन मंजू गौतम के साथ रहता था। हत्या की सूचना पर कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद इलाकाई लोगों ने कल्याणपुर पुलिस को तीनों आरोपियों के बारे में बताया कि जखई बाबा मंदिर के पास अवैध रूप से झोपड़पट्टी बनाकर रहते थे। लोगों ने यह भी बताया कि सब एक साथ अक्सर शराब पीकर आपस में झगड़ा किया करते थे। रोजाना किधर है 26 नवंबर को भी राहुल का धनीराम मनीराम व मंजू से झगड़ा हो गया था। इसके बाद तीनों ने उनकी ईद से कूंच कर हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। मामले की सुनवाई के दौरान एडीजे प्रथम राजेश चौधरी की कोर्ट में मामला विचाराधीन था। एडीजीसी प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि अभियोजन के दौरान आठ गवाह कोर्ट में पेश किए गए थे। जिसमें अनिल सिंह वह नरेंद्र सिंह घटना के प्रत्यक्षदर्शी थे। कोर्ट नहीं आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद व 5000 जुर्माना की सजा सुनाई है।

## निर्माणाधीन फैक्टरी में 40 फीट ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पनकी इंडस्ट्रियल एरिया में निर्माणाधीन फैक्टरी में टिन शेड लगाते वक्त करीब 40 फीट ऊंचाई से गिरे मजदूर की शुक्रवार देर शाम अस्पताल में मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने देर रात फैक्टरी के गेट पर शव रखकर हंगामा किया। पनकी क्षेत्र के नहर बस्ती निवासी रिंकू मौर्या (20) गोविंदनगर के आरके गुप्ता की पनकी साइट तीन में निर्माणाधीन फैक्टरी में गुरुवार को टिन शेड लगा रहा था। उसी वक्त 40 फीट ऊपर से वह नीचे आ गिरा। शोर सुनकर दौड़े सहकर्मी रिंकू को नजदीक के निजी अस्पताल में ले गए। सूचना पाकर परिजन भी पहुंच गए। डॉक्टरों की सलाह पर उसे लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार देर शाम उसकी मौत हो गई। इससे आक्रोशित परिजनों ने देर रात मुआवजे की मांग को लेकर फैक्टरी के गेट पर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। इधर रात के समझौते के बाद फैक्टरी से कोई कर्मचारी रिंकू के घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और घर ही शव रख करके हंगामा करने लगे। मृतक के भाई धर्मेंद्र बताया कि रात को समझौता के बाद फैक्टरी मालिक ने सुबह घर आकर मदद की बात कही थी।

## सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर की सुकृति में दिखाई दिया 25 साल का सफर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के सुप्रसिद्ध सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर में वार्षिकोत्सव सुकृति का आयोजन किया गया । इसमें विद्यालय की 25 वर्षों की उत्कृष्टता, समर्पण और एकता की यात्रा और स्कूल की उपलब्धियों के साथ सुनहरी यादों को भी संजोया गया। सनातन मूल्यों के सम्मान का वर्णन करते हुए स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के नृत्य और समूह प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। केजी के छात्र वियान गुप्ता के नृत्य पर उपस्थित दर्शकों ने जोरदार तालिया बजा कर अपना उत्साह प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शेफाली राज, राजीव सोनी, सुरेंद्र धवन, ध्रुव कुमार लोहिया, सुभाष मक्कड़, कुंज बिहारी, विनय अजमानी और प्रधानाचार्या शोभा दास ने उद्घाटन किया। स्पिरिचुअल एंबेसेडर्स ने धार्मिक संदेश देते हुए बच्चों को धर्म के रास्ते पर चलने को कहा। बच्चों ने अफेबल चरेब्स में प्यार स्नेह और मित्रता को प्रदर्शित किया।

सुकृति कार्यक्रम का संचालन ध्रुव गुप्ता और देवांश सिंह ने किया।

## ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर में श्री कल्याणी शंकर स्मृति सेवा समिति द्वारा छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं प्रमुख कुटुम्ब प्रबोधन कानपुर प्रान्त मा0 विनोद दीक्षित ने 22 छात्र-छात्राओं को प्रति छात्र 2000 एवं 05 छात्र-छात्राओं को प्रति छात्र 5000 छात्रवृत्ति के रूप में कुल 69000 प्रदान किये।

मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख कानपुर प्रान्त मा0 विनोद दीक्षित ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि शिक्षा वह है जो जीवन में परिवर्तन लाये। शिक्षा विनम्रता से प्राप्त होती है। शिक्षा के उपरान्त परीक्षा का क्रम आता है एवं इस सबके बाद समीक्षा होती है। आपने जिस समाज में रहते हुए पले और बढ़े शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त उस समाज को क्या दिया; यह महत्वपूर्ण है। आपको सदैव ध्यान रखना चाहिए कि एक असफलता से जीवन समाप्त नहीं हो जाया करता वस्तुतः ईश्वर आपसे कुछ और ही कराना चाहता है। बच्चों, वर्तमान में अधिक से अधिक अध्ययन के अतिरिक्त और कोई दूसरा लक्ष्य आप सबका नहीं होना चाहिए। यदि किसी प्रकार की कोई कठिनाई आती है तो आप अपने माता-पिता गुरुजनों को सूचित करें, जिससे समस्या का निराकरण किया जा सके। किसी भी समस्या से अकेले नहीं जूझना है, उसे अन्य लोगों को अवगत कराना है। कई बार अनेक लोग समस्याओं का सामना करते-करते स्वयं को कमजोर पाते हैं किंतु आपको ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं है, आपको बहुत अच्छे माता-पिता, गुरुजन एवं परिवेश मिला है। बस आप निरंतर प्रयास करें। आपके चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा विद्यमान है, अपने चिंतन को सकारात्मक रखें, निरंतर परिश्रम ही व्यक्ति को सफलता दिलाता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष विभाग संचालक-कानपुर विभाग मा. डॉ. श्यामबाबू गुप्ता ने अपने आशीर्वचन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति बीज रूप में ब्रह्म स्वरूप है। उचित अवसर पाकर कोई भी बच्चा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। बच्चों, वर्तमान में परिस्थितियां पूर्णतः आपके अनुकूल हैं बस आप पूरे मनोयोग से प्रयास करते रहें। आपका या बड़ा सौभाग्य है कि ऐसे सकारात्मक ऊर्जा से संपन्न समय में अध्ययन करते हुए अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। माता-पिता एवं गुरुजनों के आशीर्वाद निश्चित आपको उच्च सफलताएं प्राप्त होंगी। ओंकारेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के संरक्षक डॉ. अंगद सिंह ने श्री कल्याणी शंकर स्मृति सेवा समिति छात्रवृत्ति की आख्या प्रस्तुत की। प्रबंध निदेशक एवं मंत्री कल्याणी शंकर स्मृति सेवा समिति डॉ. पूजा अवस्थी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राममिलन सिंह ने परिचय कराते हुए स्वागत किया। विद्यालय की छात्रा कु. शांभवी वर्मा ने प्रेरणाप्रद गीत जो औरों के हित........की सुमधुर प्रस्तुति दी। विद्यालय छात्रसंसद की उपप्रधानमंत्री कु0 स्तुति द्विवेदी ने मुख्य अतिथि व अन्य महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन कु0 शताक्षी पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर श्री कल्याणी शंकर स्मृति सेवा समिति के कोषाध्यक्ष आर. के. सिंह, डॉ0 गिरीश कुमार मिश्र, डॉ0 मनप्रीत सिंह, डॉ0 महेन्द्र सिंह, भूपति तिवारी, विजयश्री, त्रिभुवन अवस्थी, सुरेश जोशी, डॉ0 ममता तिवारी, शिवानी सिंह, निधिप श्रीवास्तव, वैभव मिश्रा, अभिषेक त्रिपाठी अन्य गणमान्य में उपस्थित रहे।

## हिमालयी हवाएं बढ़ाएंगी ठंड और गिरेगा रात में पारा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

हिमालयी क्षेत्र में हो रही बर्फबारी और बारिश का असर उत्तर-पश्चिमी हवाएं लेकर आएंगी। इससे रात का पारा और गिरेगा और ठंड बढ़ेगी। इसके साथ ही दिन के तापमान में भी कमी आएगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि एक तरफ तो उत्तर-पश्चिमी हवाएं ठंडक लेकर आ रही हैं और दूसरी ओर बंगाल की खाड़ी से चले फेंगल चक्रवात के कारण माहौल में नमी आ रही है। इससे बादल आएंगे जिससे दिन की धूप मद्धम होगी और अधिकतम तापमान नीचे आएगा। शनिवार को वर्ष 2020 के बाद 29-30 नवंबर की रात सबसे सर्द रही है। सीएसए के मौसम विभाग का अनुमान है कि बादल आने और ठंड बढ़ने से धुंध और कोहरा में इजाफा हो सकता है। विभाग के मौसम तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि शनिवार सुबह दृश्यता सामान्य दो किमी की तुलना में छह सौ मीटर रही है। पांच दिनों तक हल्की धुंध और कोहरा के आसार हैं। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान सामान्य औसत से कम हो गए हैं। अधिकतम तापमान सामान्य औसत से 0.4 और न्यूनतम 1.9 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। इसके और कम होने के आसार हैं। इससे ठंडक और बढ़ेगी।

### ठंडक बढ़ेगी

वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि एक और पश्चिमी विक्षोभ आ गया है। यह अभी जम्मू-कश्मीर के पास है। इसके आने से ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबार और बारिश तेज होगी। इसकी वजह से ठंडी हवाएं मैदानी इलाकों के माहौल को और सर्द करेंगी। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। फेंगल चक्रवात का भी हल्का असर कानपुर परिक्षेत्र पर आएगा। इससे बादल आएंगे। इससे धूप में कमी होगी। इससे रात और दिन दोनों के तापमान कम होते जाएंगे और ठंडक बढ़ेगी। इस वक्त वाराणसी और आसपास के स्थानों पर बादल आने लगे हैं। किसानों को सलाह है कि अपने खेतों में सिंचाई कर नमी बनाए रखें।

## विश्वविद्यालय धरना देने पहुंचने से पहले ही पुलिस ने छात्रनेता को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन शनिवार को दलित छात्र के साथ हुए उत्पीड़न के खिलाफ विश्वविद्यालय के छात्र मुख्य द्वार पर धरना देने जा रहे थे तभी पुलिस ने छात्र नेता ईशू यादव व छात्र नेता अभिजीत राय और पीड़ित छात्र सचिन चंद्रा को पुलिस ने विश्वविधालय पहुँचने से पहले ही गिरफ्तार किया, फिर ए सी पी कल्याणपुर अभिषेक पांडे से वार्ता हुई और ज्ञापन सौंपा दिया। एसीपी के द्वारा आश्वासन दिया गया कि 5 दिन के अन्दर कठोर कार्यवाही होगी और पीड़ित छात्र सचिन चंद्रा को जेसीपी से मिलवाएंगे, वहीं छात्रनेता अभिजीत राय व इशू यादव ने कहा कि अगर मुकदमा दर्ज़ कर उचित कार्यवाही नहीं हुई तो विश्वविद्यालय के छात्र वृहद आंदोलन करेंगे सभी छात्रों के अंदर आक्रोश भरा हुआ था। घटना दिनांक 26 अक्टूबर 2024 का है जहां डी सी पी वेस्ट के पी आर ओ निखिल शर्मा ने छात्र सचिन चंद्रा के कमरे में घुसकर उसके और उसके दोस्त के मुंह में पिस्टल डालकर जमकर पिटाई करी थी और अब तक मुकदमा तक दर्ज़ नहीं हुआ था छात्र बहुत परेशान और डरा हुआ है , सैकड़ों छात्र ए सी पी कल्याणपुर के ऑफिस पर मौजूद रहे।

## 2800 के लिए युवक की कैंची से गोदकर की गई हत्या

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





साढ़ थाना क्षेत्र के देवसड़ गांव में मैच 2800 रुपए के लिए युवक ने अपने चचेरे भाई के सीने में कैंची का वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। वही बीच बचाव करने में दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की मां आशा बहू का काम करती है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पत्नी की डिलीवरी हुई थी। इसके बाद से उसका आशा बहू से सहायता राशि ना दिला पाने की बात को लेकर विवाद चल रहा था।

सूत्रों के मुताबिक साढ़ थाना देवसड़ के रहने वाले अवधेश सविता के परिवार में पत्नी राजेश्वरी व तीन बेटे आशु, अमन व कुणाल है। इनका परिवार कई वर्षों से बिधनू कस्बा में मकान बनाकर रह रहा है। राजेश्वरी आशा बहू का काम करती है। अवधेश के बड़े भाई रमेश सविता का भी परिवार गांव में ही रहता है। अवधेश के मुताबिक रमेश के बेटे मनोज की पत्नी ने चार साल के भीतर दो बेटों को जन्म दिया। दोनों का प्रसव राजेश्वरी ने कराया था। उसे समय मनोज ने एक भी रुपए नहीं दिए। उल्टा दो बार डिलीवरी होने के बाद जननी सुरक्षा योजना के तहत मामले वाली धनराशि ना दिलाने की बात कह कर विवाद करने लगा था। शुक्रवार की रात उसने दोनों बेटों 28 वर्षीय आशू व 21 वर्षीय कुणाल घर पर थे। वहां मनोज फिर जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले 2800 रुपए मांगने के दौरान विवाद करने लगा। बेटे ने इसका विरोध किया तो मनोज ने सालों से कैंची लाकर दोनों बेटों पर हमला बोल दिया। कैची कुणाल के पेट और सीने में लगी। आशु के पेट व सिर में गहरे घाव हो गए। परिजन दोनों को भीतरगांव स्थित सीएचसी उपचार के लिए ले गए।

जहां पर कुणाल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर हालत में आशु को कानपुर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। साढ़ थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बंद पॉलिसियों का पैसा रिफंड का झांसा देकर कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर से 5.55 लाख की ठगी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





गीतानगर के श्याम लीला पार्क अपार्टमेंट निवासी अरविंद कुमार से साइबर ठगों ने उनकी व परिवार वालों की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी का पैसा रिफंड करने का झांसा देकर 5.55 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मुंबई के बैंक खाते में पैसा गया है, उन बैंक खातों को फ्रीज कराने की प्रकिया चल रही है। अरविंद कुमार बाराबंकी में रिसर्च कृषि विभाग में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर तैनात हैं। अरविंद के अनुसार, उनकी पत्नी के नाम पर उन्होंने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से आठ पॉलिसियां ली थीं। कोविड काल में चार पॉलिसियों के प्रीमियम जमा न होने से वह बंद हो गईं। बाकी चार का सेटलमेंट एमाउंट जमा किया जा रहा था।

बीते, 24 सितंबर को उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने खुद को मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का अधिकारी बताते हुए अपना नाम मेहता बताया। उसने कहा कि उनकी बंद चार पॉलिसियों में अच्छा खासा पैसा पड़ा हुआ है, जिसमें कुछ कागजी कार्यवाही और औपचारिकता के साथ सरकारी टैक्स जमा करने पर वह पैसा रिलीज हो सकता है। इसके बाद मेहता नामक शख्स ने कंपनी की सह अधिकारी किरन गुप्ता और एडवाइजर राजेंद्र जोशी नाम के व्यक्ति से बात कराई। उन्होंने बताया कि बंद पड़ीं चारों पॉलिसियों में 9.70 लाख रुपये जमा है।

### पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई

जालसाजों ने उन्हें विश्वास में लेने के लिए उनकी बंद पड़ी पॉलिसी के कूटरचित दस्तावेज भी भेज दिए। इसके बाद शातिरों ने रुपये रिलीज करने के लिए कागजी कार्यवाही और एसटीजीसी, एनओसी चार्ज, अतिरिक्त एनओसी चार्ज, फंड चार्ज के नाम पर कई बार में 5.55 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा करा लिए। फिर अपना मोबाइल बंद कर लिया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अरविंद के अनुसार, शातिरों ने जिन बैंक खातों में रुपये मंगाए थे, उसमें बंधन बैंक चेंबूर शाखा भी शामिल है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र–1**

**संख्याः 2024–ए.एम.वी– सी एंड डब्लू–ईनिविदा–32** **दिनांक 28.11.2024**

**विषयः** निविदा प्रपत्र संख्या 2024-ए.एम.वी- सी एंड डबलू-ईनिविदा-32 का शुद्धि पत्र।

**सन्दर्भः** निविदा सूचना संख्या 2024-ए.एम.वी- सी एंड डबलू-ईनिविदा-32 दिनांक 21.11.2024 खुलने की तिथि 16.12.2024

**कार्य का नामः** एल.एच.बी. कोच बोगी कनेक्शन ओपनिंग, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ एयर प्रेशर पाइप्स इन एल.एच.बी. एन्ड हाइब्रिड कोचेस, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ फूटस्टेप ऑफ एल.एच.बी. एन्ड आई.सी.एफ. कोचेज, स्ट्रीपिंग एन्ड फिटमेंट ऑफ स्क्रू कपलिंग अलोंग विथ इट्स कंपोनेंट्स एन्ड सप्लाई एन्ड इंस्टालेशन ऑफ एल.एच.बी. टूल्स।

| S. No. | Clause | Existing Value | Modified Value |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Number | 2024-AMV-C and W-Etender-32 | 2024-AMV-C and W-Etender-34 |

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर upload कर दिया गया है।

3700/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# इस बार खास होगा दिल्ली विधानसभा चुनाव

**दिल्ली का राजनीतिक समीकरण लगातार बदलता रहा है। 1483 वर्ग किलोमीटर की दिल्ली आजादी से पहले तीन सौ से ज्यादा गांवों और मुगल बादशाह शाहजहां के बसाए शाहजहांनाबाद (पुरानी दिल्ली) के लोगों की थी। देश के विभाजन के बाद बड़ी तादाद में पाकिस्तान से हिंदू और सिख शरणार्थी आए। देश की राजधानी होने के चलते बड़ी तादाद में केन्द्र सरकार के कर्मचारी देशभर से आए। उसी तरह बेहतर शिक्षा के लिए देश के पिछड़े राज्यों से विद्यार्थी आए। उत्तराखंड और पड़ोस के राज्यों से पलायान भी तभी शुरू हो गया था।**

*देश में होने वाला हर चुनाव खास ही होता है लेकिन महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के करीब दो महीने बाद होने वाला दिल्ली विधानसभा का चुनाव ज्यादा ही खास होने वाला है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे ने देश और खास कर दिल्ली का राजनीतिक समीकरण काफी बदल दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में भले भाजपा नंबर एक पार्टी बनी और लगातार तीसरी बार केन्द्र में भाजपा की अगुवाई में राजग सरकार बनी लेकिन भाजपा की सीटें कम होने से विपक्षी गठबंधन के हौसले बुलंद हुए। उसके बाद हुए जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव में मान लिया गया था कि भाजपा को जीत नहीं मिलेगी। जम्मू एवं कश्मीर में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर हुआ और हरियाणा में अप्रत्याशित ढंग से भाजपा सारे चुनावी विश्लेषकों के दावों की धज्जियां उड़ा कर पहले से ज्यादा सीटें लेकर सत्ता में आई। सत्ता की दावेदार मानी जा रही कांग्रेस को तो भारी सदमा लगा ही हरियाणा में चमत्कार करने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) को भी भारी झटका लगा। आआपा के संयोजक और सर्वमान्य नेता अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के कई नेताओं को शराब घोटाले के आरोप में जेल जाना पड़ा और वे काफी प्रयास करके सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर बाहर आ पाए। कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाली पार्टी के सामने अपने वजूद को बचाने की चुनौती है। यह चुनौती इसलिए भी बढ़ गई है कि हरियाणा के मूल निवासी केजरीवाल यहां अपनी पार्टी के किसी उम्मीदवार को जीत दिलाना तो दूर पार्टी को दो फीसदी वोट भी नहीं दिलवा पाए। दिल्ली पर जिन राज्यों का सर्वाधिक प्रभाव है उसमें एक हरियाणा है। वहां भाजपा के तीसरी बार सरकार बनने के मायने गंभीर हैं। इससे दिल्ली में कांग्रेस की उपस्थिति की उम्मीद पर पानी फिरता दिख रहा है, आआपा को भी 2015 और 2020 के नतीजे दुहराने के लिए कठिन मेहनत करनी होगी। भाजपा दिल्ली की लोक सभा की सभी सीटें लगातार तीसरी बार जीत गई। भले केजरीवाल के मुकाबले उसके पास स्थानीय स्तर पर कोई दमदार नाम न हो लेकिन माहौल भाजपा के अभी खिलाफ भी नहीं लग रहा है। लगातार दो बार दिल्ली विधान सभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने वाली आआपा ने दिल्ली के बाद पंजाब और दिल्ली नगर निगम चुनाव जीतने के बाद न केवल राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाया बल्कि अपने को भाजपा के वैकल्पिक दलों में शामिल करवा लिया। पिछले तीन सालों में आआपा के कट्टर ईमानदार होने के दावे को शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोपों से भारी नुकसान पहुंचा है। केजरीवाल समेत आआपा के सभी नेता केन्द्र की भाजपा सरकार पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों से प्रताड़ित कराने का आरोप लगाते रहे हैं। इसे उन्होंने लोक सभा से लेकर हरियाणा विधान सभा चुनाव में मुद्दा बनाया। इसका लाभ उन्हें दोनों चुनावों में नहीं मिला। जेल से बाहर आकर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़ कर अपने सहयोगी आतिशी को मुख्यमंत्री बनाया। वे फिर से दिल्ली जीतने की रणनीति में जुट गए हैं। हरियाणा के चुनाव से पहले जो वातावरण बना था, उसे हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों ने बदल दिया। इस मई में हुए लोक सभा चुनाव में भाजपा की सीटें कम आई। भले उसकी केन्द्र में सरकार बन गई लेकिन भाजपा नेताओं के हौसले पस्त दिखने लगे थे। उसी तरह दिल्ली में कोई सीट न जीतने के बावजूद कांग्रेस और आआपा के हौसले बढ़ गए थे।*

### एक्सप्रेस आलेख

**कैंसर अनुसंधान के क्षेत्र में हाल की बड़ी उपलब्धि है डॉक्टर पाल नर्से का कोशिका चक्र का सिद्धांत जिसके लिए उन्हें सन 2001 में चिकित्सा विज्ञान का सौवा नोबेल पुरस्कार भी मिला। इस सिद्धांत ने कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में नई उम्मीदे जगाई है। डॉक्टर नर्से ने अपने सिद्धांत में कोशीकाओ की वृद्धि से लेकर अंतिम अवस्था तक पहुंचने तक पूरी प्रक्रिया को चरणबद्ध किया है। इस जानकारी के बाद अब कोशिकाओं की वृद्धि को एक खास चरण में रोकने की कोशिश की जाएगी। माना जा रहा है कि इस तरीके से कैंसर के रोगी में कोशिकाओं की वृद्धि को दवाओ के जरिए एक हद तक रोका जा सकेगा।**

# कैंसर का इलाज मेडिकल साइंस से ही संभव



डॉ ओमप्रकाश मिश्र

**ऐसी बात ना करें जिसे आम आदमी दिग्भ्रमित हो जाए और उसे सच मान ले। क्योंकि सेलिब्रिटी की बातों को लोग काफी गंभीरता से लेते हैं और उसी के अनुरूप व्यवहार भी करने लगते हैं । मेरा यहां यह सब कुछ कहने का मतलब यह कतई नहीं है कि सिद्धू जी ने जो कहा वह गलत है या वह झूठ है।**

आज हम बात करेंगे कैंसर के बारे में। उस कैंसर के बारे में जिसकी चर्चा पिछले दिनों नवजोत सिंह सिद्धू जी ने की थी। और बताया था कि किस तरह उनकी पत्नी ब्रेस्ट कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से हल्दी, नीम की पत्ती वगैरह वगैरह खाकर ठीक हो गई। उनकी इस बात पर विश्वास न करने का तो कोई कारण है ही नहीं और फिर वे तो सेलिब्रिटी है, क्रिकेटर रह चुके हैं और राजनेता भी। उन्होंने अपनी पत्नी का अगर बीमारी की रिकवरी का भावुक वीडियो बनाकर पेश किया है तो जाहिर सी बात है उसमें कुछ सच्चाई तो होगी ही। लेकिन जहां मेडिकल साइंस की सांस फूल रही हो वहां क्या चीनी तथा कुछ डेरी प्रोडक्ट छोड़कर और परहेज कर कैंसर से लड़ा जा सकता है मैं तो कहूंगा बिल्कुल नहीं । मुझे इस समय योग गुरु बाबा रामदेव की उस घोषणा की याद आ रही है जिसमें उन्होंने कहा था कि कोरोनिल से कोरोना गारंटी के साथ ठीक किया जा सकता है। अपनी गारंटी में उन्होंने अपने साथ कोरोनिल को लॉन्च करते समय भारत सरकार के दो मंत्रियों को भी अपने साथ बैठाया था और उनसे हामी भी भराई थी। लेकिन बाद में क्या हुआ सबको पता है। वैसे मैं पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू की बात का पूरी शिद्दत से विरोध तो नहीं करता क्योंकि चीनी यानी शक्कर अर्थात शुगर कैंसर के बढ़ने में यकीनन बहुत अहम भूमिका निभाती है। लेकिन यह सारी बातें थर्ड या फोर्थ स्टेज के लिए नहीं संभव है। शुरुआती पीरियड में हल्दी, चीनी, नीम की पत्ती तथा डेयरी प्रॉडक्ट्स को हासिये पर डालकर हम कैंसर की डेवलपिंग पोजीशन पर ब्रेक लगा सकते हैं। शायद सिद्धू जी ने इन्हीं बयानों को ध्यान में रखकर पिछले दिनों कैंसर के लिए मशहूर मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के 262 कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने एक संयुक्त बयान जारी करके बताया है कि जिस इलाज की सत्यता की जांच नहीं की जा सकती उसे अपनाने के बजाय लोगों को इस तरीके का इस्तेमाल करना चाहिए जो जांचा परखा है। यानी यदि कैंसर शुरू में ही डिटेक्ट हो जाए तो सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी और कीमोथेरेपी के जरिए कैंसर को ठीक किया जा सकता है। इस तरह का बयान देकर एक तरह से डॉक्टर ने आम आदमी को सचेत करने का काम किया है। अब आइए सबसे पहले जान ले की कैंसर क्या है। कैंसर दरअसल कुछ अधूरी



**मेरा कहने का तात्पर्य केवल इतना है कि न केवल कैंसर बल्कि किसी भी गंभीर बीमारी के लिए प्रमाणिक तथा साइंटिफिक बातों पर भरोसा करें ।जादू- टोना, भूत- प्रेत यह सब कुछ ढकोसला है इसके सिवा कुछ नहीं।**

कोशिकाओं का समूह है जो शरीर में कहीं भी बनकर बढ़ता है। इसकी शुरुआत एक सामान्य कोशिका से होती है जो किन्हीं मेटाबॉलिक कारणो से अचानक ही असंयमित व्यवहार करने लगती हैं। असामान्य तेजी से विभाजित होकर अपने जैसी बीमार कोशिकाएं बनाने वाली इस कोशिका से कैंसर का ट्यूमर बनने में बरसों कई बार तो दशकों का समय लगता है। जब ऐसी कम से कम एक अरब कोशिकाएं इकट्ठा होती हैं तभी वह ट्यूमर पहचानने लायक आकार में आता है। एक समान्य सी लगने वाली कोशिका अपने विकास के किसी दौर में अचानक दिशाहीन क्यों हो जाती है इस रहस्य को समझने में वैज्ञानिकों को वर्षों लग गए। दरअसल हर कोशिका में निर्धारित संख्या में जीन होते हैं जो इसकी हर गतिविधि को निर्देशित करते हैं। इन्हीं में से कुछ यह तय करते हैं की कोशिका कब विभाजित हो और कब ना हो। इन्हें ओन्कोजीन और ट्यूमर सप्रेसर जीन कहते हैं। जब इन जीनो की बनावट में कोई गड़बड़ी आती है तो इनसे कोशिका को उल्टे-पल्ट निर्देश मिलने लगते हैं और उसी के अनुसार कोशिका में अनियमित और अनियंत्रित विभाजन शुरू हो जाता है । हाल ही में बीसी- 10 नाम का एक जीन खोजा गया है जो मूल रूप से एक पहरेदार होता है और कोशिका के जरा बहकते ही उसे नष्ट कर देता है। लेकिन जब इसी जीन में गड़बड़ी आ जाती है तो वह कोशिका लक्ष्यहीन हो जाती है। वास्तव में हर आदमी के जीवन क्रम में साधारण कैंसर के लाखों बेहद छोटे-छोटे ट्यूमर बनते रहते हैं और एपॉप्टोसिस के जरिए खत्म भी होते रहते हैं। लेकिन कभी कभार एकाध रोगी कोशिका अपने में कुछ बदलाव लाकर आत्महत्या कि इस प्रक्रिया से बच निकलने का रास्ता खोज लेती है और अपने जैसी असामान्य कोशिकाएं बनाना शुरू कर देती है। जो आखिर कैंसर के रूप में हमारे सामने आती है। यानी इस मौके पर जिंदगी और मौत के तराजू में कैंसर की कोशिका की जिंदगी का पलड़ा ज्यादा भारी होता है। शरीर को कोशिका के भीतर मौजूद अणुओ के स्तर तक जाने के बाद भी कैंसर की घटना वैज्ञानिकों के लिए अबूझ पहेली है। कैंसर अनुसंधान के क्षेत्र में हाल की बड़ी उपलब्धि है डॉक्टर पाल नर्से का कोशिका चक्र का सिद्धांत जिसके लिए उन्हें सन 2001 में चिकित्सा विज्ञान का सौवा नोबेल पुरस्कार भी मिला। इस सिद्धांत ने कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में नई उम्मीदे जगाई है। डॉक्टर नर्से ने अपने सिद्धांत में कोशीकाओ की वृद्धि से लेकर अंतिम अवस्था तक पहुंचने तक पूरी प्रक्रिया को चरणबद्ध किया है। इस जानकारी के बाद अब कोशिकाओं की वृद्धि को एक खास चरण में रोकने की कोशिश की जाएगी। माना जा रहा है कि इस तरीके से कैंसर के रोगी में कोशिकाओं की वृद्धि को दवाओ के जरिए एक हद तक रोका जा सकेगा। अब हम पुनः आते हैं सिद्धू जी की बात पर और बताते हैं कि कैंसर एक बहुत ही गंभीर और जानलेवा बीमारी है। इसका इलाज सिर्फ खाने पीने की चीजों से परहेज करके या जीवन शैली में बदलाव करके नहीं किया जा सकता। हां इतना जरूर है यह चीजे ट्रीटमेंट को सपोर्ट अवश्य कर सकती हैं । हम सब जानते हैं कि स्टेज 4 कैंसर रोग की अंतिम अवस्था है इसमें कैंसर कई अंगों तक फैल चुका होता है। ऐसे में समय रहते इलाज की जरूरत होती है जिसमें प्रमुख है सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी तथा इम्यूनोथेरेपी। इन उपायों से न केवल कैंसर पर रोक लग सकती है बल्कि रोग ठीक भी हो सकता है।

### एक्सप्रेस कविता

*सर्द हवाओं की बरसात में, ऐसी ही एक बेहद ठंडी रात में, गरीब बेसहारा मां की गोद में सोया था बच्चा गहरी नींद में, ठिठुरन वाली हवाओं ने जोर पकड़ा सर्दी की ओट में, बच्चे को ठंड ने जकड़ा, बच्चा ठंड से हड़बड़ा कर जागा, मा ने सोचा बच्चा कितना है अभागा, ओढ़ने को कुछ नहीं बिछाने की बात तो दूर, तब ही मां ने ठंड से जागते बच्चे को बंद चाय की दुकान में पड़े चलती ट्रेन में भीषण आग, पैसों की गर्मी से ओतप्रोत युवक द्वारा नशे में मारपीट, दंगाइयों द्वारा मकानों में आग वाले शीर्षक वाले अखबार के पेज से ठंड से बचने के लिए अच्छे से ढका, मां की ममता की गोद में गर्म खबरों के अखबार की गर्मी से बालक को मिली राहत। बच्चे ने मासूमियत से पूछा मां जिन बच्चों के पास ओढ़ने को अखबार भी नहीं होते।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**गलती सिर्फ एक पल की ही होती है, परंतु उससे होने वाले प्रभाव को हम सारा जीवन महसूस करते हैं**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अमावस्या 11:48 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 14:14 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | सुकर्माण, 16:27 |
| सूर्योदयः | 07:00 |
| सूर्यास्तः | 17:19 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 16:01-17:19 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:49-12:30 |

## जन एक्सप्रेस

### अत्याचार जारी है !

*जो हैं असुरक्षित ।*
*हो उनका उपाय ।।*
*संकट की इस घड़ी में ।*
*कब बनना सहाय ?*
*अत्याचार जारी है ।*
*मन हो रहा खिन्न ।।*
*बर्बरता का अनवरत ।*
*दौड़ रहा है जिन्न ।।*
*संकट में अधिकार ।*
*घड़ी ऐसी आई ।।*
*बिछड़ रहे अपनों से ।*
*हो रही जुदाई ।।*
*दर्दनाक तस्वीरें ।*
*पल पल है प्रहार ।।*
*है नई सरकार पर ।*
*बस केवल धिक्कार ।।*




- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में डैंड्रफ का आसान इलाज है चुकंदर हेयर मास्क, स्कैल्प भी होगा हेल्दी

**सर्दियों** के मौसम में बालों की देखभाल बहुत जरूरी है, इस समय बालों में नमी की कमी, ड्राईनेस और डैंड्रफ जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। यूं तो बाजार में कई तरह के केमिकल भरे हेयर केयर प्रोडक्ट्स हैं जिनमें ये दावा किया जाता है कि बाल हेल्दी हो जाएंगे और डैंड्रफ से भी छुटकारा मिलेगा। लेकिन असल में कई बार केमिकल्स के कारण बालों की क्वालिटी और ज्यादा खराब हो जाती है। ऐसे में प्राकृतिक उपायों का सहारा लेना न केवल बालों को पोषण देता है, बल्कि डैंड्रफ की समस्या को भी दूर करने में मदद करता है।

**डैंड्रफ हटाने के लिए चुंकदर से बनाएं हेयर मास्कः** इस हेयर मास्क को बनाने के लिए 1 चम्मच चुकंदर का पेस्ट, 1 छोटा चम्मच प्याज का रस, 2 बड़े चम्मच दही और 1-2 चम्मच नारियल तेल चाहिए होगा। दही और नारियल तेल को चुकंदर और प्याज के रस में मिलाकर अच्छे से स्मूद पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को बालों की जड़ों और पूरे बालों में लगाएं। खास ध्यान रखें कि मास्क स्कैल्प तक अच्छे से पहुंचे। इसे 30 मिनट से 1 घंटे तक बालों में रहने दें। फिर, बालों को अच्छे से शैंपू से धो लें। चुकंदर और प्याज का



रस स्कैल्प पर मौजूद डैंड्रफ को दूर करने में मदद करता है। नारियल तेल और दही की नमी स्कैल्प को हाइड्रेट करती है। प्याज और चुकंदर के रस में सल्फर और पोषक तत्व होते हैं जो बालों की जड़ों को मजबूत करते हैं। यह बालों के झड़ने की समस्या को कम करता है। इस हेयर मास्क में मौजूद प्राकृतिक तत्व स्कैल्प को साफ और हेल्दी बनाए रखते हैं। दही और नारियल तेल बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाते हैं। इस मास्क के नियमित उपयोग से बालों में चमक आती है और वे मजबूत होते हैं।

**चुकंदरः** चुकंदर में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो बालों को पोषण देते हैं। यह स्कैल्प को हाइड्रेट करता है, डैंड्रफ को कम करने में मदद करता है और बालों को मजबूत बनाता है। चुकंदर का रस बालों के झड़ने को कम करता है और इससे बालों को एक नेचुरल कलर भी मिलता है।

**प्याजः** प्याज में सल्फर तत्व होता है, जो बालों के विकास में मदद करता है है। प्याज के रस से बालों की जड़ों को मजबूती मिलती है। प्याज के एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण डैंड्रफ को कम करते हैं और स्कैल्प को साफ करते हैं। यह बालों के झड़ने को भी कंट्रोल करता है।

**दहीः** दही में लैक्टिक एसिड और प्रोटीन होते हैं, जो स्कैल्प को हाइड्रेट करते हैं और बालों को सॉफ्ट बनाते हैं। यह बालों के झड़ने को रोकने और स्कैल्प को हेल्दी बनाने में सहायक होता है। दही के प्राकृतिक तत्व डैंड्रफ को कम करने में मदद करते हैं और बालों को शाइनी और सॉफ्ट बनाते हैं।

**नारियल तेलः** नारियल तेल एक बेहतरीन मॉइश्चराइजर है जो बालों को नमी और पोषण प्रदान करता है। इसके एंटीफंगल गुण स्कैल्प से संक्रमण और डैंड्रफ को दूर करते हैं। नारियल तेल बालों को मजबूत करता है और बालों के टूटने को कम करता है। यह बालों की जड़ों को पोषण देने और शाइन बनाए रखने के लिए परफेक्ट है।

### एक्सप्रेस विशेष

# भारतीय आर्थिक दर्शन एवं प्राचीन भारत में आर्थिक विकास



प्रहलाद सबनानी

**भारत के ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक बहुत सम्पन्न हुआ करते थे। कृषि उत्पादकता की दृष्टि से भी भारत का पूरे विश्व में डंका बजता था तथा खाद्य सामग्री एवं कपड़े आदि उत्पादों का निर्यात भारत से पूरे विश्व को होता था। भारत के नागरिकों में देश प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी रहती थी।**

**प्राचीन काल में भारत में भव्यता के स्थान पर दिव्यता को अधिक महत्व दिया जाता रहा है। भव्यता का प्रयोग सामान्यतः स्वयं के विकास के लिए किया जाता है। जबकि दिव्यता का उपयोग समाज के विकास में आपकी भूमिका को आंकने के पश्चात किया जाता है। भव्यता दिखावा है, भव्यता प्रदर्शन है, अतः केवल भव्यता के कारण किसी का जीवन ऊंचाईयों को नहीं छू सकता है।**

**भारत** में वेदों, पुराणों एवं शास्त्रों में यह कहा गया है कि मानव जीवन हमें मोक्ष प्राप्त करने के लिए प्राप्त हुआ है। मोक्ष प्राप्ति के लिए अच्छे कर्मों का करना आवश्यक है। अच्छे कर्म अर्थात हमारे किसी कार्य से किसी पशु-पक्षी, जीव-जंतु को कोई दुःख नहीं पहुंचे एवं सर्व समाज की भलाई के कार्य करते रहें। अर्थात, इस धरा पर निवास करने वाले प्रत्येक प्राणी का कल्याण हो, मंगल हो। ऐसी कामना भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में की जाती है। इसी प्रकार, धर्म के महत्व को स्वीकार करते हुए कौटिल्य के अर्थशास्त्र, नारद की नारद स्मृति और याग्वल्य की याग्वल्य स्मृति में कहा गया है कि 'अर्थशास्त्रास्तु बलवत धर्मशास्त्र नीतिस्थिति'। अर्थात, यदि अर्थशास्त्र के सिद्धांत एवं नैतिकता के सिद्धांत के बीच कभी विवाद उत्पन्न हो जाए तो दोनों में से किसे चुनना चाहिए। कौटिल्य, नारद एवं याग्वल्य कहते हैं कि अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की तुलना में यानी केवल पैसा कमाने के सिद्धांतों की तुलना में हमको धर्मशास्त्र के सिद्धांत अर्थात नैतिकता, संयम, जिससे समाज का भला होता हो, उसको चुनना चाहिए। कुल मिलाकर अर्थतंत्र धर्म के आधार पर चलना चाहिए। गुनार मृडल जिनको नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था एवं जिनकी 'एशियन ड्रामा' नामक पुस्तक बहुत मशहूर हुई थी। उन्होंने एक और छोटी किताब लिखी है जिसका नाम है 'अगेन्स्ट द स्ट्रीम'। इस किताब में उन्होंने अर्थशास्त्र को एक नैतिक विज्ञान बताया है। कुछ वर्ष पूर्व अखबारों में एक खबर छपी थी कि विश्व बैंक ने यह जानने के लिए एक अधय्यन प्रारम्भ किया है कि विकास में आध्यात्म की कितनी भूमिका है। इसी प्रकार दुनिया में यह जानने का प्रयास भी किया जा रहा है कि दरिद्रता मिटाने में धर्म की क्या भूमिका हो सकती है। प्राचीन भारत के वेद-पुराणों में धन अर्जित करने को बुरा नहीं माना गया है। प्राचीन काल में वेदों का एक भाष्यकार हुआ, जिसका नाम यासक था। यासक ने 'निघंटू' नामक ग्रंथ में धन के 28 समानार्थ शब्द बताए हैं और प्रत्येक शब्द का अलग-अलग अर्थ है। दुनिया की किसी पुस्तक अथवा किसी अर्थशास्त्र की किताब में धन के 28 समानार्थ शब्द नहीं मिलते हैं। भारत के शास्त्रों में धन के सम्बंध में उच्च विचार बताए गए हैं। भारत के शास्त्रों ने अर्थ के क्षेत्र को हेय दृष्टि से नहीं देखा है एवं यह भी कभी नहीं कहा है कि धन अर्जन नहीं करना चाहिए, पैसा नहीं कमाना चाहिए, उत्पादन नहीं बढ़ाना चाहिए। बल्कि दरिद्रता एवं गरीबी को पाप बताया गया है। हां, वेदों में यह जरूर कहा गया है कि जो भी धन कमाओ वह शुद्ध होना चाहिए। 'ब्लैक मनी' नहीं होना चाहिए, भ्रष्टाचार करके धन नहीं कमाना चाहिए, स्मगलिंग करके धन नहीं कमाना चाहिए, कानून का उल्लंघन करते हुए धन अर्जन नहीं करना चाहिए, ग्राहक को धोखा देकर धन नहीं कमाना चाहिए। मनु स्मृति में तो मनु महाराज ने कहा है कि सब प्रकार की शुद्धियों में सर्वाधिक महत्व की शुद्धि अर्थ की शुद्धि है। भारतीय शास्त्रों में खूब धन अर्जन करने के बाद इसके उपयोग के सम्बंध में व्याख्या की गई है। अर्जित किए धन को केवल अपने लिए उपभोग करना, उस धन से केवल ऐय्याशी करना, केवल अपने लिए काम में लेना, अपने परिवार के लिए मौज-मस्ती करना आदि को ठीक नहीं माना गया है। अर्जित किए गए धन को समाज के साथ मिल बांटकर, समाज के हितार्थ उपयोग करना चाहिए। भारत के प्राचीन ग्रंथों में जीवन के उद्देश्य को पुरुषार्थ से जोड़ते हुआ यह कहा गया है कि धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष, इन चारों बातों पर विचार करके मनुष्य को सुखी करने के सम्बंध में विचार किया जाना चाहिए। इसी विचार के चलते भारत के मनीषियों द्वारा अर्थ और काम को नकारा नहीं गया है। कई बार भारत के बारे में वैश्विक स्तर पर इस प्रकार की भ्रांतियां फैलाने का प्रयास किया जाता रहा है कि भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में तो अर्थ और काम को नकार दिया गया है। प्राचीन काल में भी ऐसा कतई नहीं हुआ है। अगर, ऐसा हुआ होता तो भारत सोने की चिड़िया कैसे बनता? हां, भारत के प्राचीन शास्त्रों में यह जरूर कहा गया है कि अर्थ और काम को बेलगाम नहीं छोड़ना चाहिए। अर्थ और काम को मर्यादा में ही रहना चाहिए। धन अर्जित करने पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है परंतु यह धर्म का पालन करते हुए कमाना चाहिए। अर्थात, अर्थ को धर्म के साथ जोड़ दिया गया है। इसी प्रकार काम को भी धर्म के साथ जोड़ा गया है। उपभोग यदि धर्म सम्मत और मर्यादित होगा तो इस धरा का दोहन भी सीमा के अंदर ही रहेगा। अतः कुल मिलाकर अर्थशास्त्र में भी नैतिकता का पालन होना चाहिए। प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं वर्तमान अर्थशास्त्र में यह भी एक बहुत बड़ा अंतर है। आजकल कहा जाता है कि नीति का अर्थशास्त्र से कोई लेना-देना नहीं है।

# वाहन चोर गिरोह का खुलासा, 9 बाइक बरामद, 3 अभियुक्त गिरफ्तार





- नेपाल सीमा से सटे गांव में डंप होती है चोरी की बाइकें, गिरफ्तार अभियुक्तों के कबूलनामे ने पुलिस को दिया बड़ा सुराग

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

राइच। नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़े आटो लिफ्टर गिरोह का खुलासा कर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर नौ बाइक बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह के निर्देशन में निरीक्षक अपराध रणजीत यादव, उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव व यतीन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ आईसीपी रोड खुसली गाव मोड़ पर रात्रि गश्त कर रहे थे। तभी तीन व्यक्ति अलग अलग मोटर साइकिलों से बाबागंज से आईसीपी की तरफ नेपाल सीमा की ओर जाते हुए दिखायी दिये, पुलिस बल को संदेह होने पर टार्च की रोशनी देकर उन्हें रोकने का इशारा किया गया कि तभी अचानक पुलिस वालों को देखकर बाइक धीमी करते हुए पीछे मोड़कर भागना चाहे तभी पुलिस ने घेराबन्दी कर पकड़ लिया पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान तौफीक उर्फ संजय पुत्र सहजाद, रमजान उर्फ सरदार पुत्र जुम्मन तथा निर्मल चौहान पुत्र जगदीश के रूप में हुई।

पकड़े जाने पर भागने का कारण पूछा गया तीनों व्यक्तियों ने बताया जिस बाइक को चलाकर वह लोग आ रहे है वह चोरी की है इसे नेपाल बेचने ले जा रहे थे पकड़े जाने के डर से भाग रहे थे, समय करीब 05.20 बजे गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि ग्राम पचपकड़ी में भिन्न कम्पनियों की 06 मोटरसाइकिल छिपाये हैं उसको भी बरामद करा देंगे।

पुलिस टीम ने अभियुक्तों की निशानदेही पर पहुंच कर 06 और बरामद कर लिया। इस प्रकार अभियुक्तों से कुल 9 मोटरसाइकिल बरामद हुई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त तौफीक उर्फ संजय, रमजान उर्फ सरदार व निर्मल चौहान तीनो का एक गैंग है जो बहराइच, श्रावस्ती व आस पास के अन्य जिलों से वाहन चोरी करके व उसका नम्बर प्लेट बदल करके नेपाल बॉर्डर से सटे गाँव पचपकड़ी के पास डम्प करते है और वही से नेपाल ले जाकर बेच देते हैं।

पुलिस ने अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से इन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया गया।

# सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

सड़क सुरक्षा माह के तहत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य प्रो.हेमंत पाल के दिशानिर्देशन में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रोफेसर सुभाष चंद्रा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कि वाहन चालक सावधानी पूर्वक अपने वाहन का परिचालन एवं यातायात नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण वाहन चलाते समय लापरवाही बरतना है। सड़क दुर्घटना के अधिकतर मामलों में तेज गति से वाहन चलाने एवं यातायात नियमों की अनदेखी की बात सामने आती है। यातायात नियमों का पालन करते हुए सजगता के साथ वाहन परिचालन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।इसलिए यदि चालक दोपहिया वाहन चला रहे हैं तो हेलमेट जरूर पहने और यदि कार या भारी वाहन चला रहे तो सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। यातायात संकेतों की अनदेखी न करें तथा तेज गति और नशे की हालत में वाहन न चलाये। इसीक्रम में अंग्रेजी विभाग की प्रो. नीलम त्रिवेदी ने छात्र छात्राओं को बताया कि यातायात नियमों का पालन कर हम अपने और अपने परिजनों का जीवन सुरक्षित रख सकते हैं।

यातायात नियमों के सम्बंध सभी विद्यार्थी एवं विशेष रूप से छात्रायें अपने परिवारीय सदस्यों व सम्बंधियों को जागरूक करें क्योंकि उनके निवेदन पर परिजन अधिक ध्यान देते हैं। संवाद कार्यक्रम के अंत में प्रो. सुभाष चन्द्रा ने उपस्थित विद्यार्थियों को यातापात नियमों के पालन की शपथ दिलाई तथा सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने व उसकी सहायता करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रो.नूतन सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.विजय प्रताप सिंह, दीपक बाजपेई, सौरभ वर्मा, मानवेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## माता के मंदिर में चोरों ने करीब 1 किलो वजन का चांदी का मुकुट किया चोरी



**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**

निघासन कोतवाली क्षेत्र के खैराहनी गांव में स्थित बंगलामुखी माता के मंदिर में चोरों ने करीब 1 किलो वजन का चांदी का मुकुट किया चोरी पुलिस के अगस्त की खुली पोल।।

निघासन कोतवाली क्षेत्र के खैहरानी स्थित बंगलामुखी माता के मंदिर के अंदर शुक्रवार को दिन के करीब 1.30 बजे मोटरसाइकिल सवार दो चोरो ने चांदी का मुकुट चुरा कर फरार हो गए हैं मंदिर के पुजारी बाबा नागा दास ने बताया की दोनों चोर बाइक पर सवार होकर मंदिर पहुंचे थे,और मुकुट उतार कर फरार हो गए इससे पहले भी यही युवक मंदिर आयें थे डेढ़ माह पहले खैहरानी निवासी रिटायर्ड मास्टर के घर पर चोरों के द्वारा लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसमें पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने पर गांव और क्षेत्र में पुलिस के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है और पुलिस सवालों के घेरे में आकर खड़ी हो गई हैं।

# यातायात माह नवम्बर 2024 का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



शनिवार को यातायात नियमों की जागरूकता हेतु मनाये जा रहे यातायात माह नवम्बर 2024 का समापन पुलिस अधीक्षक खीरी की गरिमामयी उपस्थिति में पुलिस लाइन खीरी परिसर में किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यातायात माह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा जनपद में आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु अनेक जागरूकता कार्यक्रम किये गये। जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र- छात्राओं को दुर्घटना से बचाव हेतु यातायात नियमों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। अपने परिजनों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी जिससे सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। यातायात जागरूकता सम्बन्धी पम्पलेट/स्टीकर का वितरण कराया गया।कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात, एआरटीओ प्रवर्तन, एआरटीओ प्रशासन मौजूद रहे यातायात माह 2024 के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 14288 वाहनों का चालान, 50 वाहन सीज करते हुए कुल 18512500/- एक करोड़ पच्चासी लाख बारह हजार पाँच सौ रु0 शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।

## पुलिस ने सुलझाया विवाद, साथ रहने को राजी हुए तीन जोड़े

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** पुलिस कार्यालय स्थित 'परिवार परामर्श केन्द्र' की ओर से आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 03 नाराज दंपतियों में सुलह कराते हुए इन परिवारों को टूटने से बचाया गया। शनिवार को आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया । परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उप निरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, महिला कांस्टेबल सविता मिश्रा,निशी त्रिवेदी, अनन्या सिंह की ओर से शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर भी दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

# राम राज्य लाना है तो सबको शाकाहारी नशामुक्त बनाना होगा: पंकज महाराज

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**





**मिहींपुरवा।** बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकरी बाबा पंकज महाराज अपनी 108 दिवसीय यात्रा के अन्तिम पड़ाव पर गुरुवार को सायंकाल काफिले के साथ पहुंचे। लम्बी- लम्बी कतारों में भाई- बहनों, माताओं, बालिकाओं ने कलश दीप, आरती, पुष्पवर्षा, बैण्ड बाजों से ग्रामीण परिवेश के पारम्परिक तरीके से स्वागत किया। आज 108 वें दिन सत्संग के साथ शाकाहार सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक वैचारिक जन-जागरण यात्रा सम्पन्न हो गई । समापन समारोह में उमड़े श्रद्धालुओं को सत्संग सुनाते हुए बाबा पंकज महाराज ने कहा कि सत्संग में किसी की निन्दा आलोचना नहीं की जाती । बल्कि प्रभु परमात्मा से मिलने का प्रेम पैदा किया जाता है। सत्संग से विवेक जागता है। सद्बुद्धि आती है। बुराईयों पर अंकुश लगता है। कहा कि मानव तन वेशकीमती है। यह जीवात्मा को जगाकर परमात्मा के पास जाने के लिये दिया जाता है। प्रभु के पास जाने का रास्ता इसी नर देही में है। जो परमात्मा का बनाया चेतन हरि मन्दिर है। इसी शरीर में नाम प्रकट है। बाबा जयगुरुदेव जी महाराज द्वारा संस्थापित जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सतयुग मे योग से, त्रेता में यज्ञ से, द्वापर में प्रतिमा पूजा से सिद्धि शक्ति, मुक्ति मिल जाया करती थी। परन्तु कलियुग में महात्माओं ने पिछले युगों की उपासना और साधना पद्धतियों को निषेध कर दिया। जो साधन थे पिछले युग के, सो कलयुग में किये प्रमान। और ÷साधन तीन सार उन बरने, और साधन सब थोथे जान।÷ कलयुग में सुरत शब्द योग (नाम योग) का सरल मार्ग सन्तों ने खोला, जिसमें सुमिरन, ध्यान, और भजन तीन साधन हैं। उन्होंने सत्संग के श्रोताओं को जीते जी प्रभु प्राप्ति का सरल से सरल मार्ग देकर उसकी क्रिया समझाई। जिसे सन्त मत में नामदान कहा जाता है। बाबा जयगुरुदेव के कृपा-पात्र प्रिय शिष्य ने कहा कि मनुष्य शाकाहारी प्राणी है। इसे किसी धर्म में माँसाहार और नशा पीने का आदेश नहीं है। कहा कि हम अपने को कट्टर सनातनी, हिन्दू कहते हैं तो हमे अपने महापुरुषों राम, कृष्ण आदि के आदर्शो पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राम राज्य कोई नारा लगाने से, भाषण या वक्तव्य देने से, कानून बना देने से, अथवा तोड़फोड़, आन्दोलन, हड़ताल आदि करने से, नहीं आयेगा। राम राज्य लाना है तो सबको शाकाहारी नशामुक्त बनाना होगा। सबको मानवतावादी ईश्वरवादी, और भजनानन्दी बनना होगा। जब सब लोग परस्पर प्रेम से रहेंगे, अपने-अपने धर्म, कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करेंगे, तब राम राज्य का सपना साकार होगा। उन्होंने चरित्र को मानव धर्म की सबसे बड़ी पूँजी बताया। देश में बढ़ते अपराध, कदाचार, हिंसा और नैतिक पतन पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए अपने-अपने बच्चों पर अच्छे संस्कार डालने की प्रार्थना की। शाकाहार और नशामुक्ति अपनाने की अपील की। बाबा पंकज महाराज ने सभी लागों से एक-एक गाँव गोद लेकर परम सन्त बाबा जयगुरुदेव के सन्देशों को जन-जन तक पहुँचाने का आग्रह किया। शाकाहारी नशामुक्ति के प्रचार पर जोर दिया। अच्छे सामज के निर्माण के भागीदार बनने का निवेदन किया।

उन्होंने 8 से 12 दिसम्बर तक मथुरा के वार्षिक भण्डारे में भाग लेने का निमन्त्रण दिया।

इस अवसर पर रमाकान्त चौहान, बरातीलाल, भोला यादव, ग्राम प्रधान जय प्रकाश, देवेन्द्र सिंह, सहयोगी संगत लखीमपुर श्री कृष्ण यादव अनेक सभ्रान्त एवं गणमान्य नागरिक प्रतिष्ठित महानुभाव उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के चलते राहगीर घंटो जाम में फसने को मजबूर

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** फरधान गन्ना भरे ओवर लोड ट्रक के चक्कर में शनिवार को एक बार फिर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। ओवरलोड ट्रक का गन्ना सड़क पर पलट जाने से शनिवार की सुबह पीलीभीत बस्ती नेशनल हाइवे पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। लोगों को घंटो की जाम झेलनी पड़ी। सड़क पतली और सिंगल होने के कारण गोला की ओर से लखीमपुर की ओर जाने वाले गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक से फरधान रेलवे फाटक पर घंटों तक रोज लगा रहता है। शनिवार को भी करीब एक घंटे तक लगा जाम लगा रहा। फरधान रेलवे क्रासिंग पर कई साल से ओवरब्रिज का काम चल रहा है। अभी तक बहुत सारा काम बचा हुआ है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि अभी लगभग 2025 तक का समय ले सकता है। मुख्य मार्ग होने के बावजूद ठेकेदार ने सिर्फ एक साइड में ही रास्ता बनाई गई है। जिससे बड़े वाहन जल्दी मुड़ न पाने की वजह से जाम का कारण बनते हैं। कितनी भी इमरजेंसी हो जाम में किसी का कोई बस नहीं चलता। कई बार जाम में एंबुलेंस से लेकर रोडवेज बस, भी फसी रहती हैं। जाम की वजह से कुछ लोग ड्यूटी पर समय से नहीं पहुंच पाते।लोग आए दिन परेशान होते है।रोड पर जाम हो जाने से लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो हो रहा। पुलिस एक तरफ के वाहनों को रोककर दूसरी ओर के वाहन निकलवाती हैं। बाद में भी देर तक हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी रहती।

### ग्रामीण को बहला-फुसलाकर एक बीघा जमीन को धोखाधड़ी कर बैनामा करने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** जमीन को लेकर ग्रामीण को बहला फुसला कर ले जाने और फिर शराब पिला कर जमीन का बैनामा कराने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई, पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़ित परिवार घंटों कोतवाली गेट पर बैठा रहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दलेलनगर निवासी संजय पुत्र छोटे लाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी कृषि भूमि ग्राम दलेलनगर में है।गांव के ही अमर सिंह, धर्म सिंह पुत्रगण रघुनाथ उसे बहाने से बुलाकर ले गए और जबरन शराब पिलाई। इसके बाद एक दिन उसे अपने साथ रखा उसके बाद 23 नवंबर को लखीमपुर तहसील ले जाकर शराब के नशे में धोखे से पीड़ित की उक्त भूमि को अपनी मां रामबेटी पत्नी रघुनाथ निवासी ग्राम दलेलनगर पोस्ट कंचनपुर के नाम पर बिना प्रतिफल दिए बैनामा करा लिया। इसके बाद शाम को उसे छोड दिया। यहीं नही आरोप है कि विपक्षियों ने उसकी मूल बैक पासबुक व आधारकार्ड भी ले लिया। उसने इस मामले की शिकायत गोला कोतवाली में करते हुए मुकदमा दर्ज कराने की गुहार की। लेकिन गोला पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिवार कार्यवाई की आस में घंटो बैठा रहा, पर हुआ कुछ नहीं। उच्च अधिकारियों को भी शिकायत भेजी है।

### श्री गुरुनानक देव सिख अकेडमी स्कूल में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी।** तहसील निघासन के तिकुनियाँ क्षेत्र में स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित श्री गुरुनानक देव सिख अकेडमी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि गुरनाम सिंह गिल रहे द्य विद्यालय के प्रबंधक बाबा काला सिंह ने कार्य क्रम को प्रारम्भ कराया विद्यालय के प्रधानाचार्य व्यासमुनि दास ने बताया कि इस प्रदर्शिनी के माध्यम से बच्चों में बौद्धिक स्तर को मज़बूत करने का मुख्य उद्देश्य बताया इसी कड़ी में उपप्रधानाचार्य शिपेंद्र शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया यह प्रतियोगिता शनिवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक का समय निर्धारित किया गया इसमें सभी छात्र / छात्रा ने अनेक प्रकार के मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस अवसर पर निर्णायक मंडल ने सभी मॉडल का निरीक्षण किया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया इस अवसर पर रविंदर सिंह स. स. क्र कमांडर,गुरपेज सिंह,प्रगट सिंह, पूर्व प्रधान रननगर, करन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी हुए सेवा निवृत्त

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले प्रशासनिक अधिकारी वीरेन्द्र को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि अनुशासन में रहते हुए 37 वर्ष सम्मानजनक ढंग से शासकीय सेवा पूर्ण करने के उपरान्त सेवानिवृत्त होना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होनें कहा कि श्री वीरेन्द्र का सफल एवं लम्बा कार्यकाल हमें पूरे अनुशासन और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। डीएम ने सेवानिवृत्त अधिकारी को शेष सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए अंगवस्त्र, धार्मिक पुस्तक व स्मृति चिन्ह भेंट किया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए अपर जिला अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल ने शेष सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए मौजूद दूसरे कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे सेवानिवृत्त अधिकारी से प्रेरणा प्राप्त कर अच्छे से अच्छा कार्य करने का प्रयास करें। इस अवसर पर कलेक्ट्रट के पटल सहायक व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# बाबुल का ऑगन बना गेंदघर व गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सम्पन्न हुआ 202 कन्याओं का विवाह
- जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों व परिजनों ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत बहराइच नगर स्थित गेंदघर प्रांगण व गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ज़रूरतमन्द, निराश्रित/ निर्धन परिवारों की अल्पसंख्यक समुदाय की 40 सहित कुल 202 विवाह योग्य कन्या/ विधवा/ परित्यक्ता/ तलाकशुदा महिलाओं का विवाह उनकी सामाजिक/ धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/ रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रमों की बड़ी विशेषता यह रही कि महिला ब्राह्मणों ने सम्पूर्ण मंत्रोच्चार के साथ पूर्ण विधि-विधान के साथ हिन्दू समुदाय के जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया।

सामूहिक विवाह समारोह के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन, परिजनों व ईष्टमित्रों ने नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी ईश्वर से प्रार्थना है कि वर-वधू सम्पूर्ण जीवन खुशहाल ज़िन्दगी बसर करें और इनके जीवन में कोई कष्ट न आए। उल्लेखनीय है कि यह महत्वाकांक्षी योजना प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरगामी सोच का परिणाम है कि प्रदेश की गरीब बेटियों के हाथ पीले करने का सपना सच हो रहा है। गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रहे नवविवाहित जोड़ों को एक एक अदद प्रेशर कुकर, परात, बाल्टी, कड़ाही, जंगाल, श्रृंगारदानी सेट, वर-वधू को वस्त्र सेट, ट्राली बैग, दीवार घड़ी, पगड़ी, डिनर सेट, एक जोड़ी चॉदी पायल व 04 अदद चॉदी की बिछिया उपहार स्वरूप भेंट किया गया।

नगर स्थित गेंदघर मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खण्ड रिसिया के 06, चित्तौरा के 31, फखरपुर के 14, नगर पालिका परिषद बहराइच क्षेत्र के 31, नगर पंचायत कैसरगंज व जरवल के 01-01 तथा ब्लाक जरवल के 06 कुल 90 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें 36 जोड़े मुस्लिम समुदाय के थे। नव विवाहित जोड़ों को पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख शिवम जायसवाल, एमएलसी पदमसेन चौधरी के प्रतिनिधि परमार्थसेन चौधरी, ब्लाक पमुख प्रतिनिधि रिसिया, चित्तौरा, फखरपुर, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, पीडी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, डीडीओ राज कुमार, ईओ बहराइच प्रमिता सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, बीडीओ फखरपुर, चित्तौरा, रिसिया सहित सहित अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन ने आशीर्वाद दिया।

उल्लेखनीय है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति मिहींपुरवा परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खण्ड मिहींपुरवा के 69, बलहा के 28, नवाबगंज के 11 व नगर पालिका परिषद नानपारा क्षेत्र 04 कुल 112 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ।

जिसमें 04 जोड़े मुस्लिम समुदाय के थे।

नव विवाहित जोड़ों को विधायक बलहा सरोज सोनकर, प्रमुख मिहींपुरवा अभिषेक वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार, बीडीओ मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह, बलहा के संदीप तिवारी व नवाबगंज के डॉ. राहुल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन ने आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बीपी सत्यार्थी, सीवीओ डॉ. राजेश उपाध्याय सहित सीडीपीओ, सहायक विकास अधिकारी, अवर अभियन्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास, कोर्ट ने 70,000/- का अर्थ दण्ड भी लगाया

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट दीपकान्त मणि ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष के कारावास व 70,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। वादी की ओर से दी गयी सूचना के आधार पर 05 जून 2015 को देर शाम 8 बजे उसकी नाबालिग पुत्री (पीड़िता) उम्र लगभग 16 वर्ष को विपक्षी राम गोपाल पुत्र नगई निवासी मानगढ़ बुढ़नी अपने साथ बहला-फुसलाकर गलत नीयत से लेकर भागा ले गया। जिसके सहयोग में विपक्षी शिवपाल पुत्र नगई व नगई पुत्र रामनरायन आदि लोग शामिल थे। वादी द्वारा काफी ढूंढा गया लेकिन नहीं मिले। जिसके सम्बन्ध में थाना इकौना में 06 जून 2015 को मुकदमा अपराध संख्या 938/ 2015 धारा 363, 366 भा.द.वि.व बनाम राम गोपाल, शिव गोपाल व नगई के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचनाधिकारी उ0नि0 विनोद कुमार मिश्रा द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त राम गोपाल गोस्वामी पुत्र इन्द्रजीत उर्फ नगई गोस्वामी निवासी खानपुर बुढ़ई भलुईया थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध आरोप कोर्ट में विरचित किया गया था। मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, विशेष शासकीय अधिवक्ता सन्त प्रताप सिंह, सन्तोष सिंह, सुरेन्द्र मौर्या तथा कोर्ट मोहर्रिर कांस्टेबल बृजेश कुमार साहनी, (थाने की सीमा निर्धारण उपरान्त उक्त अभियोग में प्रभावी पैरवी) थाना प्रभारी विशेश्वरगंज, थाना पैरोकार आरक्षी मानू सिहं की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप शुक्रवार को अभियुक्त राम गोपाल गोस्वामी पुत्र इन्द्रजीत उर्फ नगई गोस्वामी निवासी खानपुर बुढ़ई भलुईया थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को दोष सिद्ध पाया गया। जिस पर न्यायालय ने 10 वर्ष का कारावास व 70,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# तीन एकड़ जमीन का बैनामा कराया, नहीं दिए दो लाख

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



तीन एकड खेत का बैनामा कराने के बाद बकाया रकम देने से इंकार करने और इसके बाद जबरन खेत पर कब्जा करने के एक मामले में पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैठिया निवासी बलबंत सिंह पुत्र लक्खा सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने लगभग तीन वर्ष पूर्व अपना एक एकड खेत मनीष जायसवाल पुत्र श्रीपाल जायसवाल निवासी अलीगंज रोड को करीब तीन लाख रुपये में बैनामा किया था। जिसमें विपक्षी ने एक लाख रुपये नगद दिया। जबकि दो लाख रुपये बैक खातें में देने का आश्वासन दिया था। लेकिन जमीन का बैनामा होने के बाद विपक्षी उसका बकाया रकम नहीं दे रहा है।

उसका खेत विपक्षी अवतार सिंह बलविदर सिंह पुत्रगण दयाल सिंह निवासी ग्राम वसलीपुर जकील अहमद पुत्र अज्ञात निवासी भूतनाथ रोड थाना गोला ने एक राय होकर उसके खेत पर जबरन जोतवा दिया। विरोध करने पर विपक्षी हमलावर होते हुए अवैध असलहों व लायसेंसी असलहों से उसे व उसके परिवारजनों को मार देने की धमकी देने लगे। इसे लेकर वह काफी डरा सहमा है। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### सरयू अमृत महोत्सव 2024

# दो महिलाओं को मिलेगा नारी शक्ति प्रतीक अपराजिता सम्मान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

सरयू अमृत महोत्सव के दौरान 22 दिसम्बर 2024 को 13 क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले 26 विभूतियों को सरयू रत्न एवार्ड दिये जायेगें। उक्त आशय की जानकारी देते हुए चिल्लूपार विधायक और सरयू अमृत महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने बताया कि सरयू रत्न एवार्ड चयन समिति के सम्मानित सदस्य गण पूर्व प्रधानाचार्य रामबेलास यादव, निदेशक सेन्ट्रल एकेडमी सृंजय मिश्र, पूर्व शिक्षक सरोज रंजन शुक्ल, चेयरमेन प्रतिनिधि महेश उमर, समाजसेवी नित्यानंद मिश्र, प्रधानाचार्य हरेकृष्ण द्विवेदी, समाजसेवी लक्ष्मीनारायण गुप्त, पत्रकार रजनीकांत मिश्र, पत्रकार शुभम गुप्त, डा. ए.के. गुप्त, पूर्व सैनिक सतीश शाही की मौजूदगी में हुई बैठक में सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 दिसम्बर 2024 को शहीद स्मारक मुक्तिपथ बड़हलगंज सरयू तट पर होने वाले महोत्सव के समापन के समय यह सम्मान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस बार का सरयू रत्न एवार्ड इस मायने में विशेष होगा कि सभी एवार्ड किसी न किसी विभूति की स्मृति में प्रदान किये जायेगें ।इसमें 2023-24 के लिए विश्व प्रसिद्ध संत, धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज (ओझौली) की स्मृति में आध्यात्म क्षेत्र में कथावाचक आचार्य रमेश भाई शुक्ल (मामखोर-लखीमपुर) को, प्रसिद्ध विद्वान आचार्य सत्यदेव शास्त्री जी (भैंसवली) की स्मृति में शिक्षा क्षेत्र में 75 वर्ष की उम्र में शोध कर रहे कृषि विद्वान चिंतामणि त्रिपाठी (महुलिया खजुहा) को, प्रसिद्ध कवि विद्याधर विज्ञ (सहुआकोल) की स्मृति में साहित्य क्षेत्र में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष साहित्यकार कवि वशिष्ठ अनूप (सहडौली) को, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल श्रीवास्तव (बड़हलगंज) की स्मृति में पत्रकारिता के क्षेत्र में पत्रकार संजय सिंह (गोरखपुर) को, भारत के हैनिमन कहे जाने वाले डा. एस.के. दूबे (नीबी) की स्मृति में चिकित्सा क्षेत्र में एम्स नयी दिल्ली में सेवारत डा. निशित मिश्र (द्वारिकापट्टी) को, पहलवान सत्यनारायण यादव (झरकटा) की स्मृति में खेलकूद के क्षेत्र में भारतीय बास्केटबॉल टीम के मुख्य प्रशिक्षक जे.पी. सिंह (हरपुर) को, समाजसेवी राजर्षि रामकवल शाही (महुआपार) की स्मृति में समाजसेवा के क्षेत्र में युवा समाजसेवी उमेश कुमार यादव (कोहना-गोपलापुर) को, गोवा मुक्ति संग्राम के दौरान शहीद हुए श्यामबिहारी शाही (ददरी) की स्मृति में वीरता के क्षेत्र में 5 डूबते बच्चों की जिंदगी बचाने वाली श्रीमती सोनी साहनी (बगहा) को, प्रसिद्ध समाजसेवी और उद्यमी विश्वनाथ सिंह सैंथवार श्आधारामश् (भर्रोह) की स्मृति में पर्यावरण के क्षेत्र में डा. प्रवीण त्रिपाठी (मन्नीपुर-गोला) को, मृदंगी बाबा के नाम से विख्यात रहे पं. बृजराज दूबे (महुलिया पोयल) की स्मृति में लोककला के क्षेत्र में भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय में तबला वादक शिक्षक देवानंद पाण्डेय को, कृषि विशेषज्ञ विद्यापति शुक्ल श्नन्हेश् (चंवरिया) की स्मृति में कृषि के क्षेत्र में जगन्नाथ राय (गोपलापुर) को, प्रसिद्ध उद्यमी, समाजसेवी बाबू आर. एन. सिंह (भरौली-मुम्बई) की स्मृति में उद्यम के क्षेत्र में उद्यमी विट्टू दूबे (नराईजपार-उरुवा) को, मुक्तिपथ निर्माणकर्ता प्रसिद्ध राजमिस्त्री रामसनेही मौर्य (चांदपार) की स्मृति में श्रम के क्षेत्र में शिवाजी गुप्त (हरपुर चीनी मिल पकौड़ी वाले) को दिया जायेगा।

### सनातनी से लेकर समाजसेवी तक किए जाएंगे सम्मानित

चिल्लूपार विधायक ने बताया कि वर्ष 2024-25 का सरयू रत्न एवार्ड प्रसिद्ध संत स्वामी हंसानन्द तीर्थ (सीधेगौर) की स्मृति में आध्यात्म के क्षेत्र में गोरक्षपीठ पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी (गोरखपुर) को, प्रसिद्ध दार्शनिक डा. प्रभाकर त्रिवेदी (बल्थर) की स्मृति में शिक्षा क्षेत्र में फलित ज्योतिषाचार्य पं. हरेराम त्रिपाठी (धुरियापार) को, प्रसिद्ध इतिहासकार कुंवर बहादुर चंद कौशिक (हाटा बाजार) की स्मृति में साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्र गौरव सहित अनेक पुस्तक प्रणेता डा. राजेन्द्र शुक्ल (मामखोर) को, वरिष्ठ पत्रकार शम्भू चतुर्वेदी (भैंसवली) की स्मृति में पत्रकारिता क्षेत्र में पत्रकार श्री बुद्धिसागर पाण्डेय (शिवपुर) को, प्रसिद्ध वैद्य शिवपरसन तिवारी (लखनापार) की स्मृति में चिकित्सा क्षेत्र में डा. फय्याज अहमद (बड़हलगंज) को, प्रसिद्ध पहलवान ब्रम्हदेव मिश्र (सरया) की स्मृति में खेल कूद के क्षेत्र युवा योगा विदुषी सुश्री खुशी तिवारी (मुजौना) को, प्रसिद्ध समाजसेवी, शिक्षाविद पं. टी.एन. मिश्र (भटनीपार) की स्मृति में समाजसेवा के क्षेत्र में निरूशुल्क डायलिसिस सेंटर के संस्थापक संतोष सिंह (भरौली-मुम्बई) को, श्रीलंका शांति सेना के शहीद रणजीत सिंह सैंथवार (दुघरा) की स्मृति में वीरता के क्षेत्र में सैनिक दयाशंकर पाण्डेय (सिरकिरा) को, समाजसेवी, शिक्षाविद डा. हरिप्रसाद शाही (गढ़वारामपुर) की स्मृति में पर्यावरण के क्षेत्र में एन.बी.आर.आई. लखनऊ में पर्यावरण वैज्ञानिक डा. मृदुल शुक्ल (खखाइजखोर) को, प्रसिद्ध संगीतकार रामसम्हार मिश्र दयालू (कास्त मिश्रौली) की स्मृति में लोककला के क्षेत्र में लोक कलाकार मनोज मधुर (कौड़ीराम) को, सरयू रत्न प्रगतिशील किसान रहे सरयू सिंह सैंथवार (मदरिया) की स्मृति में कृषि क्षेत्र में जैविक खेती के प्रगतिशील किसान विवेक सिंह (हटवा-गगहा) को, उद्यमी विश्वनाथ अग्रवाल विस्सू बाबू (बड़हलगंज) की स्मृति में उद्यम के क्षेत्र में हीमा तेल उत्पादक अमृत कसौधन (बरहज) को, प्रसिद्ध राजमिस्त्री गोरख प्रजापति (कल्यानपुर) की स्मृति में श्रम क्षेत्र में सफाई कर्मी उपेन्द्र प्रसाद (बरहता) को दिया जायेगा। आयोजन समिति अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने यह भी बताया कि संघर्षपूर्ण जीवन के बाद सफलता हासिल करने वाली महिला उद्यमी संगीता पाण्डेय (गोरखपुर) को वर्ष 2023-24 का अपराजिता सम्मान धुरियापार की विधायक रहीं यशोदा देवी की स्मृति में और 2024-25 का अपराजिता सम्मान संघर्षों के बल पर मुकाम हासिल करने वाली किवानीज इंटरनेशनल ग्रुप आफ इंडिया (दिव्यांगों के लिए कृतिम अंग बनाने वाली संस्था) में चीफएडमिस्ट्रेटिव आफीसर श्रीमती श्वेता शाही (महुआपार) को आध्यात्मिक विदुषी श्रीमती कावेरी शिवा देवी की स्मृति में दिया जायेगा।

# प्रदेश में पहले निवेश के लिए नहीं मिलती थी जमीन, अब निवेशकों की लगी है लाइन : योगी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**





सीएम योगी दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को गोरखपुर पहुंचे जहां गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के स्थापना दिवस समारोह में निवेशकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा-पहले लोग उद्योग लगाने के लिए जमीन तलाशते थे। नहीं मिलती थी। आज गीडा 800 एकड़ में फैल चुका है। निवेशकों की लाइन सी लग चुकी है।उन्होंने कहा कि अब गीडा के पास लैंड बैंक होगा। कोई भी आकर यहां पर निवेश कर सकता है। इससे शौचालय, सड़क स्ट्रीट लाइट सहित अन्य प्रकार का विकास होगा और साथ ही युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसे कहते हैं मेक इन इंडिया।

सीएम योगी ने कहा-भाजपा सरकार ने 30 हजार करोड़ का इन्सेंटिव निवेशकों को दिया है। ये सभी चीजें बताती हैं। यूपी निवेश का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। सुरक्षा के लिए तो यूपी जाना ही जाता था। हम 2029 तक यूपी की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन तक पहुंच देंगे। ये हमारा संकल्प है। बहुत कुछ आपको देखने को मिलेगा। यहां का प्रोडक्ट प्रदेश के अंदर भी, देश के अंदर भी और विदेश तक भी जाएगा। यहां का प्रोडक्ट जब लोग देखेंगे, तो जानेंगे कि यह भी कोई जगह है।

सीएम योगी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी कुल 209 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास के प्रोजेक्ट्स में 94 करोड़ के सिविल और 29 करोड़ रुपए के विद्युत कार्य शामिल हैं। जबकि लोकार्पण की परियोजनाओं में 72 करोड़ के सिविल और 14 करोड़ रुपए के विद्युत कार्य सम्मिलित हैं। पिछले स्थापना दिवस समारोह में गीडा ने नाइलिट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) से एमओयू कर स्थानीय युवाओं के कौशल विकास के लिए 9280 वर्गमीटर का कैंपस, निर्मित भवन के साथ निशुल्क उपलब्ध कराया था।

नाइलिट का गीडा कैंपस कौशल विकास का केंद्र बनकर उभरा है। यहां अभी तक 13 पाठ्यक्रमों में 617 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह में सीएम योगी नाइलिट से प्रशिक्षित पांच युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित करेंगे।

### चौरी चौरा में विकास की नई इबारतरू विधायक ई. सरवन निषाद ने किया सीसी रोड का शिलान्यास



**जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा, गोरखपुर**

चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के संकल्प के साथ, विधायक ई. सरवन निषाद ने शनिवार को ब्रह्मपुर में सीसी रोड का शिलान्यास किया। विधायक ने गांव के एक सम्मानित बुजुर्ग व्यक्ति से फीता कटवाकर इस परियोजना की शुरुआत कराई। विधायक सरवन निषाद ने कहा, ष्चौरी चौरा विधानसभा को श्गड्ढा मुक्तश् बनाना हमारी प्राथमिकता है। सड़कों का जाल बिछाने के साथ, पूरे क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में देश और प्रदेश में समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने पिछली सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा, ष्पहले योजनाओं में बिचौलियों का बोलबाला होता था, और सड़कें सिर्फ कागजों पर बनती थीं। आज, न केवल सड़कें बन रही हैं बल्कि उनका शिलान्यास और लोकार्पण भी हो रहा है। जनता को अब योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।ष् कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार गुप्त, राम दयागार निषाद, राहुल जायसवाल, और सुमन यादव समेत क्षेत्र के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। लोगों ने कहा कि विधायक द्वारा कराए जा रहे विकास के इस निरंतर प्रयास ने न केवल स्थानीय जनता में उत्साह बढ़ाया है बल्कि क्षेत्र को उन्नति की नई राह पर भी अग्रसर किया है।

# गोरखपुर के एक शादी समारोह में आए दो शोहदों ने लेडी वेटर से की छेड़खानी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




गोरखपुर जिले के पीपीगंज इलाके में एक शादी समारोह के दौरान नाबालिग लेडी वेटर के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया। क्षेत्र के अंबिका मैरिज हॉल में वेटर का काम कर रही युवती को दो युवकों ने परेशान करना शुरू कर दिया। युवती के विरोध करने पर आरोपी मौके से भाग निकले।

घटना के बाद डरी और परेशान युवती ने घर जाने की बजाय सीधे पीपीगंज थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी आपबीती बताई। युवती की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

दरअसल, गोरखनाथ के जटेपुर की रहने वाली युवती अंबिका मैरिज हॉल में एक शादी समारोह के दौरान वेटर का काम कर रही थीं। इसी दौरान जटेपुर के ही रहने वाले दो युवक, अतुल कुमार और अभिषेक, समारोह में पहुंचे और युवती से बदसलूकी करने लगे। युवती ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आए।

युवती ने जब उनकी हरकतों का विरोध किया, तो आरोपी वहां से भाग निकले। घटना के बाद युवती ने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत पीपीगंज पुलिस स्टेशन जाकर तहरीर दी। तहरीर मिलते ही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ ठछै की धारा 74, 75(1), 352 और 352 (3) के तहत मामला दर्ज किया। पीपीगंज पुलिस ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीपीगंज थाना प्रभारी ने बताया कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया है कि वे इस मामले को गंभीरता से देख रहे हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रयासरत हैं।

### ग्रामीण खेल लीग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विजेताओं को किया गया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा**

माईधीया रामलीला मैदान में आयोजित ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ब्रह्मपुर ब्लॉक प्रमुख सुमन यादव और विशिष्ट अतिथि विकास खंड अधिकारी ब्रह्मपुर गरीमा सिंह ने विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता में सत्यम सिहोडवा ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी उत्कृष्टता साबित की। 100 मीटर दौड़ में सूरज दूसरे और निलेश तीसरे स्थान पर रहे, जबकि 200 मीटर दौड़ में रोहित ने दूसरा और विकास ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुमन यादव ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करने का बेहतरीन माध्यम हैं।

विशिष्ट अतिथि गरीमा सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास करते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन और टीम भावना भी सिखाते हैं।कार्यक्रम में स्थानीय जनता ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजकों और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल आयोजन संभव हो पाया।ग्रामीण खेल लीग ने युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया और क्षेत्र में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाई।

### सफाई मित्र सम्मान समारोह में दस सफाई कर्मी हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** जनपद के रामकोला नगर पंचायत के परिसर में हुवा सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे कार्यक्रम में नगर पंचायत रामकोला के अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार वर्मा के नेतृत्व में नगर में कचरा ढोने वाले नाला साफकरने वाले झाडू लगाने वाले सफाई कर्मी को सम्मानित किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन कचरा ढोने वाले नाला साफ करने वाले झाडू लगाने वाले मेहनतकश लोगों को आज माला पहनाकर शाल ओढ़ा कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित हुए कर्मचारी रेनू देवी ज्ञानचंद बालेसर नागेश्वर राजेंद्र उमा सलहंत शतीस भैरव, संदीप को सम्मान समारोह के अवसर पर सम्मानित किया गया। वही नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने कहा कि यह सम्मान समारोह स्वच्छता के लिए हम लोग कर रहे हैं कचरा अलग करो अमृत दिवस ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर आधारित कार्यक्रम में साफसफाई में लगे सभी कर्मचारी लोगों को सम्मानित किया। जाएगा उन्होंने सभी सफाई कर्मियों को नगर पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग के लिए साधुवाद दिया।

# बाईपास निर्माण प्रभावित किसानों ने की आगामी सप्ताह तक जनजागरण स्थगित करने की घोषणा

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



देवरिया बाईपास निर्माण से प्रभावित गांवों के किसानों द्वारा भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में चलाई जा रही जनजागरण यात्रा शनिवार को प्रभावित गांव अहिलवार बुजुर्ग एवं अहिलवार खुर्द में पहुंचीं। किसान नेताओं ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिन किसानों ने अब तक

अपने जमीन का पेपर जमा नहीं किया है वो किसी भी कीमत पर पेपर जमा नहीं करें। दोनों गांवों का भ्रमण करने के पश्चात अपराह्न दो बजे से महुआनी चौराहा स्थित विक्रम पब्लिक इण्टर कालेज में किसानों की एक बैठक की गई जिसमें प्रथम चरण के जनजागरण यात्रा को गेंहू बुआई के सीजन को देखते हुए आगामी एक सप्ताह तक स्थगित करने की घोषणा गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि बीते रविवार से शुरू हुई किसानों की प्रथम चरण की जनजागरण यात्रा पूरी तरह सफल रही। गेहूं की धुंआधार चल रही बुआई के कारण यात्रा को बीच में कुछ दिनों के लिए स्थगित किया जा रहा हैं। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी ने कहा कि गेहूं की बुआई हो जाने के बाद जनजागरण यात्रा का दूसरा चरण शुरू होगा जिसमें भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के कार्यकर्ता पदाधिकारी व प्रभावित किसान बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि जब सरकार व जिला प्रशासन हम किसानों की बात नहीं सुन रहा हैं तो हमें भी उनकी बात को नहीं सुनना है।

हम अपने जमीनों के मालिक हैं हमारी जमीनों को हमसे कोई जबरजस्ती नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि हम किसानों की भलाई इसी में है कि हम किसी भी तरह से अपना पेपर न जमा करें। बैठक में भाकियू जिला संयोजक सदानंद यादव, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ नेता सुग्रीव मिश्रा, पूर्व प्रधान अजय सिंह, हरिलाल यादव, ध्रुव नारायण चौहान, नूर आलम खान, राजनाथ यादव, संजय सिंह सतेन्द्र यादव, राजन कुमार,शिवाजी चौहान ,राघवेंद्र चौहान ,सुधीर चौहान सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# गोरखपुर रेलवे परिसर में मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर में एक 28 साल के युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे परिसर के पास मिला। घटना सहजनवां इलाके में वार्ड नंबर 14 लुचुई की है। युवक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे, जिससे खून बह रहा था। परिवार वालों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए मामले की गहराई से जांच की मांग की है। दरअसल, शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन के पश्चिमी हिस्से में खाली पड़ी जमीन पर कुछ स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान वार्ड नंबर 7 निवासी अनिल (पुत्र सुरेंद्र) के रूप में की। घटनास्थल पर पहुंचे स्वजनों ने मृतक के सिर और शरीर पर चोट के गहरे निशान देखकर हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसी ने अनिल की हत्या कर उसका शव यहां फेंका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अनिल तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था और अविवाहित था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, और वे मजदूरी कर अपनी जीविका चलाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अनिल नशे का आदी था, जिससे उसकी जीवनशैली और सामाजिक संबंधों पर असर पड़ा था।घटनास्थल के पास गांजे की दो अवैध दुकानें संचालित होने की जानकारी मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अनिल गांजा पीने का आदी था और संभवतः नशे के दौरान किसी विवाद के कारण उसकी हत्या हुई। पुलिस ने हत्या की आशंका को ध्यान में रखते हुए एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। सहजनवां थाने के प्रभारी विशाल उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण का पता चल सकेगा। हालांकि, मृतक के परिवार ने अब तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# लेहड़ा देवी मंदिर में मुंडन कराने आए श्रद्धालुओं संग मनबढ़ों ने की मारपीट

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**




फरेंदा तहसील क्षेत्र के लेहड़ा मंदिर पर श्रद्धालुओं से जबरन अवैध वसूली का आरोप लगाया गया है। पैसा नहीं देने पर मारपीट किया गया है।बृजमनगंज थाना क्षेत्र के लेहड़ा मंदिर में दबंगों का जबरन अवैध वसूली का पैसा नहीं देने पर मारपीट किया गया, जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा श्रद्धालुओं को चोटें आयी है, घायलों का उपचार चल रहा हैं। गोरखपुर व अन्य क्षेत्र से लेहड़ा मंदिर पर बच्चे का मुंडन कराने आए श्रद्धालुओं से अवैध वसूली मांगी जा रही थी। इसका विरोध करने व पैसा नहीं देने पर मनबढ़ो ने मारपीट करते हुए गाड़ियों का फोड़ दिया। इस मारपीट में दोनों पक्षों से कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।दर्शनार्थियों के कई गाड़ियों के शीशे भी टूट चुका है। बरहाल उक्त लोगों ने बताया कि स्थानीय पुलिस तमाशबीन बनी रहीं। मारपीट में संतोष सहानी पुत्र विशम्भर उम्र 35 वर्ष कोल्हुई महराजगंज, सुमित सहानी उम्र 19 वर्ष, राकेश पुत्र आर्यन निवासी मानीराम थाना चिलुआताल गोरखपुर, राहुल पुत्र घनश्याम उम्र 23 वर्ष, निवासी दुर्गापुर थाना बृजमनगंज, दुर्गेश पुत्र अनरजीत उम्र 20 वर्ष निवासी लेहड़ा मंदिर थाना बृजमनगंज, घनश्यामभर पुत्र कतारू उम्र 47 वर्ष निवासी दुर्गापुर थाना बृजमनगंज गंभीर रूप से घायल हो गए और सभी घायलों को आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बनकटी अस्पताल पर लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# गोरखपुर में जिसे वकीलों ने पीटा, उसकी हालत नाजुक

- **मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज बयान, बहन बोली, भाई को नहीं मिला इंसाफ तो कर लूंगी सुसाइड**

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता जिस आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, वह अब तूल पकड़ता जा रहा है। अधिवक्ता रविंद्र दुबे पर हमले के आरोपी सुशील त्रिपाठी का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज किया गया। गंभीर चोटों के चलते सुशील की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। बयान दर्ज करने के लिए डॉक्टरों की अनुमति का इंतजार किया गया था।

वहीं, इस बीच सुशील त्रिपाठी की बहन पूजा त्रिपाठी का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में पूजा ने आरोप लगाया है कि उसका भाई अधिवक्ता पर हमला करने नहीं बल्कि सिर्फ उसकी मदद के लिए कचहरी गया था, लेकिन वहां अधिवक्ताओं ने उसकी इतनी पिटाई की कि उसकी हालत गंभीर हो गई। पूजा ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह उसके भाई का केस दर्ज नहीं कर रही है। उसने रोते हुए यह भी कहा कि अगर उसे इंसाफ नहीं मिला, तो वह आत्महत्या कर लेगी।हालांकि, वायरल वीडियो और पूजा के आरोपों पर अब तक पुलिस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, इस बयानबाजी के बाद मामला और संवेदनशील हो गया है। सुशील त्रिपाठी का मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज बयान जांच को एक नई दिशा दे सकता है।

### अधिवक्ता पर हमला करने आए आरोपी को वकीलों ने पीटा

यह मामला 20 नवंबर का है, जब सुशील त्रिपाठी अपनी बहन के पारिवारिक न्यायालय में चल रहे केस के सिलसिले में कचहरी पहुंचे थे। वहां उनका और अधिवक्ता रविंद्र दुबे के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इस विवाद के बाद अधिवक्ता पर जानलेवा हमला हुआ। इसके जवाब में अधिवक्ताओं ने सुशील और उनके दोस्त को पकड़ लिया, जमकर पिटाई की, और कैंट थाने की पुलिस को सौंप दिया।अधिवक्ता रविंद्र दुबे ने इस मामले में जानलेवा हमले का केस दर्ज कराया है। वहीं, पिटाई के बाद से सुशील त्रिपाठी की हालत लगातार गंभीर बनी हुई है। गुरुवार को स्थिति बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### मजिस्ट्रेट ने डॉक्टरों की अनुमति के बाद किया बयान दर्ज

सुशील त्रिपाठी की गंभीर हालत को देखते हुए एसपी सिटी ने डीएम को पत्र लिखकर मजिस्ट्रेट से बयान दर्ज कराने की मांग की। शुक्रवार रात डॉक्टरों की अनुमति के बाद मजिस्ट्रेट ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर सुशील का बयान दर्ज किया। अब इस बयान के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ेगी।

### कानूनी प्रक्रिया पर टिकीं निगाहें

मामले में अधिवक्ताओं और आरोपी के पक्षों से अलग-अलग आरोप लगाए जा रहे हैं। मजिस्ट्रेट का बयान और पुलिस की जांच अब यह तय करेगी कि इस विवाद की असल वजह क्या थी और किसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर फ्रॉड करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, कुवैत में नौकरी दिलाने के नाम पर करते थे धोखाधड़ी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में थाना कोतवाली उतरौला पुलिस ने शनिवार को कुवैत जाने का कूटरचित वीजा बनाकर धोखाधड़ी कर रुपये हड़प करने वाले तीन गिरोह के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 30 नवंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक उतरौला संजय कुमार दूबे के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली उतरौला में उ0नि0 स्वतंत्र कुमार गुप्ता व उनकी टीम द्वारा थाना कोतवली उतरौला पर पंजीकृत में नामित अभियुक्त ताहिर अली पुत्र मुनव्वर अली निवासी नयानगर विशुनपुर थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर व प्रकाश में आये अभियुक्तगण मो0 आरिफ पुत्र मो0 रईश उर्फ जमीर अहमद खां तथा मो0 अहमद पुत्र मो0 हनीफ निवासी गण मझौवा कुर्थुवा थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर वर्तमान पता ग्राम लालगंज उतरौला जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लिया गया । अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान बताया गया कि सभी लोग मिलकर वीजा बनाने का कार्य करते है। शकील अहमद पुत्र अजगर अली निवासी तुलसीपुर में कुवैत का बीजा बनवाने के लिए बात चीत की थी कुल पांच बीजा चार लाख पैतीस हजार रुपये लिया गया था व डेढ़ लाख मेडिकल कराने के नाम पर पुनः लिया गया था। अभियुक्तों द्वारा मेडिकल न होने पर पच्चास हजार रुपये पीड़ित शकील अहमद को वापस कर दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि मोहम्मद ताहिर पुत्र रईश उर्फ जमील अहमद खान निवासी मझौवा कुर्थुवा के कहने पर हम लोगों ने शकील अहमद सहित कुल पांच लोगों का मेडिकल लखनऊ ले जाकर कराया था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि पीड़ित शकील अहमद पुत्र असगर अली निवासी ग्राम रेहरा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर की लिखित तहरीरी सूचना पर थाना को0 उतरौला में 13 अक्टूबर 2024 को मो0 ताहिर खान पुत्र रईस जमीर अहमद खान निवासी मझौवा कुर्थुवा थाना गैण्डास बुर्जुग जनपद बलरामपुर व वर्तमान पता सिफा हॉस्पिटल के सामने डुमरियागंज रोड थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर, ताहिर अली पुत्र मुनव्वर अली निवासी नयानगर विशुनपुर थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

विवेचना में पाया गया कि नामित अभियुक्त मो0 ताहिर खान व ताहिर अली ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिल कर पीड़ित के साथ साथ अन्य कई लोगों के साथ कुवैत का वीजा बनवाने के नाम पर धोखे से चार लाख पैंतीस हजार रुपये हड़प लिया है व कूटरचित वीजा तैयार कर पीड़ितों से मेडिकल कराये जाने के नाम पर 50,000 एवं मेडिकल में फेल हो जाने पर पुनः 1,00000रु/- मांग किये जाने पर अभियुक्तों को दिया गया है। अभियुक्तों द्वारा दिये गये वीजा की दूतावास से सत्यापन कराये जाने पर सभी वीजा कूटरचित पाये गये। विवेचना से अभियुक्तों मो0 आरिफ पुत्र मो0 रईश उर्फ जमीर अहमद खां, मो0 अहमद पुत्र मो0 हनीफ निवासी मझौवा कुर्थुवा थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर वर्तमान पता ग्राम लालगंज उतरौला जनपद बलरामपुर का नाम प्रकाश मे आया जिन्होने मो0 ताहिर के कहने पर पीड़ित व अन्य पीड़ितो को लखनऊ ले जाकर उनका मेडिकल कराया था, व मुकदमे से संकलित साक्ष्य के आधार पर कई अन्य गंभीर धाराओं की वृद्धि की गयी। उन्होंने बताया की अभियुक्त मो0 ताहिर पुत्र मो0 रईश उर्फ जमीर अहमद खां निवासी मझौवा कुर्थुवा थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर वर्तमान पता ग्राम लालगंज उतरौला जनपद बलरामपुर वर्तमान समय मे दुबई मे है जिनके बैंक खातों की जानकारी कर बैंक खाता सीज करने व वीजा कैन्सिलेशन कराने के संबंध मे कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त मो0 ताहिर पुत्र मो0 रईश उर्फ जमीर अहमद खां को प्रत्यर्पण करा कर गिरफ्तारी की जायेगी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 स्वतंत्र कुमार गुप्ता, का0 अजय विश्वकर्मा, का0 सुरेन्द्र कुमार तथा का0 अंकित चौरसिया शामिल थे।

# स्काउट गाइड कैंप के समापन अवसर पर मेधावियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में चल रहे भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में पांच दिवसीय प्रवेश निपुण प्रशिक्षण जांच शिविर का समापन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोवर्स-रेंजर्स को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार 30 नवंबर को समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद व मुख्य नियंता प्रो0 राघवेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके बाद रेंजर्स द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि स्काउट गाइड आंदोलन का उद्देश्य युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भावात्मक और आध्यात्मिक विकास में मदद कर उन्हें स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने सभी रोवर्स रेंजर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रोवर्स प्रभारी डॉ एस के त्रिपाठी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया जबकि रेंजर्स प्रभारी डॉ वंदना सिंह ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इसके पूर्व रेंजर्स आकांक्षा सिंह के एकल नृत्य व समूह नृत्य को खूब सराहा गया। साथ ही रोवर्स रेंजर्स द्वारा तैयार किये गए टेंट का अतिथियों द्वारा निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर प्रो0 एस पी मिश्र, प्रो रेखा विश्वकर्मा, डॉ दिनेश कुमार मौर्य, डॉ अनामिका सिंह, डॉ स्वदेश भट्ट, डॉ प्रखर त्रिपाठी, सचिव स्काउट गाइड मुईनुद्दीन सिद्दीकी, सिराजुल हक़, कायमा सलीम व प्रशिक्षक संतोष कुमार सहित महाविद्यालय परिवार के लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से शनिवार को विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर पोस्टर व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तृप्ति पाठक व काजल यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जानकारी के अनुसार 30 नवंबर को प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि जानकारी ही इस लाइलाज बीमारी का इलाज है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य देश में एचआईवी संक्रमण के प्रसार एवं एड्स के प्रभाव को कम करना था ताकि एड्स से मरने वाले लोगों की संख्या में कमी लाई जा सके एवं इसे वृहत स्तर पर फैलने से रोका जा सके। मुख्य कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस डॉ आलोक शुक्ल, डॉ रमेश शुक्ल व डॉ जितेन्द्र कुमार ने सभी का स्वागत किया जबकि सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। निर्णायक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय, साक्षी शर्मा व मणिका मिश्रा ने पोस्टर प्रतियोगिता के लिए तृप्ति पाठक को पहले, शगुन पाठक को दूसरे तथा सुरेन्द्र यादव को तीसरे स्थान के लिए चुना। वहीं निबंध लेखन में काजल यादव को प्रथम,सुनील कुमार को द्वितीय तथा सुमायला कय्यूम व विवेक कुमार को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान के लिए चुना। इस अवसर पर कई शिक्षक मौजूद रहे।

## महिला के मोबाइल पर भेजे गंदे मैसेज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

पति बाहर नौकरी करता है। सास, ससुर के साथ महिला गांव में रहती है। आरोप है कि युवक ने मोबाइल पर गंदे मेसेज भेजे थे। आपत्ति जताने पर आरोपी ने अपने साथी के साथ घर में घुसकर पिटाई की। अलीगढ़ में गोंडा के गांव निठावरी में एक महिला के मोबाइल पर गंदे मैसेज भेजे गए। विरोध करने पर आरोपी ने घर में घुसकर महिला सहित उसके पति और ससुर को पीटा। पीड़िता ने थाने में शिकायत की, लेकिन थाना पुलिस टरकाती रही। एसएसपी के आदेश पर मामले की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पीड़िता के अनुसार पति बाहर नौकरी करता है। सास, ससुर के साथ वह गांव में रहती है। 19 नवंबर को विपिन कुमार ने मोबाइल पर गंदे मेसेज भेजे थे। आपत्ति जताने पर 24 नवंबर सुबह करीब नौ बजे आरोपी ने अपने साथी भोला निवासी सरकोरिया के साथ घर में घुसकर पिटाई की।

# फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह व मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में एग्रीस्टैक डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्रर योजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए तहसील आलापुर और भीटी के कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त कार्मिकों को आगामी एक दिसम्बर से अभियान रूप में कैंप लगाकर कृषकों का विवरण प्राप्त कर फार्मर रजिस्ट्री में दर्ज करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि भूमिधर/डाटाबेस (फार्मर रजिस्ट्री) तैयार करने का उद्देश्य समस्त कृषकों के आधार पर लिंक्ड रजिस्ट्री तैयार करना है, जिससे योजनाओं का नियोजन, लाभार्थियों का सत्यापन, कृषि उत्पादों के विपणन आदि कार्य और सुविधाजनक हो सके। इससे राज्य सरकार द्वारा कृषकों के कल्याण हेतु संचालित योजना का लाभ समस्त कृषकों को सुगम एवं पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से उपलब्ध होगा। योजनाओं के लाभ हेतु अथवा अन्य उद्देश्य से कृषकों की पहचान एवं प्रमाणिकरण में सुगमता होगी। किसानों के लिए कृषि ऋण, वित्त, आदानों और अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए कृषि सेवाएं सुगमता से उपलब्ध होंगी। इससे प्रदेश के किसानों को बेहतर सेवा देने के लिए कृषि एवं उससे संबंधित विभागों के बीच योजना अभिसरण का सरलीकरण होगा। इससे कृषकों को फसली ऋण हेतु किसान क्रेडिट कार्ड एवं एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्रर फंड एवं कृषि के विकास हेतु अन्य ऋण प्राप्त करने, फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने, पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अनिवार्यता शर्त पूर्ण करने, आपदा प्रबंधन के अंतर्गत कृषको का क्षतिपूर्ति हेतु कृषकों के चिन्हांकन आदि में सुगमता होगी। इसी के साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में कृषकों का पंजिकरण ऑनलाइन माध्यम से हो सकेगा।उन्होंने कहा कि इससे कृषकों को समय से वांछित परामर्श अवसर में सुगमता के साथ-साथ नवोन्मेषी कार्यक्रमों के विस्तार में सफलता मिलेगी। प्रशिक्षण में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एजाज रसूल व सहायक सांख्यिकी अधिकारी हरिश्चंद्र वर्मा ने कृषि विभाग के कार्मिकों तथा संबंधित तहसीलों के लेखपालों एवं पंचायत सहायकों को फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा उपनिदेशक कृषि द्वारा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी आलापुर, उप जिलाधिकारी भीटी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक




**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शनिवार को यातायात माह नवम्बर 2024 के समापन समारोह पर थाना को0 नगर प्रागण में उपस्थित, अध्यापकों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रधान एवं ग्राम प्रहरियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया तथा यातायात के नियमों का पालन करने हेतु अपील किया।

जानकारी के अनुसार 30 नवंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव ने यातायात माह नवम्बर 2024 जागरुकता अभियान के समापन समारोह पर थाना को0 नगर प्रागण में उपस्थित पत्रकारों, बलरामपुर सिटी मांटेसरी गर्ल्स इंटर कॉलेज, सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज, पार्वती इंटर कॉलेज हरिहरगंज बलरामपुर के विद्यार्थियों, अध्यापकों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों व ग्राम प्रधानों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात के नियमों के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर यात्रा के दौरान उनका प्रति-दिन पालन करने हेतु सभी से अपील की। उन्होंने अपील किया कि दो-पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने, कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट अवश्य पहने, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात न करें तथा कोई एसएमएस न तो भेजें और न देखें, हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने परिजनों से पालन करने हेतु बताएं तथा सड़क दुर्घटना पीडितों की मदद करने हेतु सदैव तत्पर रहें । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय, प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध चाइनीज लहसुन पकड़ कर किया गया सीज, जांच हेतु भेजा गया नमूना

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**




जनपद के अकबरपुर कोतवाली के चौकी प्रभारी शहजादपुर अभिषेक त्रिपाठी द्वारा मोबाइल पर दी गयी सूचना के आधार पर मौहरिया फ्लाईओवर अकबरपुर पर शनिवार को सुबह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश एवं दिनेश कुमार राय की टीम द्वारा पिकअप वाहन पर बिक्री के लिए ले जाये जा रहे लहसुन का निरीक्षण किया गया। पिकअप वाहन पर वाहन चालक के साथ मौजूद खाद्य कारोबारकर्ता हसन अली पुत्र मुमताज अली ने बताया कि यह लहसुन नवीन मण्डी स्थल सिझौली स्थित अपने प्रतिष्ठान कैफ ट्रेडर्स में विक्रय हेतु ले जा रहे हैं। विक्रय हेतु ले जाये जा रहे लहसुन से सम्बन्धित क्रय/विक्रय रसीद मांगे जाने विक्रेता हसन अली द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। कार्टूनों में रखे लहसुन प्रथम दृष्ट्या चाइनीज प्रतीत होने एवं उनकी गुणवत्ता में संदेह होने पर विक्रयार्थ भण्डारित उक्त लहसुन का नमूना नियमानुसार संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया तथा नमूना संग्रहण के उपरान्त वाहन पर 32 कार्टूनों में रखे कुल लगभग 862 किग्रा0 लहसुन को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं में जब्त करते हुए खाद्य कारोबारकर्ता हसन अली की सुरक्षित अभिरक्षा में सौंप दिया गया। जब्त किये गये लहसुन का अनुमानित मूल्य रू0 172400 (एक लाख बहत्तर हजार चार सौ) है। नमूने की जॉच रिपोर्ट प्रयोगशाला से प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही प्रचालित की जायेगी।

# स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस पर आधारित क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

- नगर के जैनिथ पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**



नगर के जैनिथ पब्लिक स्कूल में स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस पर आधारित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक विद्यालयों के टीचर शामिल हुए। कार्यशाला में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस और अन्य विषयों पर विस्तार से अनेक जानकारियां साझा की गईं। नई तहसील के निकट स्थित जैनिथ पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्कूल हैल्थ एंड वैलनेस पर आधारित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कई स्कूलों के टीचर शामिल हुए। कार्यशाला को सन वैली इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद से आए रिसोर्स परसन कौशिक मोइत्रा ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। उन्होंने टीचरों के ग्रुपों को हेल्थ एंड वेलनेस पर अनेक जानकारियों को साझा किया और बताया कि किस प्रकार बच्चों को बिना किसी संकोच के वास्तविक जीवन की घटनाओं से जोड़कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कार्यशाला में यह भी बताया कि इंटरनेट के जरिए होने वाले साइबर क्राइम से विद्यार्थियों को कैसे बचाया जाए। कार्यशाला यादगार और शिक्षाप्रद रही। कार्यशाला टीचर्स को एक लंबे समय तक प्रेरणा देती रहेगी। इससे पूर्व कार्यशाला के मुख्य अतिथि रिसोर्स परसन कौशिक मोइत्रा, जैनिथ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राहुल राठी और प्रधानाचार्या गीता डेंग ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने मुख्य अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। कार्यशाला में स्कूल के समस्त टीचिंग स्टाफ की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।


## उत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.12.2024 को 15:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 13402024 दिनांक 29.11.2024 | | | |
| 2 | कार्य का नाम | 1 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर रायबरैली के अनुभाग में सीटीआर (एस) = 1.238 टीकेएम, टीआरआर (एस) = 8.207 टीकेएम, टीएसआर (एस) = 15.936 टीकेएम और टीबीआर = 4.253 टीकेएम का कार्य। | | |
| | | 2 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अनुभाग में सीटीआर(एस) = 5.839 टीकेएम, टीएफआर = 102.612 टीकेएम और टीबीआर = 10.196 टीकेएम का कार्य। | | |
| 3 | अनुमानित लागत | 1 | Rs. 3,68,80,729.26 | 2 | Rs. 3,28,45,763.01 |
| 4 | धरोहर राशि | 1 | Rs. 3,34,400.00 | 2 | Rs. 3,14,200.00 |
| 5 | कार्य समापन की अवधि | 1 | स्वीकृत पत्र की तिथि से 10 माह | | |
| | | 2 | स्वीकृत पत्र की तिथि से 10 माह | | |
| 6 | निविदा डालने का प्रारंभ | 09.12.2024 | | | |
| 7 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.12.2024, 15:00 बजे | | | |
| 8 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3699/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# आरबीएसके टीम विद्यालय के बच्चों को तम्बाकू उत्पादों के प्रति करेगी जागरूक

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार एवं नोडल अधिकारी डॉ आशुतोष सिंह के निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत ट्रेनिंग ऑफ हेल्थ प्रोफेशनल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद में कार्य कर रहे आरबीएसके चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। डॉ0 सर्वेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू कार्यक्रम में अब आरबीएसके टीम को भी जोड़ा जा रहा है जिससे बच्चों और वयस्कों तक आसानी से तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों और बीमारियों के बारे में जन जागरूकता पहुंचाई जा सके।आरबीएसके टीम अपने अपने क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों तक तम्बाकू और तम्बाकू उत्पादों से होने वाली बीमारियों, दुष्प्रभावों के प्रति बच्चों को जागरूक करेगी। तम्बाकू से हो रहे रोगों, रक्तचाप,अनिद्रा,कैंसर आदि के बारे मे मौजूद चिकित्साधिकारियों एवं हेल्थ वर्करों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों एवं हानियों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होने कहा कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से प्रमुख रूप से उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) की समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे मुख रोगो की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है,समाज में विशेषकर बच्चे एवं युवा जानकारी के अभाव में तंबाकू उत्पाद को अपनाकर बीमारियो से ग्रसित हो रहे है। हमें बच्चों और युवाओं को तम्बाकू जनित बीमारियों से जागरूक करना है जिससे वह खुद भी तम्बाकू उत्पादों के सेवन से बचे और दूसरों को भी इससे बचने की सलाह दे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्व सांसद ने मेधावियों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर विकासखंड सदर बलरामपुर क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को शक्ति स्मारक संस्थान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सदर विधायक पल्टू राम चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू एंव डीपी सिंह बैस पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत अभिनंदन किया। सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बच्चों को प्रगति के मार्ग प्रशस्त करने हेतु व्याख्यान दिया।

जानकारी के अनुसार 30 नवंबर अपने विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर सदर के अंतर्गत शक्ति स्मारक संस्थान दुल्हिनपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय कुस्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के आगमन पर सदर विधायक पल्टूराम, नगर पालिका चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू एंव डीपी सिंह बैस ने स्वागत किया। मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह अखबार में किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों के उपस्थिति में पूरे जनपद के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बलरामपुर राकेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बलरामपुर चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष बलरामपुर डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, ब्लॉक प्रमुख तुलसीपुर विक्की सिंह, ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह, भाजपा नेत्री अंजलि मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता डी0पी0 सिंह बैस, अनूप चन्द्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा दुष्यन्त चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजाराम गौतम, संजय शुक्ला, विनय प्रकाश तिवारी, शिव प्रसाद यादव, प्रिंस वर्मा, वीरु मिश्रा, राकेश पासवान, ओम प्रकाश गिरि, नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, आनन्द बाबा, श्रीचन्द्र शुक्ला, विजय सिंह, जन्मेजय सिंह, मंटू सिंह, अक्षय शुक्ल, संदीप उपाध्याय, विनोद प्रधान, बिंदेश्वरी प्रधान, दिनेश पाण्डेय, हर्ष वर्धन सिंह, गुड्डू पाण्डेय, कृष्ण गोपाल शुक्ला, तोप सिंह, शेरा सिंह, हरिश्चन्द्र शुक्ला, राम कृपाल शुक्ला प्रधान, एवं विद्यालय के प्रबंधक अध्यापक तथा तमाम गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

# अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में यातायात माह का हुआ समापन

- यातायात के नियमों के पालन के लिए कार्यवाही रहेगी जारी,तीन सवारी पर चलेगा विशेष अभियान- वीरेंद्र कुमार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





### बिना हेलमेट के किये चालान और बांटे हेलमेट

यातायात माह के समापन के बाद अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वहां बिना हेलमेट निकले वाहन चालकों का पहले चालान किया गया फिर उनको हेलमेट प्रदान किया गया। इसी तरह हेलमेट पहन के निकले तथा सीट वेल्ट पहने निकले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर उनको प्रोत्साहित किया। इस दौरान दो दर्जन वाहन चालकों को हैलमेट प्रदान किये गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने पहले उनका चालान कटवाया फिर उनको हेलमेट प्रदान किया। इस कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त सीओ सिटी तथा सीओ यातायात तथा यातायात पुलिस के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहें।

शनिवार को यातायात माह का समापन संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार ने कहा है कि भले ही यातायात माह का औपचारिक समापन हो गया है। लेकिन यातायात के नियमों के पालन के लिए कार्यवाहियां जारी रखी जाएं। उन्होंने घोषणा की कि दिसंबर माह में तीन सवारी के चालान करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।
अपर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार शनिवार को गन्ना तिराहे के समीप गन्ना समिति के बाहर यातायात माह के समापन पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में संबोधन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस तीन सवारियों के खिलाफ विशेष अभियान चलायेगी। वे स्वंय इस अभियान का प्रतिदिन पर्यवेक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि यातायात माह में 16234 लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया है। लेकिन एक माह में कार्यक्रम कर 11 माह जिले के लोगों को असुरक्षित नहीं छोडा जा सकता है। इसके लिए कार्यवाहियां जारी रखीं जाएं। उन्होंने कहाकि यातायात जागरूकता के कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए।
इससे पूर्व पुलिस उपाधीक्षक यातायात विधिभूषण मौर्य ने यातायात माह की आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि 52 स्कूलों में यातायात जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस दौरान 6233 छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवधि में विभिन्न प्रकार के 2862 लोगों के चालान किये गएजिसमें 4.90 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया। पुलिस उपाधीक्षक नगर दीपक चतुर्वेदी ने यातायात नियमों का पालन कर सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने का आग्रह किया। पुलिस उपाधीक्षक परिवीक्षाधीन उपासना पांडेय ने कहाकि नियमों के पालन से हम दुर्घटनाओं को टाल सकते है।
कार्यक्रम में सडक सुरक्षा अभियान के नोडल शिक्षक इंतजार खान ने इस अभियान के दौरान विभिन्न विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में टीएसआई पूरनपुर प्रदीप सिंह, टीएसआई बीसलपुर सुरेंद्र सिंह, चिलावीपा सरस्वती विद्या मंदिर के अर्पित सिंह और लिटिल एंजेल्सि की वंशिका गुप्ता ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने किया।
इस अवसर पर माह में सर्वाधिक चालान करने वालों में टीएसआई वर्ग में प्रदीप सिंह तथा हैड कांस्टेबल मनोज सिंह, पूरे माह का डाटा एकत्रीकरण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले शैंकी शर्मा, यातायात पुलिस के सुरेंद्र सिंह और मोहित लामा, नोडल शिक्षक इंतजार खान, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अनीता रानी, दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज खमरिया पुल के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार, एचआरके इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य फिरोज अहमद, चिलावीपा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य चंद्रभान शर्मा, तथा नत्थादेवी स्मारक इंटर कॉलेज के प्रधानचार्य राजवीर सिंह को सम्मानित किया गया।
इसके अलावा अभियान के दौरान नुक्कड नाटक से जागरूकता अभियान चलाने वाले ज्ञान इंटर कॉलेज के ईशा शर्मा, ईशा वर्मा, अंशिका शुक्ला, शफिया अंसारी, वंशिका सिंह, जोया सिद्दकी, सिमरन कौर, अरनप्रीत सिंह, शेहाजवीर सिंह, मनराजदीप सिंह, किरनदीप कौर, शोभित कौर, सूवी गंगवार तथा चिलावीपा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के अर्पित सिंह को ट्राफियां देकर सम्मानित किया।
आभार प्रदर्शन टीएसआई राघवेंद्र सिंह चौहान ने किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वर्ष 2024 में जिला सड़क सुरक्षा समिति की दसवीं बैठक का गांधी सभागार में हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



शनिवार को जिलाधिकारी संजय सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।
जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के अतिरिक्त ऐसा कोई स्थान जहां पर नियमित रूप से कोई दुर्घटना घटित हो रही हो को ब्लैक स्पॉट्स के रूप में चिह्नित किए जाने के निर्देश दिए गए गन्ना पेराई सत्र के दौरान गन्ना वाहनों के सुरक्षित संचालन हेतु यातायात पुलिस को गन्ना वाहनों हेतु बनाई गई नो एंट्री का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों के आने बाद जाने के समय कोई भी गन्ना वाहन शहरी क्षेत्र में संचालित ना किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की चीनी मिलों को गन्ना की आपूर्ति करने वाले वाहनों में ओवरहाइट एवं ओवरलोड गन्ना ना भरा जाए। ऐसा पाए जाने पर पुलिस एवं परिवहन विभाग प्रभावी कार्यवाही करें। सभी चीनी मिलों को निर्देश दिए गए की गन्ना पहुंचने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगाई जाए इसमें किसी प्रकार की कोताही न बढ़ती जाए। शीत ऋतु में कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने हेतु सड़क निर्माण एजेंसी -लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं मोर्थ के अधिशासी अभियंताओं को उनके क्षेत्राधिकार में आने वाली सड़कों पर सफेद पट्टी कराये जाने के निर्देश दिए गए। बरेली सितारगंज मार्ग पर लालोडी खेड़ा में रोड लाइट संचालित ना होने के संबंध में एन एच ए आई के के अभियंता को रोड़ लाइट संचालित कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया इसी मार्ग पर अमरिया में मुख्य मार्ग एवं फुटपाथ में आसमान ऊंचाई पर कार्यवाही करते हुए इसको समतल करने के निर्देश दिए गए पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर हो रहे चौड़ीकरण में बीसलपुर आबादी क्षेत्र में लंबित पड़े 400 मीटर मार्ग पर कार्य पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष प्रकट करते हुए मोर्थ के अधिशासी अभियंता को तत्काल मार्ग का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, ह्मढ्ढ के अभियंता, स्ह्रञ्जञ्ज॥ के प्रतिनिधि, यात्रीकर अधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, यातायात पुलिस निरीक्षक इत्यादि उपस्थित रहे।

# खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है: डॉ. गोरखनाथ पटेल

- शाहगंज में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
- प्रतियोगिता में विजेता खिलाडीयों को किया गया पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बेसिक शिक्षा विभाग शाहगंज द्वारा शनिवार को क्षेत्र के सर्वोदय इण्टर कॉलेज खुदौली के परिसर में आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के बालक, बालिका ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमे दौड़ 50 मीटर, 100 मीटर, 200 और 400 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो-खो, कबड्डी, रंगोली, मेहंदी समेत विभिन्न, प्रतियोगिताओं मे अपना दमखम दिखाया।
मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने माँ सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया, बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी बसन्त कुमार शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि खेल व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का आधार है। खेल से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है खेल को हमें दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।
अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि ग्रामीण युवाओं में प्रतिभा की कमी नही है। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को नए आयाम दे सकते हैं।
विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालयों में होने वाले खेलों से छिपी प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता है।
विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन मो. मुस्तफा व रत्नेश सिंह ने किया। मैच रेफरी अरूणेष कुमार यादव रहे।
निर्णायक मण्डल में वीरेंद्र यादव, सुभाषचंद्र तिवारी, आशीष सिंह, संदीप कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, राज कुमार निषाद, राजेश कुमार निषाद, ज्योति श्रीवास्तव, शिवानी मौर्य रही।
इस अवसर पर प्रधानाचार्य दिनेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार मौर्य, प्रा शिक्षक संघ अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, सजल सिंह, डा अभिषेक सिंह, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, एआरपी संघ प्रदेश मंत्री प्रशांत कुमार मिश्र, अशोक सोनकर, धर्मेन्द्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, मन बहाल, रूपेश सिंह, राज बहादुर, बुद्धिराम, राम शकल यादव, सुजीत सोनकर, ओम प्रकाश वर्मा, लाल मनि, अशोक कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग का पैर फिसलने से नदी में डूबकर हुई मौत



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद की तहसील बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनंका उचसिया निवासी राम प्रसाद का 15 वर्षीय पुत्र वोगेश जो कि दिव्यांग है घर से रात्रि 8 बजे लगभग निराश्रित गोवंशों को रखाने के लिए खेत पर गया था जिससे जानवर उसकी फसल नष्ट न कर दें। नदी के किनारे स्थित अपने खेत पर जाते समय अचानक पैर फिसल जाने से नदी में चला गया और उसके गहरे पानी में वोगेश 15 वर्ष डूब गया। सुबह जल्दी जव वह अपने खेत से घर वापस नहीं लौटा तो उसके परिवार के लोगों ने खेत पर जाकर देखा। वहां वोगेश गायब था। उन्होंने जब इधर-उधर तलाश किया तो उन्हें नदी में उसका शव तैरता हुआ दिखाई दिया। उसके परिजनों ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को नदी के पानी से निकलवा कर पंचनामा भरकर सील कर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। कोतवाली में तैनात क्राइम निरीक्षक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# संपूर्णानगर चीनी मिल चलते ही हुई बंद, गन्ना किसानों में पनपा आक्रोश

- संपूर्णानगर चीनी मिल में आई तकनीकी खराबी अधिकारियों की खुली पोल

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



**हजारा।** लखीमपुर-खीरी-पीलीभीत परिक्षेत्र की किसान सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर के नवीन पेराई सत्र 2024-25 का उद्घाटन हुए अभी चंद दिन ही हुआ था कि तकनीकी खराबी के चलते चीनी मिल बंद हो गई है।तकनीकी खराबी चीनी मिल के अधिकारियों की उदासीनता की पोल खोलती दिख रही है।
लखीमपुर-खीरी-पीलीभीत परिक्षेत्र की किसान सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर के नवीन पेराई सत्र 2024-25 का उद्घाटन 25 नवंबर को आधी अधूरी तैयारी के बीच चीनी मिल प्रशासन द्वारा किया गया था इधर चीनी मिल अभी सुचारू रूप से चल भी नही पाई थी कि तकनीकी खराबी के चलते चीनी मिल बंद हो गई है जबकि चीनी मिल चालू होने से पहले चीनी मिल के कल पुर्जों की मरम्मत कार्य कराया जाता है इसके बावजूद भी तकनीकी खराबी आना चीनी मिल के आलाधिकारियों की लापरवाही एवं उदासीनता दर्शाता है।
इधर चीनी मिल बंद होने के कारण किसानों के खेतों में गन्ना खड़ा होने के कारण किसानों की गेहूं की बिजाई भी पिछड़ती जा रही है चीनी मिल से संबंधित खीरी-पलीभीत के गन्ना किसानों में चीनी मिल के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है किसानों ने चीनी मिल के उच्चाधिकारियों की उदासीनता पर रोष व्यक्त करते हुए चीनी मिल शीघ्र चालू करने की मांग की है। उधर संपूर्णानगर चीनी मिल के अधिकारियों ने चीनी मिल में तकनीकी खराबी के चलते बंद होने की बात कही गई है साथ ही यह भी बताया है कि मरम्मत कार्य कराया जा रहा हैं।

# एसएसबी आबकारी व पुलिस ने नेपाल-भारत सीमा पर किया जॉइंट पेट्रोलिंग





- नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

हजारा। सशस्त्र सीमा बल व आबकारी एवं पुलिस द्वारा भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संयुक्त रूप से पैदल गस्त किया गया है साथ ही नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलायें जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया तो वहीं कच्ची शराब कारोबारियों में भी खलबली मच गई।
49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पीलीभीत की बीओपी चौकी सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज के अधिकारी एवं जवान एवं पीलीभीत आबकारी विभाग एवं हजारा पुलिस बल की संयुक्त रूप से भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के स्तंभ संख्या 28 व 29 के समीप पैदल गस्त किया गया और वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए नेपाल से भारत और भारत से नेपाल आने जाने वाले वाहन चालकों को रोककर उनकी तलाशी लिया गया साथ ही आरसी डीएल बीमा सहित सभी कागजातों की जांच-पड़ताल भी किया गया है। टीम के द्वारा चेकिंग अभियान चलाएं जाने से कच्ची शराब कारोबारियों में भी हड़कंप मच गया था।संयुक्त रूप से की गई गस्त में एसएसबी के अधिकारी एवं जवानों के अलावा आबकारी विभाग के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार हजारा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह कंबोज नगर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सौरभ सिंह,रविंद्र पाल सिंह, अवधेश नारायण तिवारी सहित अन्य दर्जनों आरक्षी गण शामिल रहे।

# सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



शनिवार को सहकारी गन्ना विकास समिति लि. पीलीभीत में वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक दिग्विजय सिंह, अध्यक्ष, सहकारी गन्ना विकास समिति लि. पीलीभीत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें संजय सिंह गंगवार, राज्यमंत्री गन्ना एवं चीनी उद्योग उ.प्र. सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा अजय सिंह गंगवार, ब्लाक प्रमुख ललौरीखेड़ा, जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत खुशीराम भर्गव, रामभद्र द्विवेदी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत, एवं जगदीश चन्द्र उपाध्यक्ष, सत्य प्रकाश गंगवार,भजन लाल गंगवार, विजय पाल गंगवार, सोमपाल,धर्मपाल,मोहन सिंह,ममता देवी, मुन्नी देवी एवं अभय शर्मा संचालक सदस्य उपस्थित रहे। प्रदीप कुमार अग्निहोत्री, सचिव प्रभारी के द्वारा वार्षिक सामान्य निकाय बैठक का संचालन किया गया तथा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को बैठक का एजेण्डा पढकर सुनाया। बैठक की कार्यवाही निम्नलिखित बिन्दुओं परचर्चा के साथ सम्पन्न हुई। सचिव द्वारा गत बैठक की कार्यवाही बिन्दुवार पढकर सुनाई गयी जिसकी सर्व सम्मति से पुष्ठि की गयी। समिति वजट 2024-25 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट का व्यय उपस्थित सभी सदस्यों को पढ़कर सुनाया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट एवं 2023-24 के वजट में हुये व्यय का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। वार्षिक सन्तुलन पत्र 2023-24 उपस्थित सभी सदस्यों को पढ़कर सुनाया गया जिसका बैठक में उपस्थिति सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।गांधी स्टेडियम रोड़ पर समिति की दुकानों का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में सभी सदस्यों के द्वारा दुकानें वनाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। समिति की वाउंड्रीवाल उँची कराने एवं उस पर लाईटें लगवाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। वार्षिक साधारण सभा पर होने वाले व्यय के भुगतान करने की उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

# शिक्षा की व्यवस्था करना सबसे पुनीत कार्य: विधायक

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



शाहगंज। विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने कहा कि समाज के लिए शिक्षा की व्यवस्था करना सबसे पुनीत कार्य है। वे शनिवार को क्षेत्र के बाल संरचना संस्थान इंटर कालेज, लालापुर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की जननी है। इसलिए जीवन का प्रथम नैतिक धर्म है कि अपने बच्चों को शिक्षित करना। जो भी लोग समाज मे किसी भी प्रकार से शिक्षा व्यवस्था में अपना सहयोग दे रहे हैं वास्तव में वे समाजसेवा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने विधायक निधि से निर्मित एक शिक्षण कक्ष का लोकार्पण करने के साथ ही विद्यालय में एक सुलभ शौचालय बनवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से हुआ भाजपा मुन्ना मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।
संस्थान के बच्चों द्वारा प्रस्तुत एकांकी, नाटक, गीत आदि कार्यक्रमों की दर्शकों तथा उपस्थित अभिभावकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। संचालन विद्यालय के शिक्षक दीपक दीक्षित ने तथा अध्यक्षता अशोक पांडेय ने किया। आभार प्रबंधक सुरेश पांडेय व प्रधानाचार्य द्वय संतोष पांडेय व रणविजय सिंह ने व्यक्त किया।
इस दौरान राम प्रकाश दुबे अध्यक्ष प्रधान संघ सुईथाला, बेचन सिंह, उमेश चंद्र तिवारी, बृजेश शुक्ला, दुष्यंत मिश्रा, डॉ रणंजय सिंह, अजीत प्रजापति, बृजेश सिंह उर्फ बब्लू, रीगन सिंह, गौरव सिंह, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद की तहसील बीसलपुर गांव कासिमपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्ट मार्टम हेतु जि मुख्यालय भेज दिया है। युवक की मौत के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है।
बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कासिमपुर निवासी वीरेन्द्र कुमार के पुत्र सौरभ ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में जाकर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। पत्नी रुवी का कहना है कि गांव के ही दो लोग उसके पति को बुलाकर ले गये और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद घर में आकर कमरे का दरबाजा बंद कर लिया। उसने कमरा खुलवाने का काफी प्रयास किया लेकिन कमरा नहीं खोला और फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मृतक की मां नन्ही देवी व 5 वर्षीय पुत्र करन का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मिहरावा पीजी कॉलेज प्रथम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध अंतर-महाविद्यालयीय बॉक्सिंग (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता 2024 -25 का आयोजन सहकारी पीजी कॉलेज मिहरावां जौनपुर में कराया गया । जिसमें प्रथम स्थान सहकारी पीजी. कॉलेज मिहरावां जौनपुर, द्वितीय स्थान शिव गोविंद महाविद्यालय जौनपुर तृतीय स्थान आचार्य देव पीजी. कॉलेज, जौनपुर रहा।
समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजीव कुमार सिंह द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। स्वागत प्राचार्य डा अरविंद कुमार सिंह ने किया एवं लेफ्टीनेंट डा.रणधीर कुमार ने सभी को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।
कार्यक्रम का संचालन डॉ.राज बहादुर यादव द्वारा किया गया।
इस अवसर प्रो. शेखर सिंह, डा.संजय नारायण सिंह, डा.सत्यप्रकाश सिंह, नीरज सिंह मौजूद रहे।

# महिला ने फर्जी वसीयत कराने वाले दबंगों पर पति की हत्या करने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




फतेहपुर। थाना क्षेत्र में साजिश कर आरोपियों ने एक व्यक्ति से अपने हक में वसीयत कराने के पश्चात पत्नी ने पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने वसीयत को निरस्त करने के साथ आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर की है।

ज्ञात हो थाना मो0पुर खाला क्षेत्र के ग्राम उमरी विशुनपुर निवासी दयावंती का पति लखनऊ में घंटाघर ढाल निवासी शमा परवीन के घर में नौकरी करता था। और लखनऊ के ही मोहल्ला दाउत नगर फैजुल्ला गंज में कपिल मिश्र के घर पर किराए पर रहता था। सात नवंबर को अचानक बीमार होने पर महिला के पति को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि उसके पति प्रदीप कुमार को अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर तहसील राम नगर में ले जाकर कपिल ने अपनी पत्नी प्रीति मिश्रा के नाम वसीयत करा ली। आरोप है कि उसके पति को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसके पति की 10 नवंबर को मौत हो गई। महिला का आरोप है उसके पति की हत्या की गई है। और उसके पास पति की मृत्यु होने के पश्चात् मात्र एक जमीन का ही सहारा बचा है जिसको आरोपियों ने फर्जी तरीके से अपने हक में वसीयत करा ली है। जिसके कारण अब उसके व उसकी सास के जीवनयापन पर संकट आ गया है। इस सम्बन्ध में आईजीआरएस के माध्यम से महिला ने शिकायत की थी। गौरतलब है कि पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल किये बिना ही रिपोर्ट लगाकर मामले को रफा दफा कर दिया है। इस पर महिला ने दोबारा मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# बिना हेलमेट दो पहिया वाहन न चलाएं : उदय राज



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

शनिवार को विकास खण्ड देवा के खेवली स्थित अंसरा पब्लिक स्कूल में यातायात माह के समापन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एंटी करप्शन निरीक्षक उदय राज निषाद ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों को तथा क्षेत्र के नागरिकों को सुगम यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें जिससे होने वाले जन एवम् धन की हानि से बचा जा सके। साथ ही उन्होंने अपील की कि समुचित प्रशिक्षण के बिना कोई भी वाहन न चलाएं। वाहन चालकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस जरूर बनवाएं, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन न चलाएं, क्योंकि सिर सलामत तो सब सलामत, चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट लगाना अति आवश्यक है। ज़ेब्रा क्रॉसिंग, रंबल स्ट्रिप, रेलवे क्रॉसिंग, एक लेन, दोहरी लेन, एवम् फोर लेन सड़क पर पैदल एवम् वाहन चलाने के नियमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके उपरान्त छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। जिसमें देवा कुर्सी रोड पर बिना हेलमेट लगाए या सीट बेल्ट लगाकर न चलने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियम पालन करने की अपील की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अंगद कुमार कश्यप, पतिराज, समीरा बानो, भगौती प्रसाद यादव, अनुज कुमार, शिवम कश्यप आदि मौजूद रहे।

# कार चालक और लोडर सवार व्यापारी में मारपीट

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

चकलवंशी। थाना गांव में रास्ते से निकलने को लेकर कार चालक और लोडर सवार व्यापारी में विवाद हो गया। मारपीट में गल्ला व्यापारी सहित दो लोग घायल हुए हैं। व्यापारी ने मारपीट के दौरान दो लाख रुपये गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चार पर मारपीट और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है।

माखी थानाक्षेत्र के थाना गांव निवासी आशमुद्दीन गल्ला व्यापारी हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 नवंबर की शाम सात गेहूं बेचकर लोडर से घर जा रहा था। गांव के सामने रहने वाले विशाल सिंह, विक्रम सिंह अपने दो साथियों के साथ कार से आ रहे थे। पहले कार निकालने के लिए लोडर पीछे करने के लिए कहा।

# 10654 बच्चों ने दी निपुण असेसमेंट परीक्षा, 95.41 प्रतिशत रही उपस्थिति

जन एक्सप्रेस । बस्ती



दो दिवसीय निपुण एसेसमेंट परीक्षा शनिवार को हर्रैया ब्लाक के समस्त परिषदीय विद्यालय और कस्तूरबा विद्यालय में सम्पन्न हुई। शुक्रवार को सम्पन्न हुई कक्षा एक से तीन की परीक्षा में 4047 बच्चों के सापेक्ष 3925 तथा शनिवार को कक्षा चार से आठ की परीक्षा में 7119 के सापेक्ष 6729 बच्चे उपस्थित रहे। कक्षा एक से आठ तक कुल 11166 बच्चों के सापेक्ष 10654 बच्चे उपस्थित रहे। इस तरह कुल उपस्थिति 95.41 प्रतिशत रही। यह जानकारी देते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय आनन्द ने बताया कि दोनों दिन परीक्षा दो घंटे की कराई गई। परीक्षा को सुचार रूप से और निगरानी में कराने के लिए जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी इसके साथ ही प्रत्येक विद्यालय पर दूसरे विद्यालय के शिक्षकों को पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया था। कक्षा एक से तीन के बच्चों ने जो सही उत्तर दिया उसके अनुसार उनका ओएमआर शिक्षकों ने भरा तथा कक्षा चार से आठ के बच्चों ने अपना ओएमआर स्वयं भरा। परीक्षा के बाद शिक्षकों द्वारा ओएमआर को परख ऐप पर अपलोड किया गया। जहां भी ऐप पर ओएमआर अपलोड करने में समस्या हुई शिक्षकों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी जिसका समाधान एसआरजी, एआरपी और ऑपरेटर के द्वारा कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के बाद सभी स्कूलों को निर्देश जारी किया गया है कि ओएमआर शीट को दो माह तक सुरक्षित रखना है। ऐसे में ओएमआर शीट की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाय, अन्यथा संबंधित प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्यवाही होगी।

# पति, सास व जेठ पर मुकदमा दर्ज, जांच पड़ताल में जुटी असंद्रा पुलिस




जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

छः माह पहले दहेज में पांच लाख रुपए की मांग को लेकर ससुरालीजन विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा दिया। इसकी शिकायत पर असंद्रा पुलिस ने पति, सास और जेठ पर मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, कोठी थाना क्षेत्र की थरमखदूम गांव निवासी पूर्णिमा देवी का कहना है कि उसका विवाह करीब छः साल पहले असंद्रा थाना क्षेत्र के छूलापाही गांव निवासी मिथिलेश वर्मा पुत्र जगप्रसाद वर्मा के साथ हुआ था। मगर ससुरालीजन विवाह में मिले उपहार से संतुष्ट नहीं है। दहेज में अतिरिक्त पांच लाख रुपए मांग को लेकर ससुरालीजन मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का कहना है कि करीब छः माह पहले जेठ रंजीत, सास निर्मला व पति मिथिलेश शर्मा एकराय होकर मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। तब से वह मायके थरमखदूम में रह रही है। इससे पूर्व में भी ससुरालीजनों द्वारा मारपीट की गई।

मगर रिश्तेदारों द्वारा समझौता करा दिया गया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरु कर दी है।

# सफलता की कुंजी अभियान : विद्यार्थियों को दिये सफलता के टिप्स

जन एक्सप्रेस । बस्ती




सफलता की कुंजी अभियान के अंतर्गत शनिवार को किसान इंटर कॉलेज परशुरामपुर के परिसर में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरैया विधायक अजय सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ बृजेश कुमार पासवान के नेतृत्व में मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि अनुशासन के साथ कठिन परिश्रम सफलता के लिए जरूरी है। सफलता पाने के लिए निरंतर सीखते रहना चाहिए, सीखने से अनुभव का विकास होता है। कहा कि गलतियों से सीखें, लेकिन उन्हें दोहराएं नहीं। सकारात्मक विचार रखें और आशावादी बने क्योंकि निराशावादी विचारधारा व्यक्ति को कुंठित कर असफलता की ओर धकेलती है। कार्यक्रम के आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में सफलता के लिए सही दिशा देना और उन्हें प्रेरित करना है। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सटीक लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच का महत्व आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कहा कि आगामी बोर्ड परीक्षा को देखते हुए आप सब एक योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करें ताकि सभी लोग अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो सकें। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश पाण्डेय, थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र वर्मा, अखिलेश सिंह प्रधान, अरविन्द सिंह, निर्मल सिंह, बबलू पाण्डेय, रघुनाथ सिंह, देवदत्त सिंह, घनश्याम तिवारी, दिनेश चन्द्र गौतम प्रधान, मनीष शर्मा, अमित कुमार चतुर्वेदी, अखिलेश पाण्डेय, अजय कुमार, भानु प्रताप, अखिलेश, ओम प्रकाश पाण्डेय, सुनील सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एएनएम पर प्रसव के दौरान लापरवाही का आरोप, शिकायत

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पठखन पुरवा में तैनात एएनएम सरिता सिंह पर पूरे चौंधी मजरे सूरजपुर निवासी सोनी वर्मा के पति राकेश कुमार वर्मा ने एएनएम सरिता सिंह पर प्रसव के दौरान लापरवाही से नवजात की मौत हो जाने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी देते हुए प्रसूता के परिजनों ने बताया कि एएनएम सरिता सिंह ने प्रसूता के साथ प्रसव के दौरान लापरवाही बरती जिससे नवजात के की मौत हो गई। स्वजन सरिता सिंह पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अवैध रूप से पैसे मांगने का भी आरोप लगा रहे थे। इसकी शिकायत चिकित्सा प्रभारी डा.रमेश चंद्रा तक पहुंचाई गई। परिजनों ने रोते बिलखते हुए बताया कि पठखन पुरवा स्वास्थ्य केंद्र पर एन एएनएम द्वारा जबरदस्त लापरवाही की जाती है एवं पैसों की मांग भी की जाती है। लगातार शिकायत मिलने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। मरीज के पति राकेश कुमार वर्मा द्वारा बार-बार बाहर ले जाने की बात कहने के बावजूद उसे केंद्र से बाहर बेहतर चिकित्सा के लिए जाने नहीं दिया गया।

इससे अनहोनी हो गई। इससे पहले एएनएम सरिता सिंह की तैनाती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकोहरी पर तैनाती के मरीज की शिकायत पर जिलाधिकारी के आदेश पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया था। राकेश कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। एएनएम की कार्यशैली क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# नशे में धुत युवक ने फूंक दी कार, मुकदमा दर्ज



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

**फतेहपुर।** कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र में नशे में धुत्त एक युवक ने ग्राम प्रधान के घर के बाहर खड़ी कार में आग लगा दी। जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तक कार जल चुकी थी। प्रधान की पुत्री ने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। वही पुलिस ने मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम शेखपुर मखदूम का है। जहां पर इसी ग्राम प्रधान लालजी के दामाद गोकरन ने अपनी पत्नी सुनीता देवी के नाम से एक कार खरीदी थी। एक माह पूर्व गोकरन की नौकरी सऊदी अरब में लग जाने के कारण वह कार को अपने ससुर के घर पर खड़ी कर चला गया था। लालजी ने बताया की कार उसके पुराने घर के बाहर खड़ी थी। तभी शुक्रवार की रात को गांव के ही संदीप नशे की हालत में आया और उसकी कार में आग लगा दी। आग पर जब तक काबू पाया जाता तब तक कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से जल चुका था। प्रधान की पुत्री ने इसकी सूचना पुलिस को देते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया, पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# कोचिंग से घर वापस जाते समय 16 वर्षीय छात्र को डीसीएम ने मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । बस्ती



शनिवार, 30 नवंबर की सुबह लगभग 8 बजे मंगल पाण्डेय देवी पाण्डेय उम्र 16 वर्ष बाईक से कोचिंग से पढ़ाई करके श्रृंगी नारी से अपने घर ग्राम मोहनापुर ब्लॉक परशुरामपुर जा रहा था। श्रृंगी नारी से वापस जाते समय मिश्रौलिया परशुरामपुर के पास सामने से आ रही अनियंत्रित डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिसमें मंगल पाण्डेय को गंभीर चोट आ गई और टक्कर मारने के बाद डीसीएम तत्काल वहां से फरार हो गया। मंगल पाण्डेय तत्काल सबसे पहले अपने भाई को फोन किया, उसके भाई चंदन पाण्डेय ने एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही तत्काल 108 पर एंबुलेंस के लिए फोन किया। 108 की एंबुलेंस कुछ ही समय में घटनास्थल पर पहुंच गई। एंबुलेंस में मौजूद चालक हरिकेश एवं मनोज पाण्डेय ने तत्काल अपनी एंबुलेंस में शिफ्ट किया तथा प्राथमिक उपचार करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर में भर्ती कराया गया। सिर में भी गंभीर चोट की वजह से उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल मंगल पाण्डेय की हालत गंभीर देखते हुए श्री राम हॉस्पिटल अयोध्या के लिए रेफर कर दिया गया। 108 एंबुलेंस द्वारा श्री राम हॉस्पिटल अयोध्या ले जाते हुए रास्ते में अचानक बेहोश हो गया और हालात बिगड़ गई। उसके बाद ई.म.टी मनोज ने सूजबूझ दिखाते हुए 108 के ई.आर.सी.पी. हेल्प डेस्क पर कॉल करके डॉक्टर डॉक्टर के सुझाव पर उपचार करते हुए श्री राम हॉस्पिटल अयोध्या में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है और अभी खतरे से बाहर हैं।

# कम्पनी बाग के पिंक शौचालय में नेपकिन मशीन मिली खराब

- कपनी बाग के शौचालयों का नगरायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर




नगरायुक्त संजय चौहान ने निर्देश दिए कि महानगर में जिन शौचालयों में बोरिंग या पाइप लाइन का कनेक्शन नहीं है, ऐसे शौचालयों की सूची बनाएं और उन पर रखे टैंक में गाड़ी से दिन में दो बार आवश्यक रुप से पानी भरवाएं। वह आज दोपहर में कम्पनी बाग में बनाये गए शौचालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर रहे थे। नगरायुक्त ने पिंक शौचालय का संचालन कर रही एजेंसी द्वारा व्यवस्थाओं को दुरुस्त न रखने के लिए उसके बिल से कटौती के निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान आज दोपहर अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह व जेडएसओ राजीव चौधरी तथा अन्य अधिकारियों के साथ कम्पनी बाग पहुंचे और हाल ही में निर्मित शौचालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने जब नवनिर्मित शौचालय में पानी की व्यवस्था के बारे में पूछा तो जलकल विभाग के जेई ने बताया कि बोरिंग सही न होने के कारण पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, अब दोबारा बोरिंग कराया जा रहा है। इस पर नगरायुक्त चौहान ने निर्देश दिए कि महानगर में जितने भी ऐसे शौचालय है जहां बोरिंग या पाइप लाइन का कनेक्शन नहीं है, ऐसे शौचालयों की सूची बनाएं और उन पर रखे टैंक में गाड़ी से दिन में दो बार पानी भरवाएं। उन्होंने कहा कि पानी के बिना शौचालय का उपयोग कैसे किया जा सकता है। एक दूसरे शौचालय में भी लाईट खराब होने के कारण पानी की आपूर्ति नहीं पायी गयी।

महिलाओं के लिए विशेष रुप से बनाये गए पिंक शौचालय में भी नेपकिन मशीन ठप्प पायी गयी। शौचालय पर तैनात महिला कर्मचारी ने बताया कि उक्त नेपकिन मशीन काफी समय से खराब है। इस पर नगरायुक्त ने शौचालयों की सही देख रेख न करने पर स्वास्थय विभाग के प्रति नाराजगी जतायी। उन्होंने पिंक शौचालय का संचालन कर रही एजेंसी के बिल से कटौती करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शौचालयों के रखरखाव में लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने को भी कहा।

## संविदा लाइनमैन का शव सड़क पर रखकर परिजनों ने लगाया जाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। पुरवा। ट्रैक्टर की टक्कर से हुई संविदा लाइनमैन की मौत पर परिजनों ने चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर मंगतखेड़ा-पड़री मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस और एसडीएम ने परिजनों से बात की। पिता की तहरीर पर चालक पर रिपोर्ट दर्ज होने और मुआवजे के आश्वासन पर परिजन शांत हुए। इस दौरान डेढ़ घंटे तक राहगीर परेशान रहे। कोतवाली क्षेत्र के पौंगहा निवासी बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन अंकित (24) पुत्र कमलेश की 27 नवंबर को ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई थी।

# एसपी की अगुवाई में निकली यातायात जागरूकता रैली



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा यातायात जागरुकता रैली को के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में राजकीय इण्टर कॉलेज व राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी स्काउट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। यातायात माह समापन रैली के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम से निकल कर पटेल तिराहा से होते हुए पुलिस लाइन्स तक पहुंची। तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों को यातायात माह के प्रति जागरुक कर उन्हें सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित यात्रा हेतु सदैव दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को मानक वाले हेलमेट अवश्य पहने, चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट लगाने, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, शराब पीकर, नशे में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय फोन में बात तथा चैटिंग न करने, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहने, सदैव सुक्षित व सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स हर्षित चौहान, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगत राम कनौजिया, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर आलोक मणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार व विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक तथा समाजसेवी व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हादसे में एमबीबीएस छात्र की मौत के बाद हंगामा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

नवाबगंज। स्कूटी सवार एमबीबीएस छात्र की मार्ग दुर्घटना में मौत के बाद गुरुवार रात साथी छात्रों ने मेडिकल कॉलेज परिसर में हंगामा कर दिया। एक दर्जन वाहनों में तोड़फोड़ की। पुलिस से झड़प हुई। शुक्रवार सुबह भी जब मामला गरमाया तो चेयरमैन ने नाम कटाने की चेतावनी देकर छात्रों को शांत किया। चेयरमैन ने 30 लाख मुआवजा और एयर लिफ्ट का खर्च देने का आश्वासन दिया है।

शिव मंदिर बाला जी गली राजा, औरंगाबाद, महाराष्ट्र निवासी मयूर (28) पुत्र दादाराव खारे सोहरामऊ के सरस्वती मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस तृतीय वर्ष का छात्र था। उसने साल 2021 में प्रवेश लिया था। यहीं कैंपस में रहता था। गुरुवार शाम वह अपने साथी के साथ नवाबगंज टोल प्लाजा के पास स्थित ढाबे पर खाना खाने गया था। लौटते समय शाम करीब साढ़े सात बजे टोल प्लाजा से कुछ आगे कानपुर-लखनऊ हाईवे पर वाहन ने मयूर की स्कूटी में टक्कर मार दी थी। हादसे में मयूर और साथी दोनों घायल हो गए। मयूर को पहले मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां हालात गंभीर देख लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया

# यमराज और चित्रगुप्त के साथ सड़क पर उतरे थाना प्रभारी गजेन्द्र




जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

बड्डूपुर। कुर्सी थाना प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को चलाया गया यातायात जागरूकता अभियान जिसमें यमराज और चित्रगुप्त के स्वरूप में निकले कलाकारों ने कस्बा कुर्सी व टिकैतगंज में कुर्सी पुलिस टीम के साथ जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान यातायात सुरक्षा अभियान में राहगीरों और वाहन चालकों से यह अपील की गई की दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का सदैव उपयोग करें, चारपहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें। शराब, मादक पदार्थ सेवन कर वाहन न चलाएं साथ ही वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करते रहें अन्यथा यमराज हर कदम पर आपकी प्रतीक्षा में है। वहीं यमराज का स्वरूप धारण किए बैना ताला निवासी कौशल सिंह ने वाहन को रोकते हुए बताया की पुलिस से तो बच जाओगे यमराज से कैसे बचोगे चित्रगुप्त जरा फाइल खोलो देखो इनका जीवन समय पुरा हो चुका है क्या ? इस नुक्कड नाटक आयोजन को देखने की भीड़ लगी रही, यातायात जागरूकता के इस अभियान में कुर्सी थाना प्रभारी ने दर्जनों दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट भी भेंट किया। इस दौरान उप निरीक्षक रणवीर सिंह, उमाशंकर, के के तिवारी, मनोज कुमार, धनंजय सिंह, जगवेंद्र, समाजसेवी मुकेश सिंह, दीपक यादव, उमेश यादव, विनोद यादव आदि सामिल रहे।

# महाराष्ट्र में 5 दिसंबर को शपथ ग्रहण

■ शिंदे की तबीयत बिगड़ी, मुंबई से गांव भेजे गए डॉक्टर्स; भाजपा विधायक दल की बैठक टली

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आए 7 दिन बीत चुके हैं। भाजपा, शिवसेना शिंदे और हृष्क्र अजित पवार गुट यानी महायुति ने 288 में से 230 सीटें जीतीं, लेकिन अब तक शपथ पर सस्पेंस बना हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम का पद लेने को तैयार हैं, लेकिन गृह मंत्रालय पर अड़े हुए हैं। 29 नवंबर को शिंदे दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद मुंबई लौटे और सभी कार्यक्रम रद्द कर अपने गांव सातारा निकल गए। गांव में उनकी तबीयत बिगड़ गई है। मुंबई से डॉक्टरों की टीम पहुंची है। इस बीच, भाजपा विधायक दल की बैठक भी दो दिन आगे बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, 1 दिसंबर को होने वाली बैठक अब 3 दिसंबर को होगी। इस दिन दिल्ली से दो ऑब्जर्वर मुंबई आएंगे और विधायकों से चर्चा के बाद आधिकारिक रूप से ष्टरू फेस अनाउंस करेंगे। उधर, भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने भास्कर को बताया कि संघ से हरी झंडी मिलने के बाद सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम फाइनल कर दिया गया है। शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को दोपहर 1 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। शिवसेना और एनसीपी की ओर से एक-एक डिप्टी सीएम भी शपथ लेंगे। इस बीच शिवसेना विधायक संजय शिरसाट ने कहा- शिंदे को जब भी कोई बड़ा फैसला लेना होता है तो वे अपने पैतृक गांव चले जाते हैं। वे आज शाम तक कोई बड़ा फैसला ले लेंगे। इससे पहले शिरसाट ने कहा था कि मुझे नहीं लगता कि शिंदे डिप्टी ष्टरू का पद स्वीकार करेंगे। शिवसेना के कुछ नेताओं का कहना है कि महायुति को इतनी बड़ी जीत शिंदे की अगुआई में मिली, इसलिए बिहार की तर्ज पर उन्हें मुख्यमंत्री होना चाहिए। बिहार में जदयू की कम सीटें हैं फिर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। वहीं, पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि शिंदे को डिप्टी ष्टरू बनना चाहिए।

### गृह और वित्त मंत्रालय पर बात अटकी

शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। वो इस मंत्रालय को छोड़ना नहीं चाहते हैं। वहीं शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी ष्टरू का पद हमें मिल रहा है तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए। शाह के साथ बैठक में भी इसका हल नहीं निकल पाया। पहले गृह मंत्रालय देवेन्द्र फड़णवीस के पास था। इसलिए फड़णवीस किसी भी हालत में गृह मंत्री का पद छोड़ने को तैयार नहीं हैं। माना जा रहा है कि इस विवाद के चलते शाह की बैठक में कैबिनेट गठन पर कोई समाधान नहीं निकल सका। एक्सपर्ट्स भी मानते हैं कि बीजेपी गृह मंत्री का पद कभी हाथ से नहीं जाने देगी। सूत्रों के मुताबिक, शाह से चर्चा के बाद भी विभागों को लेकर गठबंधन में खींचतान मची हुई है। भाजपा गृह, राजस्व, उच्च शिक्षा, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। उन्होंने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है। वहीं एनसीपी अजित गुट को वित्त, योजना, सहयोग, कृषि जैसे विभाग देने की पेशकश की है।

### महाराष्ट्र रिजल्ट के 7 दिन बीते, नई सरकार पर सस्पेंस

- **23 नवंबर:** महाराष्ट्र विधानसभा का रिजल्ट आया। महायुति को 230 सीटों पर जीत हासिल हुई। भाजपा ने 132, शिवसेना ( एकनाथ शिंदे) ने 57 और एनसीपी (अजित पवार) ने 41 सीटें जीतीं। शिंदे बोले थे, सीएम तीनों पार्टियां मिलकर तय करेंगी। फडणवीस ने कहा था, एक हैं तो सेफ हैं।
- **25 नवंबर:** 1 मुख्यमंत्री और 2 डिप्टी सीएम का फॉर्मूला तय हुआ। महायुति की पार्टियों में हर 6-7 विधायक पर एक मंत्री पद के फॉर्मूला की बात सामने आई। इस हिसाब से भाजपा के 22-24, शिंदे गुट के 10-12 और अजित गुट के 8-10 विधायकों को मंत्री बन सकते हैं।
- **27 नवंबर:** ठाणे में कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि भाजपा का सीएम हमें मंजूर है। मुझे पद की लालसा नहीं। जब मैं मुख्यमंत्री था तब मोदी जी मेरे साथ खड़े रहे। अब वो जो फैसला लेंगे स्वीकार होगा।
- **28 नवंबर:** एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने दिल्ली में करीब ढाई घंटे तक गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ मीटिंग की। शिंदे ने आधे घंटे तक शाह से अकेले मुलाकात की। हाईकमान ने शिंदे को डिप्टी सीएम या केंद्र में मंत्री पद का ऑफर किया है।
- **29 नवंबर:** महायुति (भाजपा+शिवसेना शिंदे गुट+एनसीपीअजित पवार) की बैठक टाल दी गई। एकनाथ शिंदे अचानक सातारा चले गए। शिवसेना मुख्यमंत्री पद के बदले गृह और वित्त मंत्रालय मांग रही है। शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा- अगर शिंदे डिप्टी सीएम का पद स्वीकार नहीं करते हैं तो पार्टी से ही दूसरा चेहरा ये पद संभालेगा।

### महाराष्ट्र कैबिनेट का फॉर्मूला क्या होगा

नई सरकार में ष्टरू और दो डिप्टी ष्टरू के साथ 43 मंत्री शामिल होंगे। इनमें भाजपा को 20-23, शिंदे गुट को 11 और अजित गुट को 9 मंत्री पद मिलने की संभावना है। इससे पहले शिंदे सरकार में 28 मंत्री थे और शिंदे के पास सबसे ज्यादा 11, भाजपा के पास 9 और अजित पवार गुट के पास 8 मंत्री थे। इस समय भाजपा विधायकों की संख्या ज्यादा होने से मंत्रियों की संख्या भी बढ़ेगी। इसके अलावा नाराज एकनाथ शिंदे को मनाने के लिए भाजपा ने उन्हें केंद्र में एक मंत्री पद ऑफर किया है। उनके बेटे श्रीकांत या पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मोदी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इसके अलावा चर्चा इस बात की भी है कि अजित गुट की मोदी कैबिनेट में एक सीट खाली है। प्रफुल्ल पटेल मंत्री बन सकते हैं। शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत बोले... मोदी-शाह के आदेश के बाद भी भाजपा की ऐसी क्या मजबूरी है कि रिजल्ट के 8 दिन बाद भी नई सरकार पर फैसला नहीं हो पाया है। भाजपा 132 विधायकों के साथ बहुमत के करीब है। महायुति 200 से ऊपर का बहुमत है। कार्यवाहक सीएम गांव जाकर बैठे हैं। नया सीएम कौन होगा। सरकार शपथ कब लेगी।

# बेरोजगारी के कारण बारह घंटे काम करने के लिए मजबूर सुरक्षा गार्ड



**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

कड़कड़ाती ठंड हो या तूफ़ानी बारिश, झुलसती गर्मी हो या रात का घना अँधेरा, महीने भर दिन रात करते हैं काम और मुस्तैद काम के बदले मिलता हैं केवल तनाव असुरक्षा और रहिशजादो की कड़वी बातें। जी हां सभ्य समाज में आज बड़े बड़े लोग छोटे रोजगार वालों के साथ कुछ ऐसा ही सलूक करते हैं। परिवार पालने की विवशता और बेरोजगारी से माहौल में सब कुछ सहने को विवश है सुरक्षा गार्ड । पुलिस की सुरक्षा भले चूक जाए उतना उधम नहीं कोई मचाता अगर सोसायटी में कुछ हो जाए तो गार्डों और मालिकों की खैर नहीं। ग़ाज़ियाबाद ज़िले में बिना पंजीकरण के बड़ी संख्या में सिक्यूरिटी कंपनी संचालित हो रही हैं। जहां इन्हें केंद्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से घोषित न्यूनतम मजदूरी और जीवन सुरक्षा संबंधी इंश्योरेंस की व्यवस्था तक उपलब्ध नहीं है। जबकि उनसे 8 की बजाय 12 - 12 घंटे दैनिक काम कराया जा रहा है। वेतन बढ़ाने की मांग करने पर उन्हें काम से निकालने की धमकी तक दी जाती है व मुस्तैद ड्यूटी के दौरान आए दिन लोगों से झगड़ों के कारण मानसिक तनाव अलग से झेलना पड़ता है। शहर की बड़ी-बड़ी हाउसिंग सोसाइटियों, राज्य व केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यों, घरों, व्यवसायिक संस्थानों एवं कार्यालयों में गार्ड भेज कर सिक्यूरिटी कम्पनियां इनके वेतन से ही मोटी कमाई करके मालामाल हो रही हैं। जबकि सुरक्षा में लगा गार्ड बस परिवार के भरण पोषण भर कर पाता है। सिक्यूरिटी के कार्य में लगी काई कंपनिया शहर में आकर्षक बोर्ड लगाकर नौकरी के लिए आने वालों को सारी सुविधा देने का प्रलोभन दिया जाता है । लेकिन काम शुरू करने के बाद उनका शोषण शुरू हो जाता है। नौकरी के बाद ईएसआइ एवं पीएफ तो दूर की बात, उन्हें अकुशल व कुशल श्रमिक के रूप में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन का पूरा हिस्सा भी नहीं मिल पाता। अधिकतर सिक्यूरिटी कंपनियों में न्यूनतम वेतन के नियमों की बड़ी विसंगतियां हैं। सिक्यूरिटी कम्पनी तथा कार्य आवंटन करने वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के कारण गार्ड न्यूनतम सुविधा व तनख्वाह पाने से वंचित हो रहे हैं। नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। श्रम विभाग से शिकायत करने के बावजूद भी श्रम विभाग के अधिकारी ऐसे संस्थानों में जाकर जाँच नहीं करते। कई सुरक्षा गार्ड को 12 घंटे का केवल 250 रुपया प्रतिदिन दिया जा रहा हैं जबकि केंद्र सरकार ने श्रमिकों की मजदूरी दर में 1 अक्टूबर 2024 से महत्वपूर्ण वृद्धि की है। नई दरों के अनुसार अकुशल, अर्ध-कुशल, कुशल और अत्यधिक कुशल श्रमिकों के लिए यह राशि कैटेगरी ए, बी व सी के अनुसार क्रमशः 20,358, 22,568 एवं 24,804 निर्धारित की गई है। उच्च कौशल वाले श्रमिक और सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों को 1,035 प्रतिदिन यानी 26,910 प्रति माह तक निर्धारित है। लेकिन उसके अधिकारों का हनन हो रहा है । यह कैटेगरी सरकार श्रमिकों की जीवन-यापन की लागत को ध्यान में रखकर तैयार करती हैं। जिले के प्रशासनिक आधिकारियों सहित शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर अपेक्षित है।जिससे अत्यंत कमज़ोर तबका भी शासन की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से लाभान्वित होकर समाज में ढंग से जीवन यापन कर पाए।

### लोभ-लालसा में.....!

वर्षों से....! सुनता चला आ रहा हूँ
कि... ले रहा समाज अब अँगड़ाई
है... पर समझ न पाया प्यारे मित्रों,
यह कैसी घड़ी विकास की आई है...
खूब धड़ल्ले से....! बिक रहे हैं डॉक्टर
बाबू, बिक रही यहाँ दवाई है.... बिक
रहे हैं मास्टर बाबू भी... और बिक
रही यहाँ पढ़ाई है.... खेल-खिलाड़ी
भी हैं बिकते दिखते जीत-हार
की...कोई नहीं लड़ाई है... हर कोई है
खुद में सिकंदर, हर कोई उम्दा सा
जुआरी है... तय करना मुश्किल है
प्यारे...कि... नाच रहा है बंदर...या
फिर...! नाच रहा खुद ही मदारी है....
आसानी से खबर बिक रही है,
अखबारों की यह सच्चाई है.....
बिकता दिखता लोकतंत्र भी...!
जिनकी जग में होती रही बड़ाई है....
एक अचम्भा और कहूँ मैं....! बिकते
दिखते है साधु-सन्यासी, और धर्म
बिक रहा एग्ज़ाई है..... हुआ विकास
इतना है मित्रों, कि पंख लगाए
महंगाई है...और... भविष्य सुरक्षित
करने को....! सब कर रहे उल्टा-
सीधा कमाई है... बहुत कठिन है अब
तो मित्रों यह तय कर पाना इस जग
में, कौन किसी का....! कितना सगा
सा भाई है.... क्योंकि नफरत के इस
बाजार में बिकने को तैयार खड़ी.....!
अपनी ही परछाई है..... और कहूँ
क्या मैं मित्रों.... गौर से देखो तो
सबकी दुनिया अब हुई हवा हवाई
है.... अनायास ही...औ अकसर
ही....! होती सबकी जग-हँसाई है....
परिवर्तन इतना देख रहे हैं सब ही
कि खुद की बनी मिठाई....! प्रेम से
खा रहा...अब हलवाई है.... सच पूछो
तो हर व्यक्ति यहाँ, अब हो गया



व्यवसायी है.... लोभ-लालसा में हर
कोई, अव्वल दर्जे का कसाई है...

**रचनाकार**
जितेन्द्र कुमार दुबे
अपर पुलिस उपायुक्त, लखनऊ

# यति नरसिंहानंद गिरि विश्व धर्म संसद को लेकर फिर हुए सक्रिय

■ शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस नहीं दे रही अनुमति

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि के

हमेशा अपने कार्यों और बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले गाजियाबाद स्थित शिव शक्ति धाम डासना देवी मंदिर प्रमुख यति नरसिंहानंद गिरि एक बार फिर 17 दिसंबर को गाजियाबाद में विश्व धर्म संसद आहूत करने को लेकर सुर्खियों में हैं। जबकि जिले का पुलिस प्रशासन शांति और सुरक्षा के लिए किसी भी स्थिति से निबटने को तैयार है। गाजियाबाद पुलिस द्वारा महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि के आयोजन की अनुमति भी नहीं दिया है। जिसके पीछे जिले की शांति व्यवस्था को आधार माना जा रहा है। जिसके कारण यह कार्यक्रम 2 बार टाला जा चुका है । पहले यह 4 अक्टूबर को कौशांबी रेडिशन ब्लू होटल में आयोजित होने वाला था । लेकिन प्रशासनिक अनुमति नहीं होने कारण यह फिर आगे बढ़ गया है ।

पूरे देश में लगातार हिन्दू धार्मिक एकता के प्रचार प्रसार को लेकर साधु संत और संगठन लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इसी क्रम में दिल्ली में पिछले दिनों विख्यात संत कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर द्वारा दिल्ली में विश्व धर्म संसद का आयोजन किया था। उसके बाद प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा ÷हिन्दू एकता यात्रा÷ के माध्यम से पूरे देश में हिंदू समाज को एकजुट करने का कार्यक्रम चला रहे है । 160 किमी लंबी यात्रा अब ओरछा में समाप्त हो गई है।

इसी क्रम में यति नरसिंहानन्द गिरी और उसके समर्थकों द्वारा विश्व धर्म संसद आहूत किया गया था । जिसका पहले आयोजन शिव शक्ति धाम डासना मंदिर परिसर में ही रखा गया था । डासना मंदिर के महंत के पूर्व की ओर गतिविधियों और जिले की कानून व्यवस्था पर पड़ने वाले असर को देखते हुए जिला के पुलिस प्रशासन ने अनुमति नहीं दिया। जिसके कारण कार्यक्रम स्थल बदलकर कौशांबी स्थित रेडिशन ब्लू होटल किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम संयोजिका और भाजपा नेत्री उदिता त्यागी को कौशांबी पुलिस द्वारा नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया। जिसके बाद से ही इस कार्यक्रम को लेकर अंदर खाने रस्साकस्सी जारी है।

डासना प्रमुख का विवादों से पुराना नाता रहा है। जिसको लेकर भी कई बार विवाद हो चुके हैं। इसलिए पुलिस प्रशासन किसी तरह की अशांति जनपद में पैदा नहीं होने देना चाहता है।

जबकि यति नरसिंहानन्द गिरी समर्थक आयोजक की माने तो हम तो केवल इस्लामिक जिहाद और उसके संपूर्ण मानवता पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा करने को यह धर्म संसद बुलाया है। जिसमें 40 देशों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। लेकिन प्रशासनिक अनुमति के कारण यह लगातार आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम संयोजिका और भाजपा नेत्री उदिता त्यागी लगातार पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों से मिलकर अनुमति का प्रयास आकर रही हैं।लेकिन अनुमति मिलने में हो रही देरी को लेकर अपना विरोध भी दर्ज करने से नहीं चूक रही। जबकि गाजियाबाद पुलिस प्रशासन जिले की शांति व्यवस्था को पहली प्राथमिकता की बात लगातार कह रहा है।

# मणिपुर पुलिस-विधायकों के घर हमला करने वाले 8 उग्रवादी गिरफ्तार

■ मैतेई-कुकी संगठनों के चीफ एनआईए के रडार पर, मेघालय सीएम बोले, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल**



मणिपुर में पुलिस और विधायकों के घर तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप में अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले 16 नवंबर को इंफाल वेस्ट के पटसोई पुलिस ने विधायकों के घर आग लगाने के आरोप में एक आरोपी को पकड़ा था। बाकी को 27 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। उधर, मणिपुर में हाल में हुई हिंसक घटनाओं के बाद मैतेई संगठन अरामबाई टेंगोल के सुप्रीमो कोरो नगनबा खुमान और कुकी संगठन के प्रमुख एनआईए की रडार पर हैं। एनआईए मणिपुर में सुरक्षा बलों पर हमलों और आईईडी विस्फोट के चार मामलों की जांच कर रही है। इनमें इंफाल में फर्स्ट मणिपुर राइफल्स कैंपस से हथियार और गोला-बारूद की लूट, मोरेह में चौकी पर हमला और बिष्णुपुर में आईईडी विस्फोट शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने हाल ही में एनआईए को चारों मामलों की जांच करने कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इन मामलों को इंफाल की एनआईए कोर्ट से गुवाहाटी की एनआईए स्पेशल कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया है। मैतेई समुदाय की 6 महिलाओं और बच्चों के शव नदियों में पाए जाने के बाद गुस्साई भीड़ ने इंफाल घाटी में कई विधायकों के घरों में तोड़फोड़ की थी। 11 नवंबर को जिरीबाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद कुकी उग्रवादियों ने 6 लोगों का अपहरण कर लिया था। बाद में हुई गोलीबारी में दस कुकी विद्रोही भी मारे गए थे।

### मणिपुर का मिजोरम सीएम लालदुहोमा को जवाब, अच्छे पड़ोसी बनें

मणिपुर सरकार ने शनिवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा के उस बयान का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि एन. बीरेन सिंह राज्य और उसके लोगों, साथ ही बीजेपी के लिए बोझ हैं। उनके प्रशासन की तुलना में राष्ट्रपति शासन भी बेहतर होगा। वह 18 महीने से मणिपुर में हो रही हिंसा को रोकने में असमर्थ हैं। दरअसल, मणिपुर हिंसा को लेकर लालदुहोमा ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में मणिपुर के सीएम एन. बीरेन सिंह पर निशाना साधा था। इसी बयान पर मणिपुर सरकार ने कहा- अपनी टिप्पणियों से नफरत और विभाजन की आग भड़काने के बजाय, वे एक अच्छे पड़ोसी बनकर बेहतर राजनेता बनें। मणिपुर सरकार ने कहा - भारत को म्यांमार, बांग्लादेश के निकटवर्ती क्षेत्रों को मिलाकर कुकी-चिन ईसाई देश बनाने के एजेंडे से सावधान रहना चाहिए। यह बयान मणिपुर के लिए गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ सकती है और राष्ट्रीय एकता को चुनौती मिल सकती है।

# अडाणी के लिए कानून अलग: राहुल

## मोदी जी कहते हैं अमेरिका में भले केस चले, भारत में नहीं चलेगा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वायनाड**

### प्रियंका गांधी के भाषण की 2 बड़ी बातें...

- प्रियंका बोलीं- राजनीतिक लड़ाई में भाजपा कोई नियम नहीं मानती आज हम (भाजपा से) जिन राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वे लैंडस्लाइड की तरह हैं। कोई नियम नहीं हैं। कोई स्पष्टीकरण नहीं है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा किसी भी लोकतांत्रिक मानदंडों को नहीं जानती, यहां तक कि उन नियमों का भी पालन नहीं होता। जिनका हम आम तौर पर राजनीतिक लड़ाई में पालन करते हैं।
- प्रियंका ने सांसद बनने पर वायनाड की जनता को धन्यवाद दिया प्रियंका ने कहा- मैं सबसे पहले सांसद बनाने पर आप सभी को धन्यवाद देती हूं। आपको पता होगा कि मैंने पिछली रैली में कहा था, मैं 35 साल से चुनाव प्रचार कर रही हूं। पहली बार अपने लिया किया। मैं आपकी बात संसद तक पहुंचाएंगी। आज से लेकर हर दिन मेरा बस सही मकसद है। मैं और राहुल वायनाड लैंडस्लाइड के पीड़ितों से मिले। इस आपदा ने दिखाया कि यहां के लोगों के अंदर कितना जज्बा है।

प्रियंका गांधी सांसद बनने के बाद आज पहली बार केरल के वायनाड पहुंची। उनके साथ राहुल गांधी भी थे। राहुल ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर अडाणी का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा-संविधान कहता है कि सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अडाणी के साथ हर दूसरे भारतीय से अलग व्यवहार किया जाएगा। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भले अमेरिका में केस चले, भारत में हम उन पर केस दर्ज नहीं करेंगे। राहुल के अलावा प्रियंका ने भी रैली को संबोधित किया। प्रियंका ने मलप्पुरम में भी रैली की। वहां उन्होंनें कहा- पिछले एक हफ्ते से संसद नहीं चल रही है क्योंकि वे (केंद्र सरकार) कुछ मुद्दों पर चर्चा करने से भी डरते हैं। वे इस देश की सारी शक्ति और संसाधन अपने दोस्तों को देते हैं। केरल के वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी को जीत मिली थी। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने पर यहां उपचुनाव हुए थे। राहुल बोले- संसद में हम सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, लाखों लोगों की भावना हैं हम संसद में सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि उससे भी बढ़कर हम वायनाड के लोगों के दिलों की भावनाओं को वहां रखते हैं। वायनाड के लोगों ने हम पर भरोसा किया है और माना है कि हम भारत की संसद में उनकी भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब मैं वायनाड में किसी बच्चे को देखता हूँ, तो मुझे याद आता है कि उसके माता-पिता ने मुझे लोकसभा में भेजा है, और उनकी देखभाल करना मेरी जिम्मेदारी है। अगर मैं उनके चेहरों पर मुस्कान ला सकता हूँ, तो मुझे तुरंत ऐसा करना चाहिए। राहुल ने कहा- केंद्र में नहीं लेकिन सरकार पर दबाव जरूर बनाएंगे मैं मुंडक्कई और चूरलमाला के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देकर अपनी बात शुरू करना चाहूंगा। हम सभी उन लोगों के साथ खड़े हैं जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, संपत्ति को खो दिया है और जो पीड़ित हैं। जब मैं यहां आ रहा था, तो हम इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि हम उन लोगों के लिए क्या कर सकते हैं जो वायनाड लैंडस्लाइड के पीड़ित हैं। दुर्भाग्य से, चूंकि हम सरकार में नहीं हैं, इसलिए हम सत्तारूढ़ सरकार के समान कार्रवाई नहीं कर सकते। इसलिए, कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ के प्रत्येक सदस्य को पीड़ितों की मदद के लिए सरकार पर दबाव डालना चाहिए।

# कश्मीर में -3.4 डिग्री, एमपी में 36 साल का रिकॉर्ड टूटा

## हिमाचल में 3 दिन बर्फबारी का अलर्ट, 5 राज्यों में कोहरे की चेतावनी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बर्फबारी के कारण देश के उत्तरी राज्यों में ठंड का असर बरकरार है। उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, बिहार, पंजाब और हरियाणा में घने कोहरे का भी अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के पांच जिले किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और चंबा में 3 दिन तक बर्फबारी का अलर्ट है। इन जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है। उधर, कश्मीर में ठंड लगातार बढ़ जा रही है। पहलगाम में रात का तापमान माइनस 3.4 डिग्री तक पहुंच गया है। श्रीनगर में तापमान माइनस 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उत्तरी राज्यों में बर्फबारी के कारण ठंडी हवाओं से मध्य प्रदेश में भी तापमान गिर रहा है। भोपाल में नवंबर का महीना 36 साल में सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां पारा 8.2 डिग्री पहुंच चुका है। बंगाल की खाड़ी से उठे साइक्लोन फेंजल के असर के कारण तमिलनाडु के कई जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां पिछले 4 दिनों से लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात भी बन गए हैं। कई जिलों के स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई है। NDRF और SDRF की कई टीमें रेस्क्यू के लिए तैनात हैं।

### दिल्ली में सीजन की सबसे सर्द रात

दिल्ली में 2 दिन पहले यानी 28 नवंबर को इस सीजन की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 21 नवंबर की रात 10.2 डिग्री सेल्सियस और 27 नवंबर को 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। न में दिल्ली का अधिकतम तापमान नॉर्मल से एक डिग्री ज्यादा 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह इस सीजन का दूसरा सबसे कम तापमान है। सबसे ठंडे दिन का तापमान 19 नवंबर को 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### केजरीवाल पर पदयात्रा के दौरान लिक्विड फेंका, आरोपी की समर्थकों ने पिटाई की, हिरासत में लिया, आप बोली, बीजेपी ने हमला कराया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एक शख्स ने लिक्विड फेंका। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इसे स्याही तो कुछ में इसे पानी बताया जा रहा है। हालांकि, समर्थकों ने मौके पर ही आरोपी की पिटाई कर दी। दिल्ली पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है। इससे पहले छतरपुर-नांगलोई में भी केजरीवाल के साथ ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा नेता सभी राज्यों में हमारी रैलियां निकालते हैं, उन पर कभी हमला नहीं होता। केजरीवाल पर लगातार हमले हो रहे हैं। बीजेपी ने उन पर हमला बोला है। नांगलोई और छतरपुर में उन पर हमला हुआ। उन्होंने आगे;- दिल्ली में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है और केंद्र सरकार और गृह मंत्री कुछ नहीं कर रहे हैं। शराब नीति केस में 13 सितंबर को जेल से छूटने के बाद अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद आतिशी ने 21 सितंबर को नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। अक्टूबर से केजरीवाल दिल्ली में पदयात्रा कर रहे हैं। दिल्ली में विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। यानी अगले साल जनवरी में किसी भी समय विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। फरवरी में चुनाव होंगे और नई सरकार का गठन होगा। दिल्ली की सीएम आतिशी ने 25 अक्टूबर को दावा किया था कि विकासपुरी इलाके में भाजपा के लोगों ने अरविंद केजरीवाल पर जानलेवा हमला किया। आतिशी ने कहा कि इस हमले में केजरीवाल के साथ कुछ भी हो सकता था। अगर उनके पास हथियार होते तो अरविंद केजरीवाल की जान भी जा सकती थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुखः संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)